धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

सुप्रभात रांची, मंगलवार 07.03.2023 फाल्गुण, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2079 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 233 | * नगर संस्करण, पेज : 12

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007 BACET
Flagship Courses : B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442533
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## सूचना और शुभकामनाएं

रंगों के त्योहार होली पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर-एजेंट बंधुओं और तमाम शुभेच्छुओं को **खबर मन्त्र** परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

होली के मौके पर खबर मन्त्र कार्यालय और प्रेस 7 और 8 मार्च को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक पाठकों को 10 मार्च (शुक्रवार) को मिलेगा। -सं.

**न्यूज डायरी**

### माणिक साहा होंगे त्रिपुरा के अगले सीएम

**अगरतला।** त्रिपुरा के अगले मुख्यमंत्री का फैसला हो चुका है। अगले मुख्यमंत्री के रूप में भाजपा ने माणिक साहा पर भरोसा जताया है। बुधवार को माणिक साहा मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण करने वाले हैं। शपथ ग्रहण के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहेंगे। श्री साहा दूसरी बार राज्य में सरकार की कमान संभालने वाले हैं। भाजपा विधायक दल की सोमवार शाम हुई बैठक में माणिक साहा के नाम पर सहमति बनी।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 52,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 68,000 रु./प्रति किलो |



**तीर्थनगरी मथुरा में होली की धूम....** वृंदावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। श्रद्धालुओं पर जमकर रंग-गुलाल और टेसू के फूलों के रंग की बौछार की। रविवार को भी होली का उत्सव मनाया गया था और भक्तों पर रंगों की बारिश भी की गयी थी। सेवायतों ने स्वर्ण और रजत पिचाकारियों से भक्तों पर रंग डाला गया।

## पूछताछ में डीएसपी प्रमोद मिश्र ने इडी को बताया

# क्लीनचिट देने का था दबाव

■ बड़हरवा टोल प्लाजा प्रकरण में तीसरे समन पर पहुंचे थे डीएसपी

■ 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में हुई थी जांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** साहिबगंज के बड़हरवा टोल प्लाजा विवाद मामले में पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम को क्लीन चिट देने के मामले में बड़हरवा के तत्कालीन डीएसपी प्रमोद कुमार मिश्रा से सोमवार को इडी कार्यालय में घंटों पूछताछ की गयी। पूछताछ में उन्होंने इडी अफसरों को बताया कि बड़हरवा टोल प्लाजा में आरोपियों को क्लीन चिट देने के लिए दबाव दिया गया था। जांच में उन्होंने आरोपियों को दोषी पाया था, लेकिन दबाव के कारण उन्हें क्लीन चिट देनी पड़ी। (शेष पेज 11 पर)

### इडी ने दो बार पहले भी समन भेजा था



इडी ने बड़हरवा टोल प्लाजा विवाद मामले में एसडीपीओ को दो बार पहले भी समन भेजा था, लेकिन वह नहीं हाजिर नहीं हुए। जब उन्हें तीसरा समन भेजा गया, तब वे सोमवार को इडी दफ्तर पहुंचे। प्रमोद मिश्रा बड़हरवा टोल केस की जांच में शामिल थे। इस केस में पंकज मिश्रा और मंत्री आलमगीर आलम आरोपी हैं। केस के शिकायतकर्ता शंभुनंदन ने आरोप लगाया था कि टोल मामले में श्री मिश्रा और श्री आलम ने धांधली की और उनके साथ मारपीट भी की।

**सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी थी याचिका :** राज्य सरकार ने इडी के अधिकारों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, उनकी याचिका एक दिन पहले ही खारिज हो चुकी है। उनपर आरोप है कि बड़हरवा के उक्त केस में उन्होंने 24 घंटे के भीतर आरोपित मंत्री आलमगीर आलम व पंकज मिश्रा को क्लीन चिट दे दी थी। बड़हरवा के टोल प्लाजा टेंडर विवाद में मारपीट, धमकी मामले में 22 जून 2020 को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। अगले ही दिन यानी 23 जून को महज 24 घंटे के भीतर कांड के पर्यवेक्षणकर्ता प्रमोद कुमार मिश्रा ने दोनों को क्लीन चिट दे दी थी।

## लैंड फॉर जॉब स्कैम में राबड़ी देवी से सीबीआइ की पूछताछ

■ पूर्व सीएम बोलीं, ये सब चलता रहता है

■ आज लालू- मीसा से पूछताछ संभव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में एक बार फिर राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद की पत्नी और पूर्व सीएम राबड़ी देवी के आवास पर सीबीआइ ने छापेमारी कर उनसे करीब चार घंटे पूछताछ की। सुबह ही राबड़ी आवास सीबीआइ अधिकारी पहुंचे थे। इस दौरान राबड़ी देवी की सुरक्षा में लगे सभी सुरक्षाकर्मियों को आवास के बाहर निकाल दिया गया था। ये पूछताछ जमीन के बदले रेलवे में नौकरी (लैंड फॉर जॉब स्कैम) देने के मामले में हुई। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने पहले ही इसके लिए नोटिस जारी कर दी थी। राबड़ी से पूछताछ के बाद टीम यहां से निकल गयी। दिल्ली में मंगलवार को लालू यादव और मीसा भारती से भी सीबीआइ पूछताछ कर सकती है। (शेष पेज 11 पर)

## रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड में एनआइए को सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# अक्टूबर तक ट्रायल पूरी करें

■ मुख्य साजिशकर्ता राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री सह तमाड़ के तत्कालीन विधायक रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में एनआइए कोर्ट, रांची को अक्टूबर 2023 तक ट्रायल पूरा लेना है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले के मुख्य साजिशकर्ता गोपाल सिंह पातर उर्फ राजा पीटर की जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान ट्रायल कोर्ट को यह निर्देश दिया है। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट से राजा पीटर की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि करीब 11 माह में एनआइए कोर्ट, रांची इस मामले में ट्रायल पूरा नहीं करती है तो वह जमानत के लिए दोबारा सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सकते हैं। इस हत्याकांड में राजा पीटर को मुख्य साजिशकर्ता मानते हुए एनआइए ने उन्हें 9 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार किया था, तब से वह जेल में हैं। एनआइए ने करीब 5 प्रोटेक्टेड गवाह की गवाही भी करायी है। एनआइए ने 28 जून 2017 को मामले को टेकओवर किया है। ज्ञात हो कि 9 जुलाई 2008 को बुंडू के एसएस हाइस्कूल में एक समारोह के दौरान रमेश सिंह मुंडा सहित चार की हत्या कर दी गयी थी। (शेष पेज 11 पर)


## पहली गोली मारनेवाला शूटर उस्मान भी एनकाउंटर में ढेर

**प्रयागराज (एजेंसी)।** उमेश पाल को गोलियों से भूनने वाले हत्यारे और शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान को पुलिस ने प्रयागराज मुठभेड़ में सोमवार की सुबह मार गिराया। सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा था कि गाड़ी रुकते ही उस्मान ने नजदीक जाकर पहली गोली उमेश पाल और उनके सरकारी गनर को मारी थी।

## हजारीबाग : डोभा में डूबकर दो की मौत

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के अलौंजा पंचायत के मदनपुर गांव में सोमवार को डोभा में नहाने के दौरान डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। दोनों आपस में भाई-बहन थे। मृतक मनोज यादव की बेटी सुमन कुमारी (12) और बेटा सौरभ कुमार (6) मवेशी चराने मदनपुर नदी किनारे गये थे, जहां डोभा में नहा रहे थे।



## कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा

**आम सूचना**

एतद् द्वारा गढ़वा जिला के आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि सुरक्षित जमा राशि के आलोक में जिला परिषद्, गढ़वा के अन्तर्गत निम्नांकित नावघाटों का वर्ष 2023–24 के लिए खुली डाक द्वारा दिनांक–20.03.2023 दिन–सोमवार को समय–11:00 बजे पूर्वाह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में बन्दोबस्ती की जायेगी।

जो व्यक्ति खुली डाक में भाग लेना चाहते हैं। वे निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व कार्यालय, जिला परिषद्, गढ़वा में जमानत की राशि जमा कर अपना नाम दर्ज करा लेंगे। डाक में उच्चतम बोली लगाने वाले डाक प्राप्तकर्त्ता को डाक के तुरंत बाद एक मुश्त डाक की राशि जमा कर देनी होगी एवं उन्हें नियमानुसार कार्यालय जिला परिषद्, गढ़वा में एकरारनामा करना होगा।

जिस व्यक्ति या संस्था के पास नावघाट बन्दोबस्ती की रकम पूर्व से बाकी होगी, उन्हें डाक बोलने का अधिकार नहीं होगा। डाक बोलने वाला व्यक्ति का आधार कार्ड का स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति एवं एक वर्ष के अंदर का आचरण प्रमाण–पत्र तथा ऑन लाईन निर्गत स्थानीय निवास प्रमाण–पत्र की प्रति जिला परिषद कार्यालय, गढ़वा में जमा करना अनिवार्य है।

बिना कोई कारण बताये डाक को रद्द करने के लिए अधोहस्ताक्षरी सक्षम हैं।

बन्दोबस्ती लेनेवाले व्यक्ति या संस्था को बंगाल फेरी अधिनियम के अन्तर्गत बने नियमों का अक्षरशः पालन करना होगा। निम्न घाट सोन नदी पर स्थित है।

| क्र0 सं0 | घाट का नाम | नदी का नाम | प्रखण्ड का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि(15%) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | हरिहरपुर | सोन नदी | काण्डी | 874000.00 | 131100.00 |
| 2. | पाचाडुमर घाट | सोन नदी | केतार | 201250.00 | 30188.00 |
| 3. | परती घाट | सोन नदी | केतार | 33063.00 | 4960.00 |
| 4. | खोखा | सोन नदी | खरौंधी | 46115.00 | 6918.00 |
| 5. | खैरवा (कधवन) | सोन नदी | केतार | 149500.00 | 22425.00 |
| 6. | सुण्डीपुर | सोन नदी | काण्डी | 81075.00 | 12162.00 |
| 7. | सोनपुरा घाट | सोन नदी | काण्डी | 70297.00 | 10545.00 |
| 8. | गाड़ा कला घाट | सोन नदी | काण्डी | 106925.00 | 16039.00 |

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, गढ़वा

PR 291985 Rural Development (22-23)_D



## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 42 वर्ष 2022–23**

पत्रांक :– ............ / गुमला, दिनांक :– ..../...../2023.

1. विभाग का नाम :– जल संसाधन (लघु सिंचाई) विभाग, झारखंड सरकार, रॉंची।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र की विक्री की तिथि :– 16.03.2023 से 18.03.2023 तक (3:00 बजे अपराह्न तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एंव समय :– 20.03.2023 को 03:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 20.03.2023 को 3:30 बजे अपराहन्
6. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला। (2) सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई अनुमंडल, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एंव निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय परिसर, लघु सिंचाई प्रमंडल, गुमला।
8. परिमाण विपत्र का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट जों राष्ट्रीयकृत बैंक, गुमला में भुगतेय हो, मान्य होगा।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | योजना का नाम | प्रखंड | योजना मद का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा दाता की समुचित श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of P.C.C. Road At Chainpur Main Road to C.R.P.F. Campus & S.D.O. Residance, Block- Chainpur Dist. Gumla | चैनपुर | DMFT | 2129069.00 | 42600.00 | 5000.00 | तीन माह | श्रेणी–03 |
| 2 | Construction of P.C.C. Road At Both Out Sides fo Main Gate of Bazaar Samitee, Dist-Gumla. | गुमला | DMFT | 481743.00 | 9700.00 | 750.00 | दो माह | श्रेणी–04 |
| 3 | Construction of Deep Boring eith Soak-Pit At Chainpur Block Campus Near Indoor Stadium Block- Chainpur Dist. Gumla | चैनपुर | DMFT | 412026.00 | 8300.00 | 750.00 | दो माह | श्रेणी–04 |

**निविदा की शर्ते :–**

1. बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता से निर्गत हुआ हो तथा बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता अवधि निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह तक का हो, मान्य होगा।
2. निविदा में 10% न्युनतम दर से अधिक न्युनतम दर उद्घृत करने पर प्राक्कलित राशि का 20% अथवा 30% अतिरिक्त जमा राशि का डाकधर सावधी जमा पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
3. **जो निम्न है:–** 1. 10% से 20 प्रतिशत कम दर की राशि का 20% तक।
   2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत राशि देय होगा।
10. निविदा से संबंधित सभी सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचनापट पर देखा जा सकता है।

E-mial ID – eemidgum@gmail.com

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.291978 Minor Irrigation(22-23):D



## जिला खनन कार्यालय, लातेहार।

e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in

**-:: आम सूचना ::-**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निदेशानुसार, लातेहार जिलान्तर्गत कोयला खनिज के अवैध परिवहन/भण्डारण संबंधी मामलें में बालूमाथ थाना काण्ड संख्या–50, दिनांक–13.03.2021 में जप्त वाहनों का "The Jharkhand Minerals (Prevention of Illegal Mining, Transportation and Storage) Rules, 2017 के नियम 11(V) के तहत् राजसात/नीलामी की कार्रवाई हेतु माननीय न्यायालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, लातेहार में दायर राजसात वाद, वाद संख्या–16/2021 में पारित आदेश के आलोक में निम्नांकित राजसात वाहनों का आम नीलामी दिनांक–18.03.2023 को समय 01:00 बजे अपराहन् में उपायुक्त, लातेहार द्वारा गठित समिति के अध्यक्ष, अपर समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में जिला समाहरणालय के सभागार कक्ष में सम्पन्न की जायेगी। डाक में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार द्वारा Covid-19 के तहत् निर्गत SOP का पालन करना अनिवार्य होगा।

नीलामी हेतु निम्न सूचीबद्ध वाहनों के वाहन मालिक या संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त न्यायालय द्वारा पारित राजसात आदेश के विरूद्ध वाहन मालिक द्वारा यदि किसी अपीलीय न्यायालय में अपील दायर किया गया हो अथवा वाहन के नीलामी से आपत्ति हो तो दिनांक–17.03.2023 तक इसकी लिखित सूचना उक्त न्यायालय या जिला खनन कार्यालय, लातेहार में दें, जिससे कि वाहन की नीलामी नहीं की जा सके।

जप्त राजसात वाहनों का विवरणी निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | वाहन निबंधन संख्या एवं इंजन संख्या | मेक, मॉडल एवं निर्माण वर्ष | सुरक्षित जमा राषि | सुरक्षित जमा राषि का 10 % प्रतिभूति/अग्रधन राषि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Registration No. – JH19B-2577, Eng.No- B5.9180325G1K23639 | TATA MOTORS LTD. MODEL-TRUCK, M.Year. - 2017 | वाहन का अनुमानित न्यूनतम बाजार/ बिक्री मूल्य – = **15,50,000.00 रूपया** (पन्द्रह लाख पच्चास हजार) रूपया मात्र। | **1,55,000.00** (एक लाख पचपन हजार) रूपया। |
| 2. | Registration No. – JH01BA-9784 Eng.No- B591803231D 63322355 | TATA MOTORS LTD. MODEL-TRUCK, M.Year. - 2013 | वाहन का अनुमानित न्यूनतम बाजार/बिक्री मूल्य – = **8,50,000.00 रूपया** (आठ लाख पच्चास हजार) रूपया मात्र। | **85,000.00** (पचासी हजार) रूपया। |
| 3. | Registration No. – BR02GB-9140, Eng.No- 84520710 | JCB INDIA LTD. MODEL-LOADING SHOVEL, M. Year. - 2020 | वाहन क ा अनुमानित न्यूनतम बाजार/बिक्री मूल्य – = **32,50,000.00 रूपया** (बतीस लाख पच्चास हजार) रूपया मात्र। | **3,25,000.00** (तीन लाख पच्चीस हजार) रूपया। |

उपरोक्त जप्त राजसात वाहन, बालूमाथ थानान्तर्गत जहाँ एवं जिस स्थिति में है, उसी स्थिति के आधार पर नीलामी/बिक्री हेतु निविदा आंमत्रित की जा रही है। भौतिक रूप से उपलब्ध वाहन की स्थिति या वाहन का कागजात जिस स्थिति में होगा उसी में देय होगा, इसके विरूद्ध किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

लोक नीलामी की प्रक्रिया एवं शर्त्त आदि के जानकारी के लिए लातेहार जिला के Website: latehar.nic.in पर देखा जा सकता है अथवा जिला खनन कार्यालय, लातेहार में किसी भी कार्य दिवस में संपर्क किया जा सकता है।

जिला खनन पदाधिकारी, लातेहार।

PR 292070 (Mines and Geology) 22-23 (D)



## ई-प्रोक्योरमेंट सेल
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड, राँची

**ई-प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– RM to D/T ( Giridih-2)35/2022-23 — दिनांकः– 06.03.2023

| क0 | कार्य का नाम | ग्रुप सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | R/M TO D/T OF I.M.-II (32mm) BLOCK GIRIDH UNDER D.W& S SUB DIVISION NO-2 GIRIDIH. | RM-01 | 4.99727 | 10000 | 750 | 06 Month |
| 2 | R/M TO D/T OF I.M.-II (32mm) BLOCK DHANWAR UNDER D.W& S SUB DIVISION NO-2 GIRIDIH. | RM-02 | 4.98894 | 10000 | 750 | 06 Month |
| 3 | R/M TO D/T OF I.M.-II (32mm) BLOCK BIRNI UNDER D.W& S SUB DIVISION NO-2 GIRIDIH. | RM-03 | 3.38565 | 6800 | 750 | 06 Month |
| 4 | R/M TO D/T OF I.M.-II (32mm) BLOCK GAWAN UNDER D.W& S SUB DIVISION NO-2 GIRIDIH. | RM-04 | 2.60691 | 5500 | 750 | 06 Month |
| 5 | R/M TO D/T OF I.M.-II (32mm) BLOCK BAGODAR UNDER D.W& S SUB DIVISION BAGODAR | RM-05 | 2.97754 | 6000 | 750 | 06 Month |
| 6 | R/M TO D/T OF I.M.-II (32mm) BLOCK SARIYA UNDER D.W& S SUB DIVISION BAGODAR | RM-06 | 2.73600 | 5500 | 750 | 06 Month |
| 7 | R/M TO D/T OF I.M.-II (32mm) BLOCK DUMRI UNDER D.W& S SUB DIVISION BAGODAR | RM-07 | 3.89370 | 7800 | 750 | 06 Month |
| 8 | R/M TO D/T OF I.M.-II (32mm) BLOCK PIRTAND UNDER D.W& S SUB DIVISION BAGODAR | RM-08 | 2.85261 | 5800 | 750 | 06 Month |
| 9 | वेबसाईट पर बिड Upload की तिथि/समय | From 06-03-2023, 4:00 P.M | | | | |
| 10 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 14-03-2023 up to 4:00 P.M | | | | |
| 11 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 15-03-2023 up to 12:30 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | |
| 12 | निविदा प्राप्त बिड खोलने की तिथि/समय | 15-03-2023 up to 4:00 A.M | | | | |
| 13 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह। | | | | |
| 14 | निविदा खोलने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | |
| 15 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7292898986 | | | | |
| 16 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2480345 | | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती हैं। तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगी।

(ई0 मुकेश कुमार मण्डल) कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, संख्या–02, गिरिडीह

PR 292023 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D


### हिंडनबर्ग-अडानी प्रकरण को लेकर कांग्रेस का राज्यव्यापी प्रदर्शन

# जेपीसी का गठन कर मामले की गहराई से जांच हो: राजेश ठाकुर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





**रांची।** कांग्रेस ने सोमवार को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट और पीएम मोदी-गौतम अडाणी प्रकरण को राज्यव्यापी प्रदर्शन किया। झारखंड के सभी प्रखंडों में एलआईसी या एसबीआई के शाखा के बाहर बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने झंडा बैनर के साथ धरना प्रदर्शन किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चाहती है कि जेपीसी का गठन हो और मामले की गहराई से जांच हो। उन्होंने कहा कि 13 मार्च को पूरे प्रदेश से कांग्रेस नेता रांची में जुटेंगे और राजभवन के समक्ष प्रदर्शन कर मामले में जांच की मांग करेंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने पीएम से अपनी चुप्पी तोड़ने को कहा।

बोकारो में भी कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। बताते चलें कि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को कांग्रेस पार्टी ने चास के जोधाडीह मोड़ स्थित एसबीआई ब्रांच के सामने प्रदर्शन किया। अडानी घोटाले मामले में जेपीसी गठन कर मामले की जांच कराए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया जा रहा है।

इधर रांची महानगर कांग्रेस की ओर से हटिया प्रखंड के अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय स्टेट बैंक के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि हम प्रखंड में धरना देकर पंचायत तक लोगों को बताएंगे कि किस तरह प्रधानमंत्री ने हमें ठगने का काम किया है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के जरिए हम जनता को बताएंगे कि कैसे भाजपा नेता जनता को ठगते हैं और काम बड़े बड़े 2-3 उद्योगपतियों के लिए करते हैं। उन्होंने बताया कि अडानी समूह को लगातार फायदा पहुंचाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। अडानी के शेयर गिरते ही लोगों के एलआइसी और एसबीआई में जमा किये पैसे डूबने लगे और सरकार विपक्ष की मांग पर जेपीसी का गठन तक करने से बचती रही।

मौके पर हटिया प्रखंड अध्यक्ष गोपाल उपाध्याय ने बताया कि हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडानी ग्रुप के शेयरों में गिरावट आयी है। लोग तबाह हो रहे हैं और पूरी सरकार चुप्पी साधे बैठी है।

झारखंड युवा कांग्रेस के नेता इंदरजीत सिंह ने कहा कि अडानी समूह के शेयरों में निरंतर बिकवाली के कारण 31 दिसंबर 2022 से समूह में एलआईसी के शेयरों के मूल्य 52000 करोड़ रुपये तक गिरे हैं। इनका मूल्य अब मात्र 32000 करोड़ रुपये रह गया है। यह राशि एलआईसी तथा इसके करोड़ों पॉलिसी धारकों द्वारा कमाई गई थी।

## आरोपी इंजीनियर वीरेंद्र राम इडी कोर्ट में आज होगा पेश

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग मामले में गिरफ्तार ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र कुमार राम को 12 दिन की पूछताछ के बाद मंगलवार को ईडी कोर्ट में पेश किया जायेगा। ईडी को अदालत से मिली पूछताछ की अवधि सात मार्च को समाप्त हो रही है। होली पर्व को लेकर कोर्ट में अवकाश रहने के कारण ईडी आरोपी को कांके रोड स्थित जज कॉलोनी के आवासीय कार्यालय में पेश करेगी। ईडी आरोपी को 24 फरवरी से अपने कब्जे में लेकर लगातार पूछताछ कर रही है। दो दिन और रिमांड पर ले सकती है। कोर्ट के विवेक यह निर्भर करता है। ईडी किसी आरोपी को गिरफ्तारी के बाद अधिकतम 14 दिन कब्जे में लेकर पूछताछ कर सकती है। वीरेंद्र राम को ईडी 12 दिन की रिमांड पर ले चुकी है। पेशी के बाद आरोपी को संभवतरू बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया जायेगा। ईडी ने वीरेंद्र राम को 22 फरवरी को गिरफ्तार किया था। 23 फरवरी को कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। अगले दिन ईडी ने वीरेंद्र राम को अपने कब्जे में लिया था।

### भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा राज्यपाल को ज्ञापन, कहा

# आइएएस राजीव अरुण एक्का के खिलाफ सीबीआई जांच हो

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने आइएएस राजीव अरुण एक्का के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आग्रह राज्यपाल से किया है। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राज्यपाल सीपी कृष्णन से भेंट कर ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गये ज्ञापन में राज्यपाल राधाकृष्णन से अरुण एक्का के मामले में चिंता जताई है। उन्हें एक पत्र और पेन ड्राइव में वीडियो क्लिप सौंपते हुये कहा है कि इस क्लिप के जारी होने के बाद सीएम के प्रधान सचिव तथा गृह विभाग के सचिव रहे राजीव अरुण एक्का को रविवार को पंचायती राज विभाग का सचिव बना दिया गया है। राज्यपाल से सीबीआई जांच कराने का आग्रह किया गया है।

प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश, पार्टी विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन मंत्री कर्मवीर सिंह, सांसद आदित्य साहू, समीर उरांव आदि थे।



**महागठबंधन सरकार में दलाल हावी** : भाजपा नेताओं ने कहा कि सीएम ने पद और गोपनीयता की शपथ ली है। ऐसे में उनके सचिव का असंवैधानिक कृत्य उस गोपनीयता की शपथ का उल्लंघन भी है। गृह विभाग की गोपनीय एवं बेहद संवेदनशील सूचनाएं भी उग्रवादियों, आतंकवादियों तक दलाल के मार्फत पहुंचने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। दलाल विशाल चौधरी के यहां बैठकर फाइलों का निष्पादन चिंतनीय है। ऑफिशियल सीक्रेट एक्ट के उल्लंघन का भी मामला यह है। इसके पूर्व ईडी की कार्रवाई के क्रम में एक और दलाल प्रेम प्रकाश के आवास से सीएम की सुरक्षा में लगे जवानों के एके 47 जैसे महत्वपूर्ण हथियार बरामद हुए हैं।

# राज्य से लापता बच्चियों की हो तलाश, नक्सल और संगठित अपराध पर करें फोकसः डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सोमवार को वीडियो कांन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले के एसपी के साथ समीक्षा बैठक की। करीब चार घंटे चली समीक्षा बैठक में डीजीपी ने अपराध नियंत्रण और संगठित आपराधिक गिरोह के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई समेत कई बिंदुओं की समीक्षा की और इस पर कई दिशा निर्देश दिए।

बैठक में सभी रेंज के डीआईजी पुलिस मुख्यालय में उपस्थित होकर भाग लिया। वहीं जिले के एसएसपी, एसपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये समीक्षा बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अब राज्य में लापता बच्चियों को तलाश करें, जो बच्चे मिसिंग हैं, उनकी खोजबीन में राज्य के जिलों की पुलिस दिलचस्पी लाएं। साथ ही राज्य में नक्सल गतिविधि समेत संगठित अपराध की रोकथाम, राज्य में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था को फोकस करें।

### दस बिंदुओं पर लिया गया फैसला

डीजीपी ने पांच सालों के कांडों का आंकड़ा, अपराध नियंत्रण और संगठित आपराधिक गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई, प्रतिवेदित और निष्पादित कांडों की सूची, कांड लंबित रहने का कारण और मानव तस्करी के मामले, जिसमें विक्टिम मिसिंग हैं, उसकी जानकारी ली। डीजीपी ने वारंट, कुर्की निष्पादन की स्थिति, कोर्ट परिसर, जज और उनके आवासीय परिसर की सुरक्षा में की जानेवाली कार्रवाई तथा नक्सल के खिलाफ की जा रही कार्रवाई से संबंधित मामले की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में सभी जिलों में थाना और अन्य प्रतिष्ठानों की मरम्मत को लेकर भी विचार-हुआ। सभी जिले के एसपी ओर झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड को भेजे गये प्रतिवेदन में प्राथमिकता के आधार पर जिन भवनों की मरम्मत करवानी है, उनकी सूची तैयार कर प्रतिवेदन समर्पित करें।

# अनुराग गुप्ता ने सीआइडी में डीजी का पद संभाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 1990 बैच के आईपीएस अनुराग गुप्ता ने सोमवार को अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) के नए डीजी के रूप में पदभार ग्रहण किया। अनुराग गुप्ता इससे पहले डीजी ट्रेनिंग के पद पर पदस्थापित थे। बीते चार मार्च को सरकार ने आठ आईपीएस अफसरों का तबादला किया था, जिनमें अनुराग गुप्ता को सीआईडी डीजी बनाया गया था। सीआईडी में पदस्थापित आईजी और एसपी ने अनुराग गुप्ता को बुके देकर स्वागत किया। जब अनुराग गुप्ता पर राज्यसभा चुनाव-2016 में हार्स ट्रेडिंग का आरोप लगा और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू हुई, तब वे राज्य सरकार को लगातार पत्राचार कर एक सरकारी पदाधिकारी की मांग करते रहे। उन्होंने विभाग को बताया था कि उन्हें विभागीय कार्रवाई के कानूनी पहलुओं की बहुत जानकारी नहीं है, इसलिए उनका पक्ष रखने व उन्हें सहयोग करने के लिए एक सरकारी पदाधिकारी दिया जाये। उन्हें सहयोग तो नहीं मिला लेकिन अंततः वे सभी आरोपों से मुक्त हो गए।

विभाग ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी है कि अनुराग गुप्ता पर लगे आरोपों की पुष्टि नहीं हो सकी है।

# बीआरपी और सीआरपी का मानदेय ₹33 हजार से अधिक करने की मांग

### बीआरपी–सीआरपी संघ ने शिक्षा सचिव और एसपीडी जेईपीसी को दिया ज्ञापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** स्कूली शिक्षा सचिव के रवि कुमार एवं राज्य परियोजना कार्यालय में राज्य परियोजना निदेशक को बीआरपी सीआरपी एसएस संघ की तरफ से सोमवार को एक ज्ञापन दिया गया। इसके माध्यम से मांग की गई कि विभागीय समिति को सेवाशर्त को लेकर जो अनुशंसा प्राप्त है, उसे अविलंब लागू किया जाए। संघ ने अनुरोध किया कि सभी कर्मियों का मानदेय अधिक बढ़ गया है। इसलिए उसी अनुपात में उनलोगों का मानदेय भी कम से कम 33000 प्लस रखा जाए।

संघ के प्रतिनिधि ने मांग की है की आगामी कैबिनेट बैठक में इसे अनिवार्य रूप से पास कराया जाए। सभी बीआरपी-सीआरपी काफी हताश एवं निराश हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2019 से बीआरपी सीआरपी की मानदेय वृद्धि नहीं हुई है। वहीं, जनवरी 22 से ही पारा शिक्षकों का मानदेय भी बढ़ गया है। मॉडल स्कूल शिक्षक,कस्तूरबा गांधी के शिक्षिकाओं एवं परियोजना कर्मी का मानदेय भी बढ़ोतरी कर दी गई है। विभाग में सिर्फ बीआरपी सीआरपी ही ऐसे कर्मी हैं। जिनका विगत 4 वर्षों से मानदेय अभी तक वृद्धि नहीं की गई है। संघ के प्रतिनिधि मंडल में केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद,कुमार सिकंदर, कमलकांत मेहता, राजीव चौधरी और रोहित कुमार एवं अन्य साथी उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचारी अधिकारियों और राजनेताओं को हो फांसी : राजेन्द्र प्रसाद

रांची। झारखण्ड में रोज-रोज नये-नये भ्रष्टाचार का खुलासा हो रहा है जिसमें अधिकारियों व राजनेताओं की संलिप्तता भी सामने आ रही है। मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि झारखण्ड में 80% अधिकारी और राजनेता भ्रष्ट हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में लिप्त तमाम लोग चाहे वे बड़े अधिकारी हों या राजनेता को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने बताया वे शीघ्र ही मोर्चा की ओर से प्रधानमंत्री को पत्र लिखेंगे।


**नाम परिवर्तन**

मैं, मो. सरफराज आलम, पिता–मो. सोयेब अंसारी, साकिन: अलिगंज, सालिक रोड, पोस्ट+थाना–बांका, जिला–बांका, आधार सं. 871192973705 शपथपत्र सं. 1936, दिनांक– 16/07/2022 सक्षम कार्यापालक दण्डाधिकारी, बांका द्वारा घोषणा करता हूॅ कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र में मेरा और मेरे पुत्र का नाम गलत वर्णित हो गया है मेरा और मेरे पुत्र का क्रमशः सही नाम मो. सरफराज आलम और मोहम्मद अबुसुफियान आलम है।


### झारखंड सरकार श्रमिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध

# झारखंड के प्रवासी श्रमिक तमिलनाडु में सुरक्षित

**निराधार है श्रमिकों से मारपीट और हत्या की बात, खबर प्रकाशित करने में सावधानी बरतें**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के निर्देश पर तमिलनाडु में फंसे झारखंड के प्रवासी मजदूर का हाल-चाल लिया गया। लातेहार, बरवाडीह के पप्पू, संतोष राम, छोटू, प्रभुराम, रमेश भुईयां, सरायकेला-खरसावां के प्रकाश कालिंदी, श्याम सभी प्रवासी श्रमिक तमिलनाडु के कोयंबटूर एवं तिरुपुर के विभिन्न फैक्ट्रीज और कंस्ट्रक्शन साइट्स में सुरक्षित अपने कार्य में लगे हैं। इसी तरह दुमका और रांची के भी प्रवासी श्रमिक अपने कार्य में अन्य दिनों की तरह काम कर रहे हैं। इन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं है। किसी ने इनके साथ मारपीट नहीं की और ना ही हिंदी भाषी होने पर अपमान किया गया है। परिवार वाले और शुभचिंतक निश्चिंत रहें। हम सुरक्षित हैं।

उक्त बातें मुख्यमंत्री के निर्देश पर तमिलनाडु गए श्रम विभाग के प्रतिनिधिमंडल से तिरुपुर, कोयम्बटूर, चेंगुलपेट, कांचीपुरम आदि जगहों में बातचीत के बाद प्रवासी श्रमिकों ने साझा की। प्रतिनिधिमंडल ने सुनिश्चित किया कि सभी श्रमिक सुरक्षित हैं। सभी को पारिश्रमिक समय से प्राप्त हो रहा है। तमिलनाडु सरकार द्वारा झारखण्ड एवं अन्य राज्यों के प्रवासी श्रमिकों को हर संभव सहायता प्रदान किया जा रहा है।

### निराधार है मारपीट और हत्या की बात

तमिलनाडु में प्रवासी श्रमिक अधिकतर पलामू, गढ़वा, लातेहार, दुमका, चाईबासा, बोकारो और रांची जिला के हैं। श्रमिकों से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सोशल मीडिया के माध्यम से फैलाई हुई बात की कि हिंदी भाषियों को यहां के स्थानीय निवासी मार रहे हैं। उनको अपने गृह राज्य वापस जाने की धमकी दे रहे हैं। जिसका अनुसरण नहीं करने पर उनकी हत्या की जा रही है। इस मामले की भी जांच की गईए जिसे निराधार पाया गया।

### सरकार की अपील

झारखंड सरकार राज्यवासियों से अपील करती है कि सोशल मीडिया में फैलाए जा रहे अफवाहों पर ध्यान ना दें। जिस प्रकार की सोशल मीडिया और सूचना के अन्य माध्यमों से खबरें आईं हैंए उसका चेन्नई, इरोड, तिरुपुर, कोयंबटूर जिलों का दौरा कर सत्यापन किया गया। वो निराधार पाया गया। तामिलनाडु में कार्यरत सभी प्रवासी श्रमिक सकुशल हैं। जिनके रिश्तेदार तामिलनाडु में काम करते हैए उनसे भी अपील है। घबराएं नहीं। झारखण्ड सरकार सभी प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। और राज्य के प्रवासी कंट्रोल कक्ष के माध्यम से उन्हें मदद और जानकारी पहुंचाई जा रही है।

स्पीड न्यूज

### भाजपा सोनारी मंडल कार्यसमिति बैठक



**जमशेदपुर।** सोमवार को सोनारी स्थित इस्ट लेआउट सबुज संघ क्लब हाउस में सोनारी मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता संपन्न हुई। बैठक में अतिथि के रूप में सांसद विद्युत महतो, महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, वरीय नेत्री रीता सिंह व मंडल के पदाधिकारी शामिल थे। बैठक में राज्य सरकार की विफलताओं पर चर्चा के अलावा बूथ सशक्तिकरण अभियान, शक्ति केंद्र प्रवास योजना और पार्टी को बूथ स्थर पर सशक्त बनाने के निमित चर्चा की गई बैठक में सांसद ने कहा कि रोजगार वर्ष में युवा बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं, वहीं झारखंड सरकार ट्रांसफर पोस्टिंग में व्यस्त है। बैठक में उपरोक्त अतिथियों के अलावा सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जटाशंकर पांडे, सांसद प्रतिनिधि चित्तरंजन वर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, जिला कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह, मिडिया प्रभारी सोनू ठाकुर समेत कई नेतागण उपस्थित थे।

### रोटारैक्ट क्लब स्टील सिटी का सम्मेलन संपन्न



**जमशेदपुर।** रोटारैक्ट क्लब स्टील सिटी ने वेव इंटरनेशनल जमशेदपुर में 37वीं जिला रोटारैक्ट सम्मेलन 'बुनियाद' की मेजबानी की। इस सम्मेलन में झारखंड और बिहार के 100 से अधिक रोटरैक्टरों ने भाग लिया, सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं को एक साथ लाना और सामुदायिक विकास के बारे में चर्चा करना था और ये युवा कैसे एक बेहतर कदम उठा सकते हैं। डीजी रोटेरियन संजीव ठाकुर मुख्य अतिथि और पूर्व विधायक कुणाल सारंगी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति थे। डीआरआर रोटरेक्टर नंदिनी बांगड़, रोटरेक्टर अमित कुमार अध्यक्ष, रोटरैक्ट क्लब ऑफ स्टील सिटी, रोटरेक्टर शेखर सिंह, रोटेरियन निकिता मेहता ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। आईपीडीजी रोटेरियन प्रतिम बनर्जी, रोटेरियन. अलोकानंद बख्शी मुख्य वक्ता थे। कॉन्फ्रेंस के बाद स्टील सिटी के रोटरेक्ट क्लब ने जिला होली मिलन समारोह का आयोजन किया।

### भाजपा उलीडीह कार्यसमिति की बैठक



**जमशेदपुर।** भाजपा उलीडीह की मंडल की कार्यसमिति की बैठक आज चंद्रावती नगर स्थित बैंक्विट हॉल में मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र पासवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें मंडल के प्रभारी समाज कल्याण बोर्ड की पूर्व अध्यक्षा उषा पांडे जी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन यादव जी उपस्थित हुए। अपने संबोधन में सभी को बूथ सशक्तिकरण पर जोर देते हुए मोदी जी की मन की बात की सौवें संस्करण को प्रत्येक बूथ में भव्य तरीके से आयोजन करने की तैयारी का निर्देश दिया। बैठक में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार श्रीवास्तव मंडल के महामंत्री पवन राय, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ जटाशंकर पांडेय, अमर सिंह जी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री राकेश सिंह लोधी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से युवा मोर्चा अध्यक्ष राहुल कुमार ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संदीप शर्मा महिला मोर्चा की महामंत्री पिंकी कौर, एस सी मोर्चा अध्यक्ष गणेश दास किसान मोर्चा अध्यक्ष अमूल्यो महतो जिला कार्यसमिति सदस्य मधु सिन्हा के अलावा मंडल के सभी पदाधिकारी भवन प्रभारी बूथ अध्यक्ष गण उपस्थित हुए।

### नेत्र रोगियों को दी विदाई



**जमशेदपुर।** होली से पूर्व सोमवार को 32 नेत्र रोगियों के आंखों को नयी रौशनी के साथ विदा किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा जेमीपोल के सहयोग से टाटा समूह के संस्थापक जमशेतजी टाटा की 184वीं जयंती पर बागबेड़ा थाना चौक स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में आयोजित तीन दिवसीय नेत्र शिविर नेत्र रोगियों के विदाई के साथ सम्पन्न हो गया, नेत्र चिकित्सक डॉ. जे. एस. बेदी एवं उनके सहयोगी चिकित्सीय टीम ने ऑपरेशन कराये नेत्र रोगियों के आंखों की पट्टी खोलकर अंतिम जांच की। इस अवसर पर राम मनोहर लोहिया नेत्रालय के अध्यक्ष बालमुकुन्द गोयल, रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम के मानद सचिव विजय कुमार सिंह, समाजसेवी चन्द्रमोहन सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक घोषाल, अशोक कुमार सिंह, विक्की कुमार, आशीष सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# व्यापारियों ने अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलायी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** केंद्र सरकार की एफडीआई नीति के निरंतर घोर उल्लंघन और अमेजन एवं फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी के खिलाफ अपना कड़ा विरोध और आक्रोश दर्ज कराने के लिए, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के झंडे तले व्यापारियों ने साकची गोलचकर पर अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होलीका दहन किया ( पुतला दहन किया)। कैट के आह्वान पर सभी व्यापारिक व्यापारिक संगठनों ने इसी तरह के विरोध प्रदर्शन कर अमेजन एवं फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलाई। कैट ने सरकार से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत ई-कॉमर्स नियमों को तुरंत लागू करने और एक ई-कॉमर्स नीति को तुरंत लागू करने की पुरजोर मांग की है तथा यह भी आग्रह किया है की सेबी और ट्राई की तर्ज पर ई-कॉमर्स व्यापार को रेगुलेट करने के लिए एक सशक्त नियामक प्राधिकरण का भी गठन किया जाए। भारत में ई-कॉमर्स व्यवसाय को बेहद विषाक्त करने तथा उसके स्वरूप को विकृत करने के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए प्रमुख व्यापारिक संगठनों से जुड़े व्यापारियों ने बड़ी संख्या में साकची गोलचकर में एकत्रित होकर और हाथों में अमेजन और फ्लिपकार्ट दोनों के पुतले लेकर नारेबाजी की। एमेजॉन के जेफ बेजोस और वॉलमार्ट के डग मैकमिलन के चेहरे पुतलों पर चिपकाये गए थे जो व्यापारियों के जबरदस्त गुस्से का इजहार कर रहे थे।



साकची में अमेजन और फ्लिपकार्ट का पूतला फूंकते व्यापारी।

जबरदस्त नारेबाजी के बीच कैट के राष्ट्रीय सचिव सुरेश सोन्थलिया और भरत वासनी ने दोनों पुतलों को मुखाग्नि देते हुए कहा कि यह अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए भी एक चेतावनी है जो न केवल सामानों की आपूर्ति में बल्कि खाद्यान, ट्रेवल और पर्यटन, मनोरंजन, कैब सेवाएं, टिकटिंग, खाद्य पदार्थों की डिलीवरी, दवाओं की ऑनलाइन डिलीवरी, शिक्षा एवं ऑनलाइन गेम सहित अन्य रिटेल क्षेत्रों में अपनी मनमानी करते हुए व्यापारियों के व्यापार को नुक्सान पहुंचा रही हैं। कैट अन्य राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसी ई-कॉमर्स कंपनियां या तो नियमों का पालन करें या अपनी व्यावसायिक गतिविधियों को भारत में बंद कर दें। सिंहभूम चेम्बर के मानव केडिया, महेश सोन्थलिया, दिलीप गोलेछा, नीतीश धूत और किशोर गोलेच्छा ने सरकार से ई-कॉमर्स कंपनियों के व्यापार मॉड्यूल की जांच करने का जोरदार आग्रह किया।

cmpdi
A Miniratna Company
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी ईकाई)
गोन्दवाना प्लेस, काँक रोड राँची - 834031, झारखंण्ड, भारत

सूचना

"सामग्री, कार्यो एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कम्पनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/सम्बंधित अनुषंगी कम्पनी (सीएमपीडीआई, www.cmpdi.co.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध है। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।"

### अवैध देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**गम्हरिया।** कांड्रा पुलिस ने मोटरसाइकिल पर बिक्री के लिए ले जा रहे 20 लीटर अवैध देशी महुआ शराब को जब्त किया है। इस बाबत थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद महतो ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश के आलोक में अवैध शराब कारोबार को बंद करने के उद्देश्य से एक छापेमारी टीम का गठन किया गया है। उक्त टीम द्वारा सोमवार को दोपहर करीब दो बजे छापेमारी के दौरान एक मोटरसाइकिल संख्या सवार व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे खदेड़ कर पकड़ा गया। पकड़े जाने के बाद मोटरसाइकिल जांच के दौरान उसमें रखा करीब 20 लीटर अवैध देशी महुआ शराब पाया गया जिसे मोटरसाइकिल समेत जब्त कर लिया गया। साथ ही, शराब कारोबारी डुमरा निवासी रतन मंडल उर्फ छोटू मंडल को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस छापेमारी टीम में कांड्रा थाना प्रभारी राजेंद्र प्रसाद महतो के अलावा सअनि गिरिजा राम, हवलदार मनोज पासवान, आरक्षी रामचरित्र साहू, अभिषेक कुमार सिंह आदि शामिल थे।

# तमिलनाडु के कोयंबटूर में फंसे हैं चाकुलिया के दर्जनों मजदूर, घर वापसी के लिए कुणाल षाड़ंगी से मांगी मदद

**कुणाल के त्वरित पहल से हरकत में आया कोयंबटूर प्रशासन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** तमिलनाडु में बिहार-झारखंड के मजदूरों के साथ हो रही दुर्व्यवहार और मारपीट के वीडियो वायरल होने के बाद बिहार के साथ-साथ झारखंड के भी मजदूर लगातार अपने राज्य वापस लौट रहे हैं। तमिलनाडु में प्रवासी मजदूरों पर कथित हमलों के मामलों से सभी लोग चिंतित हैं।

इस तरह की घटना को लेकर तमिलनाडु के कोयंबटूर जिले में काम कर रहे झारखंड के दर्जनों मजदूरों ने अपने महीनों लंबित वेतन के भुगतान और घर वापस आने के लिए मदद की गुहार लगाई है। पूर्वी सिंहभूम जिले के चाकुलिया क्षेत्र निवासी दर्जनों मजदूरों ने वीडियो जारी कर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सह बहरागोड़ा के पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी से मामले में हस्तक्षेप कर सुरक्षित घर वापसी के मदद की अपील की।



इस मामले की जानकारी मिलते ही भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने मजदूरों के वीडियो को ट्विटर के माध्यम से साझा करते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन एवं कोयंबटूर प्रशासन को अवगत कराते हुए उचित मदद का आग्रह किया।

वीडियो में मजदूरों ने बताया कि उन्हें तमिलनाडु आये हुए तीन महीने हुए हैं और हाल के दिनों में तमिलनाडु में जो माहौल है, उसमें उन्हें अपने जान-माल के सुरक्षा की चिंता बनी हुई है।

ऐसे में वे लोग क्या करें, कुछ समझ नही आ रहा है। चिंतित परिजन भी लगातार फोन कर रहे हैं लेकिन हम सभी कुछ कर पाने में असमर्थ हैं। वीडियो में चाकुलिया के चंदनपुर निवासी महेंद्र पाल नामक व्यक्ति ने बताया कि तमिलनाडु में हो रही घटना सिर्फ मोबाइल में देखने को मिल रही थी। परंतु पिछले रात को हुई घटना असहनीय और भयभीत करने वाली है।

लोग अपने घर जाने के लिए रेलवे स्टेशन जा रहे हैं, लेकिन उन्हें भगा दिया जा रहा है। जब लोग रूम पर आ रहे हैं तो उन्हें रहने नही दिया जा रहा है। करीब ढाई मिनट के वीडियो में व्यक्ति बार-बार घर आने की बात कह रहा है। उसने बताया कि हमलोगों ने ऐसा क्या गुनाह किया है जो हमें इस तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। यहां हमारी बातों को सुनने वाला कोई नही है। कुणाल के ट्वीट के बाद कोयंबटूर प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए मामले से अवगत कराने के लिए कुणाल षाड़ंगी का आभार जताया, उन्होंने लिखा कि मामले को सूचीबद्ध किया गया है, हम इस मामले को देखेंगे। वहीं, इस मामले पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने कोयंबटूर जिला प्रशासन को त्वरित संज्ञान लेने के लिए धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि विडीयो में चाकुलिया निवासी के द्वारा जिस तरह से आपबीती बताई गई वो अत्यंत ही दुःखद और दुर्भाग्यपूर्ण है।

तमिलनाडु सरकार को प्रवासी मजदूरों के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है। कहा कि तमिलनाडु सरकार दावा तो कर रही है कि सबकुछ ठीक है परंतु धरातल पर वास्तविकता काफी भयावह है। कुणाल षाड़ंगी ने तमिलनाडु सरकार से अविलंब ठोस पहल करने की मांग की है। जिससे स्थिति नियंत्रित हो सके और झारखंड समेत अन्य राज्यों के मजदूरों का अपने जान-माल के सुरक्षा का भरोसा सरकार पर पुनः बहाल हो सके।

## होली गीतों पर खूब झूमे पूर्व सैनिक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जमशेदपुर का होली मिलन समारोह गत रविवार को सिदगोड़ा स्थित हिंदुस्तान मित्र मंडल में मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष एवं समाजसेवी शिव शंकर सिंह शामिल हुए, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप मे अपने संगठन के प्रदेश महामंत्री सिद्धनाथ सिंह उपस्थित रहे। संगठन के अध्यक्ष हवलदार विनय यादव ने अतिथियों का स्वागत व परिचय कराया इस समारोह में फगुआ मंडली ने होली गीत से समां बांध दिया, तो होली के पारंपरिक पकवानों के साथ गुलाल-अबीर से होली खेली गई।

कार्यक्रम में भारी मात्रा में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों के साथ-साथ सैन्य मातृशक्ति भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के पूजन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में तीनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिक साथियों के साथ साथ मातृसक्ति कि भी सहभागिता रही। जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह के द्वारा संगठन गीत गाया गया। सर्वप्रथम संगठन के संस्थापक वरुण जी के द्वारा मुख्य अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

## श्रीलेदर्स बंग उत्सव कोल्हान के लिए प्रचार प्रसार रथ हुआ रवाना



गोपाल मैदान में 19 मार्च को आयोजित होगा उत्सव

प्रचार रथ को रवाना करते बायें से श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे, बंगाल क्लब के अध्यक्ष ‹‹ तापस मित्रा व अन्य


**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आगत 19 मार्च दिन रविवार 2023, स्थानीय गोपाल मैदान में झारखंड में पहली बार जमशेदपुर के माटी में, आयोजित होने जा रहा है श्रीलेदर्स बंग उत्सव कोल्हान । इस कार्यक्रम में कोल्हान के हर एक जिले से बंगवासी गोपाल मैदान में एकत्रित होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एवं जन जागरूकता के तहत एक प्रचार प्रसार रथ को आज 6 मार्च दिन सोमवार को संध्या बेला 5 बजे नेताजी के प्रतिमा के समक्ष नेताजी सुभाष मैदान, साकची से रवाना किया गया। प्रचार-प्रसार रथ को रवाना श्रीलेदर्स बिष्टुपुर के कर्णधार शेखर डे महाशय, बंग उत्सव समिति के चेयरमैन तापस मित्रा, अध्यक्ष अचिंतम गुप्ता, एवं समस्त बंग उत्सव समिति के सदस्यों के मौजूदगी में संपन्न हुआ।

## बाजार, बस अड्डों पर महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाने की मांग, चैम्बर के उपाध्यक्ष मुकेश मित्तल ने सीएम को लिखा पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** महिलाओं को सशक्त बनाने की दृष्टि से सिंहभूम चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा 8 मार्च 2022 को जमशेदपुर विमेंस कॉलेज से महिलाओं के लिये पिंक टॉयलेट निर्माण करने की अभियान की शुरूवात की गई। इसकी सफलता के बाद चैम्बर के उपाध्यक्ष (जनसंपर्क एवं कल्याण) मुकेश मित्तल ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिख कर राज्य के सभी बाजारों, बस अड्डों एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाने की मांग की है। मुकेश मित्तल ने बताया कि पिंक टॉयलेट विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुये डिजाईन किये गये हैं। ऐसे पिंक टॉयलेट अनिवार्य रूप से (1) सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन (2) उचित निपटान सुविधाएं (3) स्तनपान की सुविधा, (4) महिला जनशक्ति द्वारा विशेष रूप से मैनिंग के प्रावधानों के साथ आवश्यक हैं। मित्तल ने लिखा है कि महिलायें अपने प्राकृतिक स्वभाव से हमेशा अपने घरों में पूरी तरह से सुरक्षित महसूस करती हैं, लेकिन जाहिर है कि वे हमेशा अपने घर की चार दीवारों तक सीमित नहीं रह सकती हैं। उन्हें विभिन्न कारणों से बाहर जाना पड़ता है। लेकिन प्रसाधन के लिये उन्हें आवश्यक रूप से किसी सुरक्षित और स्वच्छ स्थान की आवश्कता होती है। प्रायः यह देखा गया है कि बाजार में आने वाली अधिकांश महिलायें, बाजार में आसपास स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय के अभाव में कम पानी का सेवन करती हैं ताकि बार-बार प्रसाधन की समस्या से बच सकें, जो उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं।



## सिदगोड़ा में साहू समाज का होली मिलन समारोह आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में सिदगोड़ा भास्कर मैदान में साहू समाज का होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप आए हुए अतिथियों को साहू समाज का के द्वारा अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य रुप से डॉक्टर जीवन प्रसाद, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिनेश कुमार, कमलेश साहू, सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष गोपाल साहू, धर्मेंद्र प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, संचालन समिति सदस्य प्रमोद गुप्ता, डॉ ऋषिकेश कुमार, सुबोध गोराई, मिथिलेश साव, मानिकी गुप्ता, करण गोराई, श्वेता साहू, निर्मला साहू, पूजा साहू, लक्ष्मी देवी, पूजा देवी, रामकृपाल साहू, नरेश साहू, सत्यनारायण, दीपक गुप्ता शामिल हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष राकेश साहू, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार, जिला वरीय उपाध्यक्ष शिवलोचन साव, राहुल रंजीत कुमार साव, उपाध्यक्ष पप्पू साव, सुरेश प्रसाद, महामंत्री पिंटू साव, आदित्य धनराज साह, जिला सचिव अशोक साहू, भोला प्रसाद, संजय साहू, राजेश प्रसाद, दीपक गुप्ता, जिला सलाहकार शैलेंद्र कुमार पिंटू, सॉन्ना रंजीत गुप्ता, दिलीप छगन साहू, आलोक रंजन, गौतम साहू, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रभात कुमार, मनोज साहू, अनिल साहू, अजय साह, वीरेंद्र साहू, ममता देवी, गीता देवी, जयमाला देवी, आदि का योगदान रहा।

# श्रीनाथ विश्वविद्यालय में लजीज व्यंजनों के साथ रही रंगोत्सव की धूम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** सोमवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में रंगोत्सव की धूम रही। यह होली मिलन समारोह श्रीनाथ विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग तथा स्कूल ऑफ कामर्स एंड मैनेजमेंट ने संयुक्त रूप से आयोजित किया। इसमें श्रीनाथ विश्वविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों तथा सहायक प्राध्यापक सम्मिलित हुए। होली मिलन समारोह का उद्घाटन श्रीनाथ विश्वविद्यालय की अधिष्ठता छात्र कल्याण रचना रश्मि, श्रीनाथ पब्लिक स्कूल के प्राचार्य संजय सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर दिलीप कुमार महतो के द्वारा विद्यार्थियों के बीच रंग गुलाल उड़ा कर किया गया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सुखदेव महतो ने सबको प्रेम और शांति का संदेश देते हुए कहा की यह त्योहार मन के वैमनस्य को दूर करता है और लोगों के हृदय में प्यार को सिंचित करता है इसलिए आप इस त्योहार में केवल रंग न खेले बल्कि इसके महत्व को भी समझें। श्रीनाथ विश्वविद्यालय की अधिष्ठता छात्र कल्याण रचना रश्मि ने समारोह में उपस्थित लोगों से कहा की होली में आप अपने अंदर के हिरण्यकश्यप को मार कर अपने अंदर बसे हुए परमात्मा को याद रखें तभी आप सही मायने में होली का आनंद ले सकेंगे।




संजय सिंह ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली हर्षोल्लास का त्योहार है और उसे इसी तरह मनाना चाहिए तथा श्री दिलीप कुमार महतो ने भी सभी को शांतिपूर्ण तरीके से होली का आनंद लेने को कहा। होली मिलन समारोह में युवाओं की धूम रही। सबके कदम डीजे की धूम पर जमकर थिरके साथ ही सभी के लिए दिन के भोजन की भी व्यवस्था रखी गई थी। होली मिलन समारोह में प्रबंधन की ओर से अनीता महतो, संस्थापक एवं ट्रस्टी संध्या महतो, सभी विभागों के विद्यार्थी तथा सहायक प्राध्यापक उपस्थित थे। होली मिलन के सफल संचालन में विभागाध्यक्ष शशिकांत सिंह, सहायक प्राध्यापक सूर्य प्रताप सिंह, अभिषेक कुमार तथा प्रियंका प्रियदर्शिनी का अहम योगदान रहा।

## खबर एक नजर में

### पंडवानी गायिका पद्मविभूषण तीजन बाई अल्प प्रवास पर जमशेदपुर पहुंचीं

**जमशेदपुर।** पंडवानी की विश्व प्रसिद्ध कलाकार पद्म्विभूषण पुरस्कार से सम्मानित तीजन बाई युगांतर भारती के आमंत्रण पर रांची, मोरहाबादी मैदान में आयोजित पर्यावरण मेला में अपनी पंडवानी कला का प्रदर्शन करने आई थी। रांची से वापस छत्तीसगढ़ जाने के क्रम में आज जमशेदपुर स्थित निर्मल भवन में युगांतर भारती के कोषाध्यक्ष अशोक गोयल ने उनसे शिष्टाचार मुलाकत की। इस दौरान त्रैमासिक पत्रिका मरुधर के स्वर के संपादक महेश अग्रवाल भी मौजुद थे उन्होंने पत्रिका का नया अंक तीजन बाई को भेंट की। 'मरुधर के स्वर' मरुधर साहित्य ट्रस्ट की एक नि:शुल्क गृह पत्रिका है। अशोक गोयल पत्रिक के संवर्द्धक सदस्य हैं।



तीजन बाई का स्वागत करते अशोक गोयल और महेश अग्रवाल।

### ब्रम्हर्षि विकास मंच का टेल्को कालोनी में पारिवारिक होली मिलन संपन्न

**जमशेदपुर।** टेलको,खडगाझाड और बिरसानगर के द्वारा परिवारिक होली मिलन समारोह 26 नंबर रोड टेलको 5 मार्च 23 को आयोजित किया गया। इस कार्यकम का उदघाटन केंदीय अध्यक्ष श्रीराम प्रकाश पाण्डेय, महासचिव योगेंद्र मौआर, भाजमो नेता राम नारायण शर्मा, रमेश कुंवर, संदीप और अनिल कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र से किया गया। केन्द्रीय अध्यक्ष राम प्रकाश पाण्डेय ने अपने समबोधन में कहा कि होली का महापर्व राष्ट्रीय एकता, भाईचारा,शांति का प्रतीक है। कार्यकम का संचालन आशीष गौतम ने किया।



मंच के अध्यक्ष रामप्रकाश पांडेय के साथ आयोजकगण।

### दोमुहानी में मना बाहा बोंगा परब



**जमशेदपुर।** सोमवार को सोनारी दोमुहानी के सरजोमहातु जाहिरा में आदिवासी संथाल समाज के द्वारा बाहा बोंगा पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में बीस सूत्री उपाध्यक्ष मोहन कर्मकार एवम झामुमो के पूर्व नगर सचिव गोपाल महतो उपस्थित हुए। इस अवसर पर झामुमो नेता गोपाल महतो ने कहा बाहा बोंगा पर्व में प्रकृति की पूजा किया जाता है जिसमे ईष्ट देवता से अच्छी फसल के साथ साथ समाज एवम देश की खुशहाली के लिए प्रार्थना किया जाता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनारी बाहा बोंगा समिति के अध्यक्ष बाबू माझी, महासचिव धनाई मुर्मू के साथ समिति के सभी सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर रोकी सिंह, चंदन महतो, संतोष, गुरु महतो, बासू कर्मकार, आजाद कर्मकार के साथ कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बीएसीईटी : छात्र अंकित मिश्रा का प्लेसमेंट

**जमशेदपुर।** बी ए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी घुटिआ, जमशेदपुर स्थित मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्र अंकित मिश्रा का चयन देश की अग्रणी ऑक्सीजन उत्पादन करने वाली कंपनी मैनपावर ग्रुप ऑफ सर्विस में बहुत ही आकर्षक पैकेज में हुआ है। ये छात्र एसोसिएट- डी&टी के पद पर तीन महीने की ट्रेनिंग में जमशेदपुर स्थित प्लांट में रहेगा। इसका इंटरव्यू 18 फरवरी को संपन्न हुआ था। इनकी सफलता पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ शिव कुमार सिंह, प्रभारी प्राचार्या अनुमिता सेन गुप्ता, प्लेसमेंट अधिकारी राहुल सिंह एवं कॉलेज के सभी प्रोफेसर्स ने बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी हैं।




### लावारिस जानवरों के हमले के शिकार लोगों को मुआवजा देने की मांग

**जमशेदपुर।** साझा मंच ने सोमवार को डीसी के जरिए झारखंड सरकार को ज्ञापन सौंप कर सड़कों पर लावारिस जानवरों को हटाने एवं लावारिश जानवरों के हमले में घायल हुए अथवा मृत्यु के शिकार हुए पीडितों के परिवार को समुचित मुआवजा देने की मांग की है। डीसी को ज्ञापन सौंपने गए प्रतिनिधिमंडल में साझा मंच के सिया शरण शर्मा, अरबिन्द अन्जुम, देवाशीष, पीसी शर्मा, शुभदर्शी, शन्कर नायक, बबलू मुखर्जी आदि शामिल थे।



डीसी को मांग पत्र देकर निकलते साझा मंच के अरविंद अंजुम व सहयोगी।

### दिशोम जाहेर गौडगौड़ा में बाहा पूजा संपन्न



जमशेदपुर। दिशोम जाहेर गाढ़ समिति गोड़गोड़ा, बालीगुमा की ओर से गत शनिवार को दिशोम जाहेर गाढ़ में बाहा पूजा सम्पन्न हुआ। नायके बाबा मोहन हांसदा के नेतृत्व में इष्ट देवता मरांग बुरु, जाहेर आयो,मोड़े को, तुरुय को आदि को खुश करने के लिए सखुआ और महुआ का फूल अर्पित किया गया। मुर्गा का बलि भी दी गयी। ग्रामीणों ने समाज में शान्ति, भाईचारा, अनावृष्टि- अतिवृष्टि से मुक्ति, पर्यावरण की सुरक्षा, फूल और फल से जंगल हरे भरे रहे। अन्त में लोग प्रसाद स्वरूप खिचड़ी ग्रहण किये। इस अवसर पर दिशोम जाहेर गाढ़ के सचिव मदन मोहन सोरेन ने कहा कि बाहा पर्व पर्यावरण के प्रति प्रेम प्रदर्शित करता है।

JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu road, Ranchi-834001

CORRIGENDUM
NIT No.- JIIDCO/17/2022-2023
Cost of Bill of Quantity (BOQ) will be as below:-

| Sl.No. | Tender ref. Sl.no. | Amendment in rate |
| --- | --- | --- |
| 1 | 01,02,03,04,05,06,08,14,15,16,17,18, 19 & 21 | 5000.00 |
| 2 | 07 & 20 | 2500.00 |
| 3 | 09,13,22 & 26 | 1250.00 |
| 4 | 10,11,12,23,24 & 25 | 750.00 |

Rest terms and conditions remain same.
Sd/-
Executive Engineer
JIIDCO, Ranchi

# सभी चापानल और सोलर पावर जल मीनार को गर्मी से पहले दुरुस्त करने का निर्देश

## पाइप लाइन में मोटर जोड़कर पानी खींचने वालों पर एफआइआर दर्ज करने का निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह ने आज समाहरणालय के सभागार में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के दौरान सभी चापाकल, सोलर पावर जल मीनार, मल्टी विलेज स्कीम को गर्मी से पहले दुरुस्त करने के लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को पंचायत के मुखिया के साथ बैठक करके खराब चापाकल व सोलर पावर जल मीनार की मरम्मत कराने का निर्देश दिया। साथ ही पानी की पाइप लाइन में मोटर जोड़कर अवैध रूप से पानी खींचने वाले पर एफआइआर दर्ज करने का भी निर्देश उपायुक्त ने दिया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में लोगों को सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एक व दो के कार्यपालक अभियंताओं से कहा कि फील्ड में जाकर चालू चापाकल, सोलर पावर जल मीनार तथा मल्टी विलेज स्कीम का भौतिक सत्यापन करें। जो चापाकल एवं जल मीनार खराब है उसे युद्ध स्तर पर चालू कराएं। आवश्यकता पड़ने पर गैंग मैन की संख्या बढ़ाएं। वहीं जामाडोबा एवं पुटकी जलसंयत्र में डेडिकेटिड विद्युत लाइन एवं ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए लोड कैपेसिटी का सर्वे कराने का भी निर्देश दिया।

बैठक में नगर आयुक्त ने प्रखंड व पंचायत में हाई मास्ट लाइट लगाने का सुझाव रखा। जिस पर उपायुक्त ने प्रथम चरण में प्रति प्रखंड 5 साइट का चयन करने तथा जहां आवश्यकता है वहां स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया। इसके साथ ही सड़कों पर आवारा घूमने वाले सांड के आतंक को कम करने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक के दौरान सियालगुदड़ी से भेलाटांड़ पाइपलाइन में स्टेट हाईवे अथॉरिटी ऑफ झारखंड की वजह से उत्पन्न व्यवधान, तोपचांची एवं जामाडोबा जल संयंत्र में पानी का स्रोत, धनबाद शहरी क्षेत्र पेयजलापूर्ति योजना इत्यादि की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त संदीप सिंह, नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार, निदेशक डीआरडीए मुमताज अली अहमद, पीएचइडी एक एवं दो के कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

# फ्लेग मार्च कर लोगों को किया जागरुक

खबर मन्त्र संवाददाता



**चास नाला।** सुदामडीह पाथरडीह थाना प्रभारी अभय कुमार के नेतृत्व में सोमवार की शाम फ्लेग मार्च किया गया। जिसका मुख्य उदेश्य होली एवं शब ए बरात पर्व को लेकर एवं सोसल मीडिया के दूरपयोग से बचने के लिए पुरे क्षेत्र वासिओ को जागरूक किया गया आम जनो से अपील किया गया की सोसल मिडिया पर फैल रहे अफवाहों पर ध्यान न दें। अगर किसी भी व्यक्ति द्वारा सम्परदायिक भावना को भड़काने य कोई आपत्ति जनक पोस्ट की जा रही है तो उसकी सुचना अबिलम्ब पाथरडीह पुलिस को देने का काम करें फ्लेग मार्च के दौरान अन्य अधिकारिओ में देवी दास, अमर जीत सिंकू, उपेंद्र कुमार, अमरेंद्र कोटवार, रवि कुमार रवि लो को सिंह वारी आदि उपस्थित थे। वहीं सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप राणा के नेतृत्व में फ्लेग मार्च निकाली गई वहीं सुदामडीह क्षेत्र के लोगों को जागरूक किया गया।

## धनबाद शहर में इस्कॉन मंदिर का भव्य शुभारंभ

**धनबाद।** हाल ही में जगन्नाथ पुरम, पांडूकी में 5 एकड़ जमीन दान स्वरूप प्राप्त करने के बाद श्रीमान नाम प्रेम प्रभु निर्देशन में आने वाली गौर पूर्णिमा की शुभ तिथि के स्वागत हेतु इस्कॉन धनबाद द्वारा 5/03/2023 को आयोजित किया गया आदिवास महा संकीर्तन। गौर पूर्णिमा पुरुषोत्तम परम पुरुषोत्तम भगवान श्री कृष्ण के सबसे कृपालु अवतार श्री चैतन्य महाप्रभु के आविर्भाव की पुण्यतिथि है।

# नागरिक एकादश ने ट्रॉफी पर कब्जा जमाया

## महुदा मोड़ में प्रदर्शनी क्रिकेट मैच सह होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** होली के शुभ अवसर पर सोमवार को महुदा मोड़ स्थित जमडीहा मैदान में पत्रकार एकादश एवं नागरिक एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नागरिक एकादश की टीम ने पत्रकार एकादश टीम को हराकर 25 रन से जीत दर्ज किया। खेल 12-12 ओभर का मैच खेला गया। खेल का शुभारम्भ अतिथियों के द्वारा खिलाड़ीयों से परिचय कर शुभारम्भ किया गया। नागरिक एकादश की टीम ने टोस जितकर पहले बल्लेबाजी की शुरूआत की और 12 ओभर में 5 विकेट खोकर 133 रन बनाये। जवाब में पत्रकार एकादश की टीम ने 12 ओभर में 112 रन ही बना पाये। इस तरह नागरिक एकादश की टीम 25 रन से विजयी हुए। समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित बाघमारा विधायक ढुलु महतो ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ीयो को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में विधायक ढुलु महतो ने कहा होली के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम से भाईचारा बढ़ता है। आपस में मिल जुलकर होली खेलना ही समाज को एक धारा में बांधकर रखता हैं। दोनो टीम के खिलाड़ीयों ने बेहतर प्रदर्शन किया। आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित कर खुशी पुर्वक होली मनाये। अगले साल की प्रतियोगिता में जो भी खिलाड़ी मैन ऑफ मैच मैच घोषित होगा उसे सोने का मेडल दिया जायेगा। इस मौके पर होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। जिसमें सभी लोगों ने एक दुसरे को रंग अबीर लगाकर खुशीयां जाहिर की। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी शंकर रवानी ने किया। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुनिल कुमार प्रजापति, पुर्व मुखिया सह भाजपा के जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, मंडल अध्यक्ष शेखर सिंह, लक्ष्मण सिंह, मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, महेश पटवारी, लाला, समीर लाला, जितेन रवानी, राजेश महतो, मो.अमान, पिन्टु सिंह, रूपदेव रवानी, कार्तिक महतो, हिमान्शु शेखर रवानी, अजय दास, बिरजु रवानी, श्यामलाल महतो, पिन्टु सिंह, अनेश महतो, विरेन्द्र सिंह, दिनेश प्रमाणिक, शिवा हरि, कैलाश रवानी आदि मौजुद थे।

# बोकारो स्टील ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बीएसएल के मानव संसाधन विकास केंद्र में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि निदेशक प्रभारी अमरेन्दु,सीईओ (बीपीएससीएल) के के ठाकुर, ईडी बी के तिवारी, सी आर महापात्रा, एस रंगानी, अमिताभ श्रीवास्तव, जे दास गुप्ता, राजन प्रसाद, महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष अनिता तिवारी, सीजीएम व अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे। अमरेन्दु प्रकाश ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिलाओं की प्रगति एवं भागीदारी के बिना विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। समारोह के दौरान बीएसएल की कुल तीस महिला कर्मियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पीआरओ के शुभनीत भटनागर ने तथा जीएम अनुपमा तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## अवैध महुआ शराब को नष्ट किया

**तेतुलमारी।** होली के मद्देनजर ईस्ट बसुरिया पुलिस और उत्पाद विभाग के द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध शराब नष्ट किया। ईस्ट बसुरिया ओपी पुलिस और उत्पाद विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से अवैध शराब के विरुद्ध ईस्ट बसुरिया ओपी क्षेत्र के पतामहुल बस्ती में छापामारी किया गया। जिसमे करीब 3000 किलो जावा महुवा और 200 लीटर महुवा। छापामारी में उत्पाद विभाग की ओर से सब इंस्पेक्टर अभिमन्यु नायक एवं उनकी टीम तथा ईस्ट बसुरिया ओपी प्रभारी उपेंद्र कुमार, शिव शंकर एवं अन्य जवान शामिल थे।

## एकल अभियान की ओर से बच्चों संग होली मिलन समारोह

**राजगंज।** एकल अभियान गोविंदपुर अंचल के बरवाअड्डा संच के धनबाद समिति द्वारा 'नया सवेरा नेक प्रयास' के अंतर्गत बच्चों के बीच होली के अवसर पर रंग, अबीर, टोपी और मिठाई वितरित किया गया व बच्चों संग होली मिलन समारोह भी किया गया।मौके पर मनोज सिंह,राकेश सिंह,किशोर कुमार, गौतम कुमार, बिंदिया देवी आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रीय कृत बैंक एवं एलआईसी के सामने किया गया विरोध प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** सोमवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी व धनबाद जिला कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार, भ्रष्ट यार-बचाए सरकार कार्यक्रम के तहत अडाणी के पक्ष में भाजपा की मोदी सरकार की घोर पूंजीवाद (क्रोमी केपिटलिज्म) के खिलाफ बाघमारा, धनबाद, झरिया, बलियापुर, निरसा, कतरास चिरकुंडा, केन्दुआ, करकेन्द, तोपचांची, टुंडी, भूली सहित जिला के सभी प्रखंडों/ नगरों में राष्ट्रीयकृत बैंक/एलआईसी के समक्ष जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। उक्त आयोजित विरोध-प्रदर्शन कार्यक्रम में बाघमारा प्रखंड सहित विभिन्न प्रखंडों/ नगरों में शामिल होते हुए जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के द्वारा जिला के सभी प्रखंडों एवं नगरों में अडाणी के पक्ष में भाजपा की मोदी सरकार की घोर पूंजीवाद के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन की गई। आगे श्री सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा अपनी पूंजीपति मित्रों को सरकारी खजाने की लूट की खुली छूट दी है आज देश के लगभग 75% पूंजी मोदी सरकार के 10% करीबी मित्रों के पास है, मोदी सरकार देश की पूंजियों को अडानी समूह में जबरन निवेश करवा रही हैं, देश की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है पर मोदी सरकार देश के चंद पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने में अपनी संलिप्ता एवं संदिग्ध भूमिका निभा रही है ,कॉग्रेस पार्टी इसका जोरदार विरोध करती है। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्त्ता धनेश्वर ठाकुर, इन्दर यादव, संतोष रजवार,विनोद रवानी, मोहम्मद आशिफ ,अजय महतो, सतेंद्र पांडेय, विकाश सिंह,गोपाल सिंह, आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित थें आलम अंसारी, पूरन नापीत, इफ़्तेखर हुसैन, आनंद सिंह, राजन रवानी, वासु रवानी, पूरन नापीत, भूखु रवानी, राजा रवानी, मंटू चौहान, गौतम यादव, विशाल सहित सैकड़ों कांग्रेसजन मौजूद थे।

## कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय
### ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

**शुद्धि – पत्र**

इस प्रमण्डल अन्तर्गत आमंत्रित निविदा सूचना संख्या– **EE/RDSD/PALAMAU-26/2022-23** जिसका P. R. संख्या 290930 है तथा यह दिनांक–22.02. 2023 को प्रकाशित हुई थी। उस निविदा को विभागीय पत्रांक–653 दिनांक 28.02.2023 के आलोक में तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
पलामू।

PR 291990Rural Development(22-23)#D

## समेकित जनजाति विकास अभिकरण, पूर्वी सिंहभूम, जमयशेदपुर। (आई0टी0डी0ए0)

**अति अल्पकालीन निविदा**

पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत कल्याण विभागीय अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, उपरवाड़ा(घाटशिला), सरबनगर(पोटका) एवं आवासीय मध्य विद्यालय, सिंहपुरा(गुड़ाबन्दा) में दरी, कम्बल, मच्छरदानी, बिछाने का चादर, ओढ़ने का चादर एवं तकिया (कभर सहित) आदि आपूर्ति संबंधी निविदा सूचना।

निदेशानसुार वित्तीय वर्ष 2022–2023 में कल्याण विभाग द्वारा संचालित **अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय, उपरवाड़ा(घाटशिला), सरबनगर(पोटका) एवं आवासीय मध्य विद्यालय, सिंहपुरा(गुड़ाबन्दा) में दरी, कम्बल, मच्छरदानी, बिछाने का चादर, ओढ़ने का चादर एवं तकिया (कभर सहित)** आदि आपूर्ति हेतु इच्छुक संवेदकों से मुहर बंद निविदा दिनांक– 14.03.2023 को 11:30 बजे पूर्वाह्न तक आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक–17.03.2023 को 03.00 बजे अपराह्न में परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी, जिसमें संवेदक या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। निविदा संबंधी शर्त एवं नियम तथा समाग्रियों की सूची कार्यालय कार्य दिवस एवं समय पर जिला कल्याण कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के सूचना पट्ट एवं पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर के वेवसाईट– www.jamshedpur.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी
पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

PR 292110 (Welfare) 22-23 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**निविदा स्थगन सूचना**

एतद् द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना (अतिअल्पकालीन ई–निविदा संख्या–03/2022-23/RWD/GARHWA) सं0–02/2013-14/RWD/GARHWA दिनांक – 21.02.2023 जिसका प्रकाशन PR No. 290919 द्वारा किया गया था जिसे, अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 292123 Rural Development (22-23)_D

## Office of the Executive Engineer
## Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA

**e-Procurement Tender Notice (SBD)**
**Tender Reference No. DWSD/CLTR/SVS/CTR/50/2022-23 (6th Call)**
**Date : 06.03.2023**

| Sl. No. | Particular | Details | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Detailed survey, designing and drawing, Construction of 4412 Nos. FHTC in Different Block of Chatra District comprising of suitable R.C.C/Frame Structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) & 05 Years Operation and Maintenance all complete job "O n Turnkey Basis" under D.W. & S. Division, Chatra for the Year 202 2-23 under (JJM) | | | | | |
| | Group No. | No. of Panchayat | No. of FHTC | Estimated Cost (In Lac) | E.M Required (In Lac) | Cost of BOQ (In Rs.) | Time of Completion |
| | KND/SVS/CLTR/04(C) | 2 | 2202 | 697.38 | 6.97 | 10,000/- | 09 Months |
| 2 | Date of Tender Uploading in Website | 09.03.2023 at 5:00 PM | | | | | |
| 3 | Last date receipt of Bid | 15.03.2023 upto 5:00 PM | | | | | |
| 4 | Last Date Submission Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 16.03.2023 upto 3:00 PM In the Office of - 1. Executive Engineer, D.W.&S. Division, Chatra and 2. Superintending Engineer, D.W&S. Circle, Hazaribagh. 3. Regional Chief Engineer, D.W&S. Department Ranchi Zone, Ranchi. | | | | | |
| 5 | Date of Opening Tender | 16.03.2023 at 05:00 PM | | | | | |
| 6 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drin king Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | | |
| 7 | Name & Address of Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, CHATRA (Jharkhand) | | | | | |
| 8 | Contact No. of Procurement Office | +91-7544099310, +91-9931972161 or 06541-253273 | | | | | |
| 9 | Helpline No. of e-Procurement Cell | 0651-2480345 | | | | | |

- Further details can be seen on & official website http://jharkhandtenders.gov.in.
- Estimated cost may increase or decrease.
- Undersign reserves the right to amend or withdraw any of the terms & conditions contained in the tender document or to accept or reject any or all the tenders without assigning any notice or reason thereof. The decision of the undersigned in this regard shall be find & binding on all.

Executive Engineer
D.W.&S. Division, CHATRA

PR.NO.292038 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

## कार्यालय नगर परिषद्, रामगढ़

**बन्दोबस्ती हेतु आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की नगर परिषद रामगढ़ द्वारा निम्नांकित तालिका में क्रम सं0 01 का का वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिये एक वर्ष (माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024) तक की बन्दोबस्ती हेतु खुला डांक का आयोजन दिनांक 11/03/2023 को अपराह्न 03:00 बजे निर्धारित की गई है।

| क्रम0 | सैरात का नाम | अवधि | बन्दोवस्ती हेतु न्युनतम डाक बोली की राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | Town Hall, Near-DC Office,Chhattarmandu, Ramgarh | वित्तीय वर्ष माह अप्रैल 2023 से माह मार्च 2024 | रू० 1,00,000/– | रू० 10,000/– |

1. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत की राशि बैंक ड्राफ्ट जो कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद रामगढ़ के पदनाम से कैंनरा बैंक रामगढ़ के मुख्य शाखा रामगढ़ में भुगतेय हो, डाक की तिथि से एक दिन पूर्व जमा करना होगा।
2. किसी भी डाक को अस्वीकृत या बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार नगर परिषद रामगढ़ को सुरक्षित रहेगा एवं किसी प्रकार का दावा मान्य नही होगा।
3. सफल डाक वक्ता द्वारा बिना उचित कारण के डाक की राशि निर्धारण समय सीमा के अन्तर्गत जमा नहीं करने पर उन्हें काली सूची में डाल दी जायेगी।
4. डाक की शेष नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी नगर परिषद रामगढ़ कार्यालय के सूचना पट्ट एवं jharkhand tenders.gov.in (website) पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद, रामगढ़

PR 292000 District (22-23)_D

## Government of Jharkhand
## District Health Society, Lohardaga
## Department of Health, Medical Education & Family Welfare
## Mail ID: cs.lohardaga2@gmail.com

**Tender Notice No.** **Date: 03.03.2023**

**Very short E- Tender notice**

Civil Surgeon cum CMO, Lohardaga invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through E- tender from the registered and eligible bidders for Fire Safety Work on Turnkey basis at Sadar Hospital, Lohardaga within the bid limit of Rupees one crore twenty lakhs.

**e-Tender For Fire Safety Work at Sadar Hospital, Lohardaga.**
**DETAILED TENDER NOTICE**

| | |
|---|---|
| Date of Publication of Bid | 07.03.2023 |
| Bid Submission Start Date | 07.03.2023 |
| Bid Submission Closing Date & Time | 17.03.2023, 02.00 PM |
| Bid Opening Date for Technical Proposal | 18.03.2023, 11.00 AM |
| Date of Opening of Financial Proposal | To be notified Later |
| Application Fee (Non-Refundable) | 5,000.00 in favour of District Health Society, Lohardaga, Payable at Lohardaga. |
| Earnest Money Deposit | 2,50,000.00 in favour of District Health Society, Lohardaga, Payable at Lohardaga. |
| Contact/Helpline No. | |

**Note:** 1. The purchase committee reserves the rights to reject or make the necessary Changes. The same shall be informed to the tendered as and when required.
2. Detailed Bid document can be seen, downloaded and applied through website http://jharkhand tenders.gov.in only. Hard copies of Technical Bid & Financial Bid will not be entertained except original/Application Fee & Earnest Money Deposit.

Civil Surgeon cum CMO,
Lohardaga.

PR 292083 Lohardaga(22-23).D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,खूँटी

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**T. Reference No. :- DWSD/KH-15(CLUS/SVS)/2021-22 (3rd Call), Date 06.03.2023**

| Sl.No. | Name of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Solar based Mini Pipe Water Supply Scheme (SVS) in different Block comprising of suitable R.C.C./Framed Structure ESR distribution line sources (as required) and FHTC all complete job in the different blocks of District- Khunti under D.W. & S. Division, Khunti. | | | | | |
| | Cluster Name | Block | Estimated Cost (Lakh) | Bid Security (Lakh) | Cost of BOQ (Rs) | Time of Completion |
| 1 | 16 | Murhu | 477.07 | 4.80 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| 2 | 17 | Murhu | 471.58 | 4.80 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 10.03.2023/05.00 PM | | | | |
| C) | Bid Submission Start Date | 10.03.2023/05.00 PM | | | | |
| D) | Bid Submission End Date | 17.03.2023/05.00 PM | | | | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 18.03.2023/05.00 PM | | | | |
| F) | Date of Opening of Tender | 20.03.2023/11.00 AM | | | | |
| G) | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | | |
| H) | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | | |
| I) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | | |
| J) | Helpline No. of e-procurement cell | 06528-299928, Mo. No.- 7717776462 | | | | |

नोटः– निविदा की राशि घट/बढ़ सकती है एवं विशेष जानकारी वेबसाईटः– http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 292121 Drinking Water and Sanitation(22-23).D

## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**T. Reference No. :- DWSD/KH-14(CLUS/SVS)/2022-23 (4th Call), Date 06.03.2023**

| Sl. No. | Name of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Solar based Mini Pipe Water Supply Scheme (SVS) in different Block comprising of suitable R.C.C./Framed Structure ESR distribution line sources (as required) and FHTC all complete job in the different blocks of District- Khunti under D.W. & S. Division, Khunti. | | | | | |
| | Cluster Name | Block | Estimated Cost (Lakh) | Bid Security (Lakh) | Cost of BOQ (Rs) | Time of Completion |
| 1 | 19 | Rania | 580.24 | 5.81 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | 10.03.2023/05.00 PM | | | | |
| C) | Bid Submission Start Date | 10.03.2023/05.00 PM | | | | |
| D) | Bid Submission End Date | 17.03.2023/05.00 PM | | | | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | 18.03.2023/05.00 PM | | | | |
| F) | Date of Opening of Tender | 20.03.2023/11.00 AM | | | | |
| G) | Name & Address of Office Inviting Tend er | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | | |
| H) | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | | | |
| I) | Contact No. of Procurement Office | 06528-299928 | | | | |
| J) | Helpline No. of e-procurement cell | 06528-299928, Mo. No.- 7717776462 | | | | |

नोटः– निविदा की राशि घट/बढ़ सकती है एवं विशेष जानकारी के लिये वेबसाईटः– http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी।

PR.NO.292122 Drinking Water and Sanitation(22-23):D

# युद्ध विकल्प नहीं

निस्संदेह, युद्ध किसी विवाद का समाधान नहीं कहा जा सकता। विगत में भारत ने कभी किसी देश पर हमले की पहल नहीं की, युद्ध का विकल्प केवल अपनी सुरक्षा के अंतिम विकल्प के रूप में चुना है। कभी किसी भी स्वतंत्र राष्ट्र की संप्रभुता पर हमले को न्यायोचित नहीं ठहराया है। अपने पड़ोसियों से भी विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का प्रयास किया। देश द्वारा कई दशकों तक अपनायी गई गुटनिरपेक्षता की नीति का भी यही आधार रहा है। यही नहीं दुनिया के कई देशों में शांति स्थापना में भारत की भूमिका निर्णायक रही है। यूक्रेन-रूस संघर्ष में भी भारत ने सभी पक्षों के नेताओं से बातचीत में विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की बात कही है। जल्दी से जल्दी युद्ध विराम की जरूरत को बताते हुए प्रधानमंत्री ने कई देशों के राष्ट्रपतियों से बातचीत की है। यहां हमें राष्ट्रीय हितों के मद्देनजर इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी था कि रूस हमारा एक भरोसेमंद साथी रहा है और दोनों देशों के रिश्ते दशकों तक गहरे रहे हैं। संकट के कई मौकों पर उसने भारत का साथ दिया है। हमें सचेत रहना चाहिए कि चीन पिछले कुछ वर्षों से एलएसी पर जिस तरह अपने साम्राज्यवादी मंसूबों को अंजाम देता रहा है, उसके मंसूबों पर नकेल डालने के लिये रूस से भरोसे के रिश्ते बनाये रखना जरूरी है। इसलिये भी कि भारत की रक्षा जरूरतों की बड़ी निर्भरता रूस पर बनी हुई है। हाल ही में अचूक और उन्नत मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली सौदे का सिरे चढ़ना इसकी मिसाल है। लेकिन ऐसे वक्त में जब यूक्रेन में बड़ा मानवीय संकट खड़ा हो गया है भारत अपने दायित्वों से विमुख नहीं हो सकता है। निस्संदेह, किसी देश पर हमला इतिहास को फिर से लिखने की निर्मम कोशिश ही कही जायेगी, उसे मानवता व किसी देश की संप्रभुता की दृष्टि से कतई तार्किक नहीं ठहराया जा सकता।

# सड़क सुरक्षा

अक्सर देखने में आता है कि इस तरह के वैकल्पिक मार्गो पर सरकारी तंत्र के द्वारा सुरक्षा व चिकित्सा के इंतजाम ना होने के कारण दुर्घटना होने के हालात में वाहन में यात्रा करने वाले सभी लोगों की जानमाल पर बहुत बड़ा खतरा बन जाता है। वैसे भी वैकल्पिक मार्गों पर जब कभी अचानक से वाहनों की भीड़ हो जाती है तो वाहनों की सुरक्षा के इंतजाम ना होने की वजह से दुर्घटना घटित होने की बहुत अत्याधिक संभावना बन जाती है। अगर हम लोग विचार करें तो भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों के आंकड़े सभी जिम्मेदार देशवासियों को एकदम से झकझोर कर चौंकाते हैं। हर वर्ष लाखों लोग सड़कों पर असमय काल का ग्रास बनकर अपने प्यारें परिजनों को रोता बिलखता छोड़कर अचानक दुनिया से चले जाते है। भारत में प्रत्येक दिन 414 लोग सड़क पर होने वाले विभिन्न हादसों में मौत का एक ही पल में शिकार बन जाते हैं, भारत में इस स्थिति को देखकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वर्ष 2030 तक सड़क हादसों में मरने और घायल होने वालों की संख्या को घटा कर आधा करने का लक्ष्य रखा है, वहीं केन्द्र सरकार इस लक्ष्य को पांच साल पहले यानी वर्ष 2025 तक ही हासिल करने की दिशा में धरातल पर लगातार ठोस पहल कर रही है। सड़क पर वाहन चलाते समय यातायात के नियमों की अनदेखी वाहन चालकों के खुद व अन्य लोगों के लिए जानलेवा बन जाती है। हालांकि उसको रोकने के लिए भारत सरकार ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से अच्छी खासी मोटी धनराशि का जुमार्ना चालान करके वसूलना शुरू कर रखा है, लेकिन फिर भी धरातल पर स्थिति ढ़ाक के वही तीन पात बनी हुई है, चालान व दुर्घटनाओं का ग्राफ देखकर लगता है कि धरातल पर अभी भी हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं।

# होली का आध्यात्मिक रहस्य और भाव



**होली** भी, भगवान द्वारा आत्माओं को अपने संग के रंग में और ज्ञान के रंग में रंगने के कर्त्तव्य का यादगार है। ज्ञान को सच्ची पूंजी, अविनाशी खजाना, परम औषधि, अमृत, अंजन, प्रकाश और (प्रभु की मस्ती में रंग देने वाला रंग भी कहा गया है। प्रभु के संग से आत्मा में जो अलौकिक निखार आता है, उसे ज्ञान का रंग चढ़ना कहा जाता है। कबीर ने कहा,

लाली मेरे लाल की,जित देखूँ तित लाल,
लाली देखन मैं गई,मैं भी हो गई लाल

अर्थात प्रभु के संग का रंग ऐसा लगा जो आत्मा उनके समान बन गई। कालान्तर में, परमात्म संग का रंग में से ह्यपरमात्म संग शब्द तो निकल गया और होली मात्र रंगों का त्योहार रह गया।

**होली शब्द के अर्थ**

परमपिता परमात्मा शिव ने हमें होली शब्द के तीन अर्थ बताये हैं (1) होली अर्थात बीती सो बीती, जो हो गया उसकी चिन्ता न करो तथा आगे के लिए जो भी कर्म करो, योगयुक्त होकर करो, (2) होली अर्थात हो गई। मैं आत्मा अब ईश्वर अर्पण हो गई, अब जो भी कर्म करना है, वह ईश्वर की मत पर ही करना है, (3) होली अर्थात पवित्र। हमें जो भी कर्म करने हैं, वे किसी भी विकार के वश होकर नहीं वरन पवित्र बुद्धि से करने हैं।

**होली मनाने का समय**

होली का त्योहार वर्ष के अंतिम मास फाल्गुन की पूर्णिमा को मनाया जाता है। सृष्टि चक्र के दो भाग हैं, ब्रह्मा का दिन और ब्रह्मा की रात्रि। ब्रह्मा का दिन है सतयुग-त्रेतायुग। उस समय सभी देवात्मायें ईश्वरीय रंग में रंगी होती हैं परंतु जब द्वापरयुग आता है और ब्रह्मा की रात्रि का प्रारंभ होता है तो मानवात्मायें माया (विकारों) से बदरंग होने लगती हैं। कलियुग के अंत तक तो इतनी बदरंग हो जाती हैं कि अपनी असली पहचान से पूरी तरह दूर चली जाती हैं, तब निराकार परमात्मा शिव धरती पर अवतरित होकर विकारों से बदरंग बनी आत्माओं को अपने संग का रंग लगाते हैं। उन्हें उजला बनाए उनमें ज्ञान, शान्ति, प्रेम, सुख, आनन्द, पवित्रता, शक्ति आदि गुण भरकर देवतुल्य बना देते हैं। चूँकि यह घटना कल्प के अंत में घटती है इसलिए यादगार रूप में यह त्योहार भी वर्ष के अंतिम मास के अंतिम दिन मनाया जाता है। भगवान जब आते हैं तो स्वयं तो ज्ञान-गुणों का रंग आत्माओं पर लगाते ही हैं पर जिन पर ज्ञान-गुणों का रंग लग जाता है, उन्हें यह आदेश भी देते हैं कि अब तुम अन्य आत्माओं पर भी यह रंग लगाओ। इसी की याद में इस त्योहार पर मनुष्य एक-दो को गुलाल आदि लगाते हैं।



-ब्रम्हाकुमारी

होली का त्योहार वर्ष के अंतिम मास फाल्गुन की पूर्णिमा को मनाया जाता है। सृष्टि चक्र के दो भाग हैं, ब्रह्मा का दिन और ब्रह्मा की रात्रि। ब्रह्मा का दिन है सतयुग-त्रेतायुग। उस समय सभी देवात्मायें ईश्वरीय रंग में रंगी होती हैं परंतु जब द्वापरयुग आता है और ब्रह्मा की रात्रि का प्रारंभ होता है तो मानवात्मायें माया (विकारों) से बदरंग होने लगती हैं। कलियुग के अंत तक तो इतनी बदरंग हो जाती हैं कि अपनी असली पहचान से पूरी तरह दूर चली जाती हैं।

परमात्मा शिव द्वारा ज्ञान के रंग में मनुष्यों को रंगने का कर्त्तव्य केवल एक या दो दिन नहीं, वर्ष भर नहीं लेकिन लगातार कई वर्षों तक चलता है। ईश्वरीय कर्त्तव्य का यह संपूर्ण काल ही सच्ची होली है। लेकिन भक्तों द्वारा, कई वर्ष चलने वाले ईश्वरीय कर्त्तव्य की यादगार के रूप में केवल एक या दो दिन गुलाल आदि डालकर, लकड़ियाँ और उपले जलाकर होली मना ली जाती है।

**होली कथा का रहस्य**

हिरण्यकश्यप, होलिका तथा प्रह्लाद की कथा का वास्तव में आध्यात्मिक रहस्य है। जो लोग प्रह्लाद की तरह स्वयं को परमात्मा का एक वत्स (पुत्र) निश्चय करते हैं, उन्हीं से परमात्मा की प्रीति होती है और जो लोग हिरण्यकश्यप की तरह मिथ्या ज्ञान के अभिमानी हैं, स्वयं को भगवान मानते हैं, वे विनाश को प्राप्त होते हैं और होलिका की तरह जो आसुरियता का साथ देते हैं, वे भी विनाश को पाते हैं। यह जो कहा गया है कि हिरण्यकश्यप ने वर प्राप्त किया था कि न मैं दिन में मरूँ, न रात में, न अंदर मरूँ, न बाहर न किसी मनुष्य द्वारा मरूँ, न देवता द्वारा यह भी संगमयुग की ही बात है। यह संगमयुग अतुलनीय युग है। यह न ब्रह्मा का दिन है और न ब्रह्मा की रात्रि, यह दोनों का संगम है। यहाँ न मानव हैं, न देव वरन तपस्वी ब्राह्मण हैं। अतः तपस्या के बल द्वारा मिथ्या ज्ञान के अभिमान और आसुरी वृत्तियों का अंत इसी समय होता है।

**होली मनाने की विधि**

होली के त्योहार को मनुष्य चार प्रकार से मनाते हैं झ 1. एक-दूसरे पर रंग डालना, 2. होलिका जलाना, 3. मंगल मिलन मनाना, 4. श्रीकृष्ण की झांकी सजाना

1. एक-दूसरे पर रंग डालनाः- भगवान आत्मा पर ज्ञान, गुण और शक्तियों का रंग लगाते हैं परंतु मनुष्य महंगे रंगों द्वारा मानव के कपड़ों और कई बार तो चेहरे, आँखों और गले को भी नुकसान पहुँचा देते हैं। इस प्रकार, इस निर्धन देश के करोड़ों रुपये रंगों और रंगे हुए कपड़ों की भेंट चढ़ जाते हैं। क्या ही अच्छा हो, यदि हम होली को विकृत रूप में न मनाकर, इसके शुद्ध स्वरूप में जैसे भगवान ने सिखाई थी, वैसे ही मनाएँ।

मीरा के एक सुन्दर भजन से भी हमें ऐसी ही प्रेरणा मिलती है। भजन इस प्रकार है झ

फागुन के दिन चार,होली खेल मना रे।
बिन करताल पखावज बाजै, अनहद की झणकार रे।बिन सुर राग छत्तीसूँ गावै,
रोम रोम रणकार रे।सील संतोष की केसर घोली,प्रेम प्रीति पिचकार रे।
उड़त गुलाल लाल भयो
अम्बर बरसत रंग अपार रे।।
घट के सब पट खोल दिये हैं लोकलाज सब डार रे।मीरा के प्रभु गिरधर नागर,
चरण कंवल बलिहार रे।।

मीरा कहती है, होली मनाना अर्थात निरंतर अनहद नाद सुनना। शील, संतोष की केसर घोलकर प्रेम की पिचकारी छोड़ना, लोकलाज छोड़कर आत्मदर्शन करना और परमात्मा पर बलिहार हो जाना।

होलिका जलानाः इस दिन लोग, अनेक घरों से इकट्ठी की हुई लकड़ियों और गोबर को जलाते हैं और सोचते हैं, इससे दुख, दरिद्रता, अपवित्रता जल जायेगी परन्तु सोचने की बात है, भारत के देहातों में तो सदियों से प्रतदिन लोग गोबर और लकड़ियाँ जलाते आ रहे हैं परंतु दरिद्रता और अपवित्रता तो जली नहीं, और ही बढ़ती जा रही है। वास्तव में लकड़ियों और कण्डों को अग्नि में नहीं बल्कि योगामिन में पुराने संस्कार, स्वभाव, पुरानी कट स्मृतियाँ जला देने से हमारे दुख दूर हो सकते हैं। कहीं- कहीं उपलों में धागे डालकर भी होलिका जलाने की प्रथा है वह इस रहस्य का परिचय देती है कि यह शरीर उपलों की तरह विनाशी है।

## खास बात

### महिलाओं को जॉब



**प्रिया राज**

सीएमआईई के अलावा इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाईजेशन के एक सर्वे में भी डराने वाले तथ्य सामने आया है कि कोविड-19 से पुरुषों के मुकाबले महिलाओं के रोजगार पर ज्यादा बुरा असर पड़ा है। संस्था ने मुंबई में एक सर्वे किया और पाया कि जहां तीन-चैथाई पुरुषों के रोजगार पर महामारी ने असर डाला, वहीं महिलाओं का हिस्सा लगभग 90 प्रतिशत रहा। इसी सर्वे में पाया गया कि पुरुषों के लिए नया रोजगार पाना महिलाओं के मुकाबले आठ गुना आसान रहा। उदाहरण के लिए पुरुषों ने चीजों को डिलीवर करने की जॉब कर ली, जो भारत जैसे समाज में महिलाएं आसानी ने नहीं कर सकतीं। सीएमआईई के अनुसार, साल 2019 में 9.7 फीसदी शहरी महिलाएं लेबर फोर्स का हिस्सा थीं। लेकिन महामारी के दौरान ये हिस्सा घटकर 6.9 फीसदी हो गया। संस्था ने पूरे भारत में एक लाख 70 हजार परिवारों से बात करने के बाद ये तथ्य पेश किए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यस्थलों पर इकहत्तर फीसद कामकाजी पुरुषों के मुकाबले महज ग्यारह फीसद रह गई हैं। जाहिर है, बेरोजगारी के आंकड़े भी इन्हीं आधारों पर तय होते हैं। इसमें शक नहीं कि सामाजिक परिस्थितियों में महिलाओं को रोजाना जिन संघर्षों का सामना करना पड़ता है, उसमें अब भी उनके हौसले बुलंद है।अचानक नौकरी और रोजगार गंवा देने का सीधा असर उनके मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ा है और वे उससे भी जूझ रही हैं। यों जब भी किसी देश या समाज में अचानक या सुनियोजित उथल-पुथल होती है, कोई आपदा, युद्ध एवं राजनीतिक या मनुष्यजनित समस्या खड़ी होती है तो उसका सबसे ज्यादा नकारात्मक असर स्त्रियों पर पड़ता है और उन्हें ही इसका खामियाजा उठाना पड़ता है। महामारी के संकट में भी स्त्रियां ही सबसे ज्यादा प्रभावित हुईं। ताजा सर्वे में नौकरियों और रोजगार के क्षेत्र में उन पर आए संकट पर चिंता जताई गई है। पूर्णबंदी के चलते महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई। सवाल है कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों पैदा होती है? **(प्रशिक्षु संतजेवियर कॉलेज रांची)**

# कैसे-कैसे प्रसंग

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**अयोध्या** आये लोगों ने देखा कि तीन लोकों में ऐसी उन्नति और कही नहीं है। लोगों में अदभुत प्रीति है। हर जगह पेड़ों में फल लगे हुए हैं, खतों में फल लहलहा रहें हैं। जितने पशु हैं सभी स्वस्थ्य और तन्दुरुस्त हैं।ये सारी व्यवस्था देखकर सभी लोग अत्यंत प्रसन्न हुए। सारे लोगों की विदाई की गयी। वे लोग रामराज का वर्णन सारे संसार में फैला दिये। रामराज की तरह कोई दूसरा राज संसार में नहीं है। जब रामराज सुचारु रूप से चल रहा था तब राम ने सारी व्यवस्था कर दी थी। लक्ष्मण जी उनकी निजी सेवा का देखरेख करते थे। शत्रुध्न जी को सेनापति बनाया गया था। अयोध्या की कार्य व्यवस्था राज्य का हो या नगर का भरत जी को सौंपा गया था। इस प्रकार व्यवस्था अत्यंत सुचारू रूप से चलने लगा। सुबह के समय धर्म सभा होती थी जितने ऋषि मुनि संत महात्मा एवं ब्राह्मण थे उस सभा में जुटते थे। जो कोई चाहता हो इस सभा में आने की इजाजत थी। धार्मिक चर्चा होती और चारों ओर से लोग आकर राम से मिलते थे।

जब राज चल रहा था उसकी समय एक अप्रिय प्रसंग उठ गया। यह प्रसंग सीता के विषय में था। जहां तहां लोगों में चर्चा भी होती थी कि सीता का रानी बनना जायज है। यह चर्चा धीरेञधीरे अयोध्या में फैलती जा रही थी। एक दिनएक धोबिन जो कपड़ा बाटने पड़ोस की गांव में गयी थी वह आंधी पानी आने के कारण उसी गांव में ही ठहर गयी। सुबह जब वह अपने घर आयी तो और घर के अंदर जाने लगी तो उसका पति द्वार पर डंडा लेकर खड़ा हो गया। वह डांटकर बोला अंदर मत जाओ।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### अंकुश लगे

**अपराध** पर नियंत्रण के अभाव में न केवल अपराधी बढ़ रहे हैं राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के मुताबिक सन ्2020 में प्रतिदिन हत्या की औसतन 79 घटनाएं हुई हैं। सन ्2021 के मुकाबले हालांकि इसमें 0.3 फीसदी की कमी अवश्य आई है मगर फिर भी चिंता बरकरार है। जरूरी है तभी अपराधों पर नियंत्रण हो सकेगा।

**-अमृतलाल मारू, कोडरमा**

### सतर्क रहें

**देश** में कई स्थानों पर कोरोना बढ़ रहा है। यदि इस महामारी के प्रति लापरवाही बरतते हैं तो तीसरी लहर का खतरा काफी हद तक बढ़ सकता है। आम जनता का भी यह फर्ज बनता है कि सरकार द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश का सख्ती से पालन करे। वरना इसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं। इस दिशा में सरकार को सोचने की आवश्यकता है।

**-संदीप कुमार वत्स, रांची**

तकनीकी कौशल से दक्ष युवा राज्य व राष्ट्र के विकास का ग्रोथ इंजन हैं। यूपी सरकार इस दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले सभी युवाओं को हार्दिक शुभकामनाएं!

**- योगी आदित्यनाथ**

## आपके ट्वीट

न्याय के लिये हम सब के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। हम सब मिलकर इसके लिये आवाज उठाते रहेंगे।

(संदर्भ कपिल सिब्बल का प्रेस कॉन्फ्रेंस) **- हेमंत सोरेन, सीएम**





**संतुलित** नीद उत्तम पाचक रस निर्मात्री, श्रम हारिणी,दिव्य द्रव्य प्रदात्री तथा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य संतुलन सहायिका है ! यद्यपि आत्मकल्याण के लिए आलस्य व दीर्घसूत्रता का त्याग सर्वथा श्रेयस्कर है। निद्रा का व्युत्क्रम न हो ! **-अवधेशानंद गिरी**

# होली पर्व के आगमन की पूर्व सूचना देता होलाष्टक

## पर्व-त्योहार

**बीके पाण्डेय**

**भारतीय** पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाई जाने वाली होली पर्व के आगमन की पूर्व सूचना होलाष्टक से प्राप्त होती है। यही कारण है कि होलाष्टक को होली पर्व की सूचना लेकर आने वाला एक हरकारा कहा जाता है।होलाष्टक से होली के आने की दस्तक मिलने के साथ ही इस दिन से होली उत्सव के साथ-साथ होलिका दहन की तैयारियां भी शुरू हो जाती है।होलाष्टक दो शब्दों के योग से बना है - होला+ अष्टक अर्थात होली से पूर्व के जो आठ दिन होते हैं, वे होलाष्टक कहलाते हैं ।उल्लेखनीय है कि होली एक दिन का पर्व न होकर पूरे नौ दिनों का त्यौहार है। धुलेण्डी के दिन रंग और गुलाल के साथ इस पर्व का समापन होता है। अर्थात होली पर्व की शुरूआत होलाष्टक से प्रारम्भ होकर धुलैण्डी तक रहती है।इसके कारण प्रकृति में खुशी और उत्सव का माहौल रहता है। मान्यता है कि जब भगवान श्री भोलेनाथ ने क्रोध में आकर कामदेव को भस्म कर दिया था, तो उस दिन से होलाष्टक की शुरूआत हुई थी ।होलिका दहन फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को किया जाता है। इस साल फाल्गुन मास की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा 08 मार्च को पड़ रही हैं, होलाष्टक अर्थात होली से पहले के आठ दिनों में शुभ मुहूर्त देखकर किये जाने वाले विवाह, ग्रह प्रवेश, नवीनव्यवसायप्रारम्भ करने या अन्यान्य शुभ कार्य आरम्भ नहीं किये जाते।

होलाष्टक से सम्बन्धित पौराणिक मान्यता के अनुसारहिरण्यकशिपु ने अपने पुत्र भक्त प्रहलाद को भगवद्भक्ति से हटाने और स्वयं अर्थात हिरण्यकशिपु को ही भगवान की तरह पूजन हेतु तैयार करने के लिए अनेक यातनाएं दी लेकिन जब किसी भी उपाय से प्रहलाद के द्वारा भगवद्भक्ति से मुंह न मोड़ने और अपने पिता हिरण्यकशिपु को भगवान की तरह पूजने के लिए तैयार न होने पर होली से ठीक आठ दिन पहले उसने प्रह्लाद को मारने के प्रयास आरंभ कर दिये थे, लेकिन लगातार आठ दिनों तक भगवान अपने भक्त प्रहलाद की रक्षा करते रहे । फाल्गुन पूर्णिमा का दिन होलिका के अंत और नरसिंह भगवान के द्वारा हिरण्यकशिपु को मार दिए जाने पर यह सिलसिला थमा। इसलिये आज भी भारतीय इन आठ दिनों को अशुभ मानते हैं। लोगों का बिश्वास है कि इन दिनों में शुभ कार्य करने से उनमें विघ्न बाधाएं आने की संभावनाएं अधिक रहती हैं।एक अन्य पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव ने अपनी तपस्या भंग करने का प्रयास करने पर क्रोद्ध में आकर कामदेव को फाल्गुन शुक्ल अष्टमी तिथि को भस्म कर दिया था, तब से ही होलाष्टक की शुरूआत हुई ।कामदेव प्रेम के देवता माने जाते हैं, इनके भस्म होने के कारण समस्त संसार में शोक की लहर फैल गई थी।जब कामदेव की पत्नी रति द्वारा भगवान शिव से क्षमा याचना की गई, तब शिव ने कामदेव को पुनर्जीवन प्रदान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद लोगों ने खुशी मनाई। होलाष्टक का अंत धुलेंडी के साथ होने के पीछे एक कारण यह माना जाता है।ज्योतिष शास्त्र में भी होली से आठ दिन पूर्व शुभ कार्यों के करने की मनाही होती है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार इन दिनों में किए गए कार्यों से कष्ट, अनेक पीड़ाओं की आशंका रहती है तथा विवाह आदि संबंध विच्छेद और कलह का शिकार हो जाते हैं या फिर अकाल मृत्यु का खतरा या बीमारी होने की आशंका बढ़ जाती है।होलाष्टक में शुभ कार्य न करने के पीछे ज्योतिषीय कारण भी बताई जाती है। ज्योतिषियों के अनुसार इन दिनों में नकारात्मक उर्जा अर्थात नेगेटिव एनर्जी काफी हावी रहती है। होलाष्टक अष्टमी तिथि से आरंभ होता है। और अष्टमी से लेकर पूर्णिमा तक अलग-अलग ग्रहों की नकारात्मकता अर्थात नेगेटिविटी काफी उच्च रहती है।

# जीवन को अपसेट नहीं फरफेक्ट बनायें

## समाज



**के खुशी**

**आज** सुविधाओं का बहुत विस्तार हुआ है, जो साधन किसी समय में विरले व्यक्तियों के लिए सुलभ थे, वे आज सर्वसाधारण के लिए सुलभ हैं, आज साधारण परिवारों में भी टी.वी. है, लेपटाप है, मोबाइल है, कार है, सोफा-सेट है, गोल्डन-सेट है, डायमण्ड-सेट है, पर इन सारे कीमती सेटों के बावजूद मन अपसेट है? व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में तनाव, टकराव और बिखराव बढ़ रहे हैं। हमारे जीवन में मन की शांति साधन-सुविधाओं से भी अधिक महत्वपूर्ण है, लेकिन हमारा ध्यान उस ओर नहीं जा रहा है। नतीजा इंसान का मिजाज बिगड़ रहा है, जिससे वह स्वयं भी अशांत रहता है, पारिवारिक जीवन भी अशांत और अव्यवस्थित रहता है और इसका प्रभाव समाज एवं देश में भी देखने को मिलता है।

मूड-ऑफ की बात मम्मी-पापा ही नहीं, छोटे-छोटे बच्चों में देखने को मिलती है। जब तक मन को प्रशिक्षित, संतुलित और अनुशासित बनाने की दिशा में मानव समाज जागरूक नहीं होगा, तब तक बौद्धिक और आर्थिक समृद्धि भी तलवार की धार बन सकती है, विकास और उल्लास का साधन नहीं होकर विषाद और विनाश का कारण हो सकती है। जीवन अवसर नहीं, अनुभव का नाम है। हर समय की तेरी-मेरी, हार-जीत और हरेक चीज को अपने काबू में करने की उठापटक बेचैनी के सिवा कुछ नहीं देती। किसी न किसी रूप में दुख हरेक की जिंदगी में होता है। कई बार कचोट इतनी गहरी होती है कि जैसे-जैसे समय बीतता है, उसकी कड़वाहट हर चीज को अपनी गिरफ्त में लेने लगती है। पर दार्शनिक रूमी कहते हैं, ह्य देखना, तुम्हारे दुख और दर्द जहरीले न हो जाएं। अपने दर्द को प्रेम और धैर्य के धागे के साथ गूंथना।ह्व ऐसा करने का एक ही माध्यम है मन को समझाना, उसे तैयार करना। मन के संतुलन एवं सशक्त स्थिति से, मन की भावना और कल्पना से ही मनुष्य सम्राट और भिखारी होता है। जिसका मन प्रसन्न और स्वस्थ है, वह अकिंचन होकर भी सम्राट है। जो अशांति और व्याकुलता के दावानल में जलता रहता है, वह संपन्न और समृद्ध होकर भी भिखारी के समान है। मानसिक स्वास्थ्य एवं संतुलन के अभाव में थोड़ी-सी प्रतिकूलता भी व्यक्ति को भीतर से तोड़ देती है।मन के जीते जीत है, मन के हारे हारह्व-यह कहावत बिल्कुल सही है। अनुकूलता और प्रतिकूलता, सरलता और कठिनता तथा सुख व दुःख की अनुभूति के साथ मन की कल्पना का संबंध निश्चित होता है।जिस प्रकार दिन और रात का अभिन्न संबंध है उसी प्रकार सुख-दुःख, हर्ष-शोक, लाभ-अलाभ व संयोग-वियोग का संबंध भी अटल है। हमें सच्चाई को गहराई से आत्मसात करना चाहिए। किसी भी व्यक्ति और परिस्थिति के प्रति शिकायत, ईर्ष्या, धृणा, द्वेष और गिला-शिकवा की भाषा में नहीं सोचना चाहिए। जब मन में शांति के फूल खिलते हैं, तो कांटों में भी फूलों का दर्शन होता है। जब मन में अशांति के कांटे होते हैं तो फूलों से भी चुभन और पीड़ा का अनुभव होता है।कहा जाता रहा है- ईर्ष्या मत करो, धृणा और द्वेष मत करो। क्योंकि ये समस्या के कारण हैं। यह उपदेश धर्म की दृष्टि से ही नहीं, स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन गया है।

(प्रशिक्षु संतजेवियर कॉलेज रांची)

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### डोभा में नहाने के क्रम में भाई बहन की मौत

**इचाक।** रविवार दोपहर दो बजे प्रखंड के अलौंजा खुर्द पंचायत के मदनपुर गांव में दिल दहला देने वाली से लोग अचंभित है। गांव के सुमन कुमारी 12 वर्ष और उसका सहोदर भाई सौरभ कुमार 6 वर्ष पिता मनोज कुमार यादव की मौत डोभा में डूबने से हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद ग्रामीण और मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता घटनास्थल पर पहुंचे।आधा घंटा मशक्कत के बाद मृत भाई बहन को डोभा से निकालकर तत्काल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया घटना के बाबत मुखिया सकेन्द्र प्रसाद मेहता ने बताया कि सुमन और सौरव मवेशि चराने मदनपुर नदी किनारे गए थे। इसी बीच बहन पेड़ के छांव में बैठ गई जबकि सौरव बगल के डोभा में नहाने चला गया। अचानक सौरव गहरे पानी में चला गया और चिल्लाने लगा जिसे बचाने के लिए सुमन डोभा में कूद गई।जिसके बाद दोनों भाई बहन गहरे पानी में चले गए। जहां डूबने से दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक बच्चे के पिता निर्धन गरीब परिवार से है वे मजदूरी करके बच्चों का पालन पोषण करते थे जिगर के टुकड़े दो बच्चों की दर्दनाक मौत की खबर सुनते ही मृतक बच्चों की मां सरिता देवी दादी चाचा चाची फुआ और ग्रामीण महिलाओं के चित्कार से मदनपुर गांव दहल गया।वही होली का त्यौहार गम में तब्दील हो गया हर कोई विधाता को कोस रहे थे घटना की जानकारी होने पर इचाक पुलिस का दल मदनपुर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया देर शाम दोनों भाई बहन का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### बड़कागांव यादव समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड स्तरीय यादव समाज का होली मिलन समारोह ग्राम नापो कला काली मंदिर के प्रांगण में किया गया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष फागू यादव एवं संचालन प्रखंड सचिव कमल यादव के द्वारा किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि कारगिल योद्धा सूबेदार हृदयानंद यादव एवं विशिष्ट अतिथि मंजीत यादव समारोह में उपस्थित हुए। समारोह में सर्वप्रथम कृष्ण भगवान के फोटो पर पुष्प एवं अबीर गुलाल अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस समारोह में बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत विभिन्न गांव से यदुवंशी लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में होली गीत के साथ -साथ रंग गुलाल भी खूब चला एवं अतिथियों ने भी होली गीत का खूब आनंद लिया।

### बीएम मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन

**बड़कागांव।** ठाकुर मुहल्ला रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम संचालित बीएम मेमोरियल स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन निर्देशक संदीप कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया। जिसमें शिक्षक व छात्र -छात्राओं ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर निर्देशक संदीप कुशवाहा ने कहा होली का त्यौहार सभी भेदभाव को छोड़कर समाज के लोगों को एकजुट एंव आपसी भाईचारे का पैगाम देता है। वहीं स्कूल के प्राचार्य कैलाश कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं व अभिभावकों से अपील किया कि हर्बल होली खेले और पानी को बचाएं क्योंकि पानी हमारे आने वाले भविष्य के लिए काफी उपयोगी है पानी का दुरुपयोग ना करें।

### बीडीओ और प्रमुख में हुई रार, प्रमुख ने पंचायत समिति की आहूत बैठक को किया रद्द

**दारू।** दारू प्रखंड मुख्यालय एक बार फिर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी तालमेल की कमी और मान सम्मान की लड़ाई का गवाह बनता जा रहा है।जनसमस्या को लेकर एक बार फिर बीडीओ, अंचलाधिकारी और जनप्रतिनिधियों एक दूसरे के विरुद्ध टकरा रहे है। प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रमुख कुमारी स्वेता के द्वारा पंचायत समिति की बैठक बुलाई गई थी पर इस बैठक में कई विभाग के जनप्रतिनिधि मौजूद नही थे साथ ही पंचायत समिति सदस्यों ने भी बैठक की जानकारी नही देने का आरोप लगाया। पंचायत समिति सदस्यों का कहना था कि उन्हें व्हाट्स अप न्यूज ग्रुप के माध्यम से चिट्ठी भेज दी जाती है उन्हें इसकी ब्यक्तिगत जानकारी मिलनी चाहिए।इसी बात से नाराज होकर प्रमुख ने आहूत बैठक को रद्द कर दिया जिसे लेकर बीडीओ , सीओ और प्रमुख के साथ गरमागरम बहस हो गई। बहस के दौरान मुखिया संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार देव, उपप्रमुख कौशल्या देवी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। यह बैठक रद्द होने के बाद नाराज प्रमुख व अन्य ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीडीओ व अंचलाधिकारी के ब्यवहार पर नाराजगी जताते हुए होली के बाद दोनो मुख्यालय में ब्यापत भ्रस्टाचार और रिस्वतखोरी व अधिकारियों के खराब ब्यवहार को लेकर आंदोलन करने की चेतवानी दी।

### माली समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

**बरही।** माली मालाकार कल्याण समिति ने विधानसभा स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता माली समाज के अध्यक्ष भोला माली व संचालन सचिव बसंत माली ने किया। होली मिलन समारोह के उपरांत महात्मा ज्योतिबा फूले एवं माता सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों को क्रमबद्ध तरीके से एक दूसरे को गुलाल लगाकर स्वागत किया व होली की शुभकामनाएं देकर होली मिलन समारोह मनाया। मौके पर माली समाज के सचिव बसंत माली ने समारोह में पहुंचे अतिथियों को साधुवाद दिया और लोगों से कहा कि आपकी यही एकजुटता ही हमारे समाज को आगे बढ़ाएगी। अध्यक्ष भोला मालाकार ने कहा कि होली एकजुटता का प्रतीक है।बीते क्लेश को भूलाकर हम सब मिलजुल समाज के प्रति खड़ा रहेंगे।

### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, हजारीबाग नगर के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली ,हजारीबाग में होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। होली मिलन समारोह में माननीय ताराकांत शुक्ल ,सह जिला संघचालक, माननीय कुणाल जी, प्रांत शारीरिक प्रमुख एवं प्रोफेसर प्रदीप प्रसाद, सह विभाग कार्यवाह उपस्थित थे ।मौके पर प्रांत शारीरिक प्रमुख कुणाल जी ने उपस्थित स्वयंसेवकों को होली की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा वसुधैव कुटुंबकम एवं सर्वे भवंतु सुखीन के भाव के साथ हम सभी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं । समारोह में सभी स्वयंसेवक बंधुओं ने एक दूसरे को अबीर लगाकर एवं गले लग कर होली की शुभकामनाएं एक दूसरे को दी। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित थे।

पुलिसिया दबंगई के विरोध में सड़क पर उतरे लोग, जनता को सदर विधायक का मिला साथ, कहा

# जोर जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जायेगी

### 12 घंटे तक बंद रही 1000 से अधिक दुकाने

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** कटकमसांडी बाजार स्थित गंगा बाबा नाश्ता होटल के बाहर एक पुलिसकर्मी द्वारा गलत तरीके से मोटरसाइकिल पार्किंग किए जाने के मामले को कटकमसांडी थाना प्रभारी आनंद आजाद ने ऐसा तुल दिया कि पूरे कटकमसांडी में उनकी दादागिरी का दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है की कटकमसांडी थाना प्रभारी ने होटल में रखें डेढ़ बोरी जलावन कोयले को लेकर संचालक को कई अपशब्द कहे और महज डेढ़ बोरी कोयले को 20 बोरी बना देने एवं एफआईआर कर जेल भेज देने की धमकी भी दे डाला। यह बात आग की तरह फैल गई जिसके बाद क्षेत्र की जनता कटकमसांडी थाना प्रभारी के मनमानी रवैया के खिलाफ सड़क पर उतर गई। यहां एक भी दुकान नहीं खुली। लोग शांतिपूर्ण तरीके से धरने पर बैठ गए। इस आंदोलन में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जयसवाल आगे आ गए। धरना प्रदर्शन पर बैठे कटकमसांडी क्षेत्र के व्यवसाई, जनप्रतिनिधि, आम जन और सदर विधायक मनीष जयसवाल से वार्ता करने यहां मुख्यालय डीएसपी राजीव कुमार और इंस्पेक्टर उत्तम तिवारी पहुंचे। आंदोलनकारियों से पुलिस अधिकारी घंटों वार्ता करने की कोशिश में जुटे रहे लेकिन आंदोलनकारी कटकमसांडी थाना प्रभारी के खिलाफ नारा बुलंद करते हुए उन्हें यहां से तत्काल हटाने और न्यायोचित कानूनी कारवाई करने की मांग पर अड़े रहे। सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि पुलिसिया दबंगई के कारण आज होली के अवसर पर जहां लाखों रुपए का कारोबार होता है वैसे में दुकान बंद कर व्यवसाय धरने पर बैठे हुए हैं और इसके कारण पूरी तरह से कटकमसांडी थाना प्रभारी हैं। उन्होंने कहा कि जब तक थाना प्रभारी हटाए नहीं जाते तब तक हम लोग का आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने यह भी कहा की हजारीबाग की धरती पर किसी भी अनैतिक व जोर जबरदस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



लोगो के साथ धरने पर बैठे सदर विधायक

### बड़वार में पानी पटाने के विवाद में महिला को उसके रिस्तेदारो ने जमकर पीटा

**दारू।** दारू थाना क्षेत्र के ग्राम बड़वार में फसलों में पानी पटाने के विवाद में एक महिला की उसके रिस्तेदारो ने जमकर पिटाई कर दी। इस मामले में बड़वार निवासी पीड़ित महिला दुलारी देवी पति अनूप यादव ने दारू थाना में आवेदन देकर इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़ित महिला ने बताया कि उसका पति बाहर रहकर कमाई करता है और वह अपने तीन छोटे छोटे बच्चों के साथ बड़वार में रहती है। सोमवार की सुबह वह अपने बारी में लगी फसलों में पानी पटा रही थी तभी उसकी गोतनी, ससुर पानी पटाने आ गए और छोटी से बात को लेकर आपस मे विवाद हो गया जिसके बाद उसकी गोतनी कौशल्या देवी पति मनोज यादव सीकेन्द्र यादव पिता मनोज यादव, अर्जुन यादव पिता तालों महतो ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट कर दिया जिसमें वह घायल हो गई। महिला ने थाना में आवेदन देकर जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई है।

## सभी को होली की शुभकामनायें : जिला प्रशासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** होली एवं शब ए बारात पर्व के मद्देनजर ज़िला प्रशासन ने आज सोमवार प्रेस कांफ्रेंस सह होली मिलन समारोह आयोजित कर प्रशासनिक व पुलिस तैयारियों के बारे में मीडियाकर्मियों को जानकारी दी गई। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने बताया पर्व के दौरान विधि व्यवस्था बनी रहे, सांप्रदायिक सौहार्द बनी रहे, आम नागरिक सुविधा उपलब्ध रहे इसके लिए प्रशासन मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी है। नगर निगम,स्थानीय प्रशासन, संबंधित विभाग सहित अन्य आकस्मिक सेवा वाले विभाग अलर्ट मोड़ में रहने के लिए निर्देश दिए गए हैं। दूरभाष अथवा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी टीम सक्रिय रहेंगी। विधि व्यवस्था एवं सांप्रदायिक तनाव के मद्देनजर चलंत डीजे के साथ किसी भी तरह के जुलूस निकालने पर पाबन्दी लागू रहने की जानकारी उपायुक्त ने दी। पुलिस अधीक्षक चोथे मनोज रतन ने बताया कि विधि व्यवस्था बनाए रखने एवं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने के लिए पुलिस विभाग पूरी तरह मुस्तैद है। सामान्य पेट्रोलिंग से लेकर आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। 24 घण्टे कन्ट्रोल रूम को क्रियाशील किया गया है। इमरजेंसी सेवाओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इस दौरान तीन हजार अतिरिक्त पुलिस बल के अलावा रैपिड एक्शन फोर्स की तैनाती की जाएगी। हुड़दंगियों पर पुलिस सख्ती से निपटेगी, शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले पर मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधान के तहत कारवाई की जायेगी साथ ही पुलिस गस्त बढाई जायेगी। सोशल मीडिया पर भी पुलिस की आईटी सेल से निगरानी रखी जा रही है।



प्रेस वार्ता करते अधिकारी

# आत्मीयता और सहभागिता का अनूठा पर्व है होली : प्रवीण

जश्न-ए-रंग में सराबोर हुआ श्री अग्रसेन स्कूल, पलाश फूल की होली व शिव तांडव रहा आकर्षण

**खबर मन्त्र संवाददता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल, पटेलनगर भुरकुंडा में सोमवार को होली महोत्सव जश्न-ए-रंग का आयोजन हुआ। महोत्सव का उद्घाटन स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने होलिका दहन के साथ किया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय ने होलिका दहन की परंपरा और इसमें निहित संदेश के बारे में जानकारी दी। होलिका दहन के बाद बच्चों ने शिव बारात झांकी निकाली। जिसमें देव-दानव, वानर-भालू, भूत-पिशाच, का रूप धरे बच्चे शामिल हुए। महोत्सव के दौरान कहीं हास्य-व्यंग्य की पाठशाला चल रही थी, तो कहीं शायरी की महफिल जमी थी। बच्चे लोटपोट हो रहे थे। विद्यार्थियों की अलग-अलग टोलियों मटकी फोड़ा। ढाल और लाठियों से खेली जानी वाली बरसाने की लट्ठमार ने रंग जमाया। महोत्सव का आकर्षण शिव तांडव नृत्य और पलाश फूलों की होली रही। इसके अलावा विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की होली की झांकी भी प्रस्तुत की। महोत्सव में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाया। एक दूसरे को होली की बधाई दी। महोत्सव के दौरान बच्चों और शिक्षकों ने विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया। बच्चों के बीच उपहार भी बांटा गया। शुभकामना संदेश देते हुए निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि हमारे पर्व-त्योहार प्रेम, एकता और सद्भावना के वाहक हैं। त्योहारों के संदेश पर अमल करके ही हम आदर्श समाज का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि होली सिर्फ रंगों का ही त्योहार नहीं है, बल्कि यह सामाजिक समरसता और सौहार्द्र का प्रतीक है। यह आत्मियता और सहभागिता का अनूठा पर्व है। प्राचार्य विवेक प्रधान ने भी सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है। हम सभी को होली के रंगों की तरह ही आपस में मिल जुलकर रहना चाहिए।



होली खेले मशाने में गीत पर शिव-पार्वती का तांडव नृत्य

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** आगामी होली एवं शबे बारात पर्व को लेकर सोमवार को उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने पर्व के शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से आयोजन हेतु शांति समिति के सदस्यों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान अगर कहीं से भी लाउडस्पीकर के माध्यम से अश्लील गाने बजाने अथवा रात्रि 10:00 बजे के बाद लाउडस्पीकर/डीजे का इस्तेमाल किया जाता है तो संबंधित पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को उनके क्षेत्र में वैसे व्यक्ति जो कि पर्व के दौरान सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ सकते हैं उनके खिलाफ धारा 107 के तहत कार्रवाई करने का निर्देश दिया।उप विकास आयुक्त ने शांति समिति के सभी सदस्यों से उनके क्षेत्र में किसी भी प्रकार से सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने अथवा अफवाह फैलाने से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्वरित जिला प्रशासन को देने की अपील करते हुए सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों को मामलों पर तुरंत संज्ञान लेने एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया । उन्होंने पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान रखने एवं किसी भी प्रकार की अफवाह पर तुरंत संज्ञान लेने का निर्देश दिया।



बैठक में शामिल उप विकास आयुक्त व अन्य

### नये पोस्टमास्टर ने पदभार ग्रहण किया

**रामगढ़।** रामगढ़ कैंट प्रधान डाकघर में नए पोस्टमास्टर मनोज कुमार पदभार ग्रहण किया। मनोज कुमार इससे पूर्व लोहरदगा पोस्ट ऑफिस में पोस्टमास्टर के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने पदभार संभालते हुए कहा कि डाकघर की जितनी भी सेवाएं हैं उसे जिले के सभी लोगों तक पहुंचाया जाएगा। हमारे डाकघर में आनेवाले सभी ग्राहकों को सुगमता पूर्वक सेवा प्रदान किया जाएगा। किसी भी ग्राहक को कोई भी परेशानी हो हमसे संपर्क करेंगे हम तत्काल उनकी समस्या को दूर करेंगे। डाकघर में पदभार ग्रहण करने के बाद वे सभी कर्मचारियों से मिले और सहयोग करने की सलाह दी। पदभार ग्रहण करने के पूर्व रामगढ़ डाक विभाग परिवार द्वारा उनका बुके एवं अंग वस्त्र देकर स्वागत किया गया।

# जनमानस की आर्थिक हालत से बेखबर है केंद्र सरकार : अब्दुल

**खबर मंत्र संवाददाता**

**बरही।** पूंजीवादियों के साथ दोस्ती निभाने व देश की गिरती अर्थव्यवस्था के खिलाफ अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अहवान पर पूरे देश भर में एलआईसी कार्यालयों और राष्ट्रीय बैंकों पर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है।जिसके तहत प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अब्दूल मनान वारसी की अध्यक्षता में बैंक ऑफ इंडिया बरही एवं एलआईसी कार्यालय के पास कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। मौके पर कांग्रेस जनों ने मोदी सरकार की पूंजीवादी नीति और बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। राष्ट्रीय संपत्ति को बेचना बंद करो, मोदी अडानी भाई -भाई की नीति नही चलेगी, नही चलेगी तानाशाही आदि नारे लगाए गए। धरना स्थल पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश प्रतिनिधि डॉ निजामुद्दीन अंसारी, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, सेवादल विधानसभा अध्यक्ष उदय केसरी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तोखन रविदास, रघुनंदन गोप, सरीफुल हक, प्रखंड उपाध्यक्ष जमुना यादव, पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रिजवान अली, अल्ताफ कुरेशी, पप्पू ठाकुर, मिथिलेश उपाध्याय, सुरेंद्र यादव, उस्मान अंसारी उर्फ उगन मियां, सुधीर रजक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



धरना प्रदर्शन में बैठे कांग्रेस कार्यकर्ता

## एक नजर में

### डुमर के ग्रामीणों ने पंचायत भवन में बैठकर शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने का लिया निर्णय

**टाटीझरिया।** होली को लेकर डुमर पंचायत भवन परिसर में डुमर गाँव के ग्रामीणों के साथ शांति समिति की बैठक की गई। मुखिया प्रतिनिधि सुजित रजक की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में शांतिपूर्ण माहौल में होली का पर्व मनाने का निर्णय लिया। सुजित रजक ने कहा कि हुड़दंग मचाने वालों पर पैनी नजर रहेगी। होली में चलंत डीजे पर पुरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। अगर कोई व्यक्ति शराब पीकर हुडदुंग मचाएगा उसपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होने होली में किसी भी व्यक्ति को जबरन रंग नहीं लगाने की अपील की। बैठक के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ग्रामीणों ने एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर पंसस प्रतिनिधि कृपाशंकर पांडेय, सोनु पांडेय, दशरथ सिंह, सोनु सिंह, संजय राणा, मो. समीम, सुनिल ठाकुर, विजय ठाकुर, झब्बु सिंह, पप्पू प्रजापति, सीताराम राणा, अजय राणा, बालेश्वर सिंह, सेवा प्रजापति, पप्पू पांडेय, सोनु कुमार, संजय रजक, दिपक रजक, संतोष सिंह, तुलसी प्रजापति, मुकेश प्रजापति, दिलीप सिंह, रोहित यादव, सहित कई ग्रामीण उपस्थित हुए।



पंचायत भवन में बैठक करते ग्रामीण

### होली व रामनवमी को लेकर बैठक आयोजित

**टाटीझरिया।** सनराइज क्लब की बैठक टाटीझरिया पंचायत के मुखिया सुरेश यादव की अध्यक्षता में बाबा बालक नाथ मंदिर प्रांगण में रविवार को हुई। इसमें रामनवमी के मद्देनजर सनराइज क्लब कमेटी को पूरा सहयोग प्रदान करते हुए सदस्यों ने पर्व को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही होली को भी हर्षोल्लास से संपन्न कराने को लेकर आवश्यक चर्चा की गई। अगली बैठक 12 मार्च को निर्धारित की गई है। बैठक में राजू यादव, प्रकाश गुप्ता, अजीत रविदास, मुकेश यादव, पिंटु यादव, छोटन साव, प्रकाश साव, बंटी यादव, राजेंद्र यादव, जितेंद्र साव, शंभू साव, राहुल यादव, संजय यादव व अन्य मौजूद थे।



सनराइज क्लब की बैठक

### अटूट आस्था के केंद्र में सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होती है : रोशन लाल चौधरी

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मेनरोड भुरकुंडा स्थित संकट मोचन मंदिर के 25वें स्थापना दिवस पर रविवार की शाम भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। इसमें सैंकड़ो महिला-पुरूष व श्रद्धालु बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके पूर्व स्थापना दिवस को ले शनिवार से चल रहे 24 घंटे के अखंड-हरिर्कीतन रविवार को समापन हुआ। इस दौरान मंदिर में पूजा-अर्चना और हनुमान चालिसा पाठ का भी आयोजन हुआ। हवण-पुर्णाहुति के बाद भव्य भंडारा का आयोजन हुआ। भंडारा का शुभारंभ मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी व भुरकुंडा पंसस सीमा मुखर्जी ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण कर किया। मौके पर रोशनलाल चौधरी ऐसे आयोजनों से क्षेत्र में भक्ति का संचार बढ़ता है। साथ ही श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डूबकी लगाने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन होता है। श्री चौधरी ने कहा कि सकंट मोचन मंदिर भक्तों के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। यहां सच्चे मन प्रार्थना करने वालों की हर मनोनकामना पूर्ण होती है। स्थापना दिवस को ले मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। साथ ही पूरे मेनरोड भुरकुंडा को महावीरी पताको से पाट दिया गया था।

### कार्य जरूरी बट सुरक्षा सर्वोपरि : रमेश अजमेरिया

**बासल (रामगढ़)।** जेएसपी पतरातू में सोमवार को 52वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्लांट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने सुरक्षा ध्वजारोहण करके किया। मौके पर प्लांट के अधिकारी व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए रमेश कुमार अजमेरिया ने कहा कि अधिकारी हो या कर्मचारी सभी को सुरक्षा का अनुपालन के प्रति दृढ़ संकल्पित रहना पड़ेगा। उन्होंने रोको- टोको अभियान पर जोर देते हुए कहा कि हमसबों की जिमेवारी है कि हम असुरक्षित जगह या कार्य पर लोगों को रोके और टोंके सुरक्षा के सभी मानदंडों को पूरा करते हुए इसे जमीनी स्तर पर लाएं। ताकि हमलोग अपने जीरो इंजूरी लक्ष्य को कायम रख सके। वर्ष 2023 का थीम 'हमारा लक्ष्य-शून्य नुकसान' का भी आह्वान किया और रोको टोको अभियान को प्रोत्साहित किया। सुरक्षा के क्षेत्र में अच्छे कार्य के लिए हरेक सफल विजेताओं की प्लट हेड रमेश कुमार अजमेरिया ने उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कारखाना प्रबंधक व सभी विभागों के शीर्ष अधिकारी और कर्मचारियों उपस्थित रहे। अंत में सभी कर्मचारियों ने हर समय कार्य को सुरक्षित रूप से निष्पादित करने के लिए सुरक्षा की शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन सुरक्षा विभाग जेएसपीएल ने किया।

### एसबीएम पब्लिक स्कूल सुंदर नगर में लगा विज्ञान प्रदर्शनी

**भदानीनगर (रामगढ़)।** एसबीएम पब्लिक स्कूल सुंदरनगर भुरकुंडा में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कारगिल योद्धा एचएन यादव, विशिष्ट अतिथि बासल थाना के एएसआई नरेंद्र प्रसाद सहित सम्मानित अतिथि सांसद प्रतिनिधि जगतार सिंह, समाजसेवी विश्वरंजन सिन्हा व अनामिका श्रीवास्तव, शशि प्रसाद सिन्हा, हीरा शर्मा, गोस्वामी राम दत्त गिरी मुख्य रूप से उपस्थित थें। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन बासल थाना के एएसआई नरेंद्र प्रसाद ने फीता काटकर किया। इसके बाद कारगिल योद्धा एचएन यादव ने अमर जवान स्मारक स्थल में देश के शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पण की। मौके पर प्रधानाध्यापक आरके शर्मा, सचिव इंदु शर्मा अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। तत्पश्चात अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाए गए इंडिया गेट, सर्कुलेटर सिस्टम, जलवायु परिवर्त्तन, उपग्रह संचार मॉडल, जू मॉडल, स्मार्ट भिलेज, डे-नाइट प्रोजेक्ट वर्किंग आदि मॉडलो का अवलोकन कर छात्रों की खूब सराहना की। मौके पर मुख्य अतिथि एचएन यादव ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है। उन्होंने बच्चे देश के भविष्य हैं इसलिए इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। श्री यादव ने पूरे विद्यालय परिवार को होली की शुभकानाएं देते हुए भाईचारगी के साथ त्योहार मनाने की अपील की। वहीं विशिष्ट अतिथि एएसआई नरेंद्र प्रसाद ने कहा कि यहां के बच्चे प्रतिभा के धनी है।

### होली पर्व को भुरकुंडा ओपी व बासल थाना में शांति समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** होली पर्व व शब-ए-बारात को ले भुरकुंडा ओपी और बासल थाना में सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में होली पर्व आपसी भाईचारगी व सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। भुरकुंडा ओपी में बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी अमित कुमार ने करते हुए कहा कि होली आपसी भाईचारगी व प्रेम का संदेश देता है। इसे मिल-जुलकर मनाएं। दोनो लगहों पर बैठक में उपस्थित लोगों से किसी भी तरह के अफवाहों बचने व अप्रिय घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की गई। साथ ही विधि-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस को मदद करने की भी अपील की गई। मौके पर एसआई अक्षय कुमार, एसआई मयंक कुमार, एसआई रामसरीख तिवारी, चमन लाल, जगतार सिंह, संजय मिश्रा, संजय वर्मा, मुकेश राउत सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। बासल थाना में बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमर शुक्ला ने करते हुए कहा कि पर्व के दौरान पुलिस गश्ती तेज की जाएगी। इस दौरान हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।

# 433 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, जेल

## उड़ीसा के संबलपुर से गांजा तस्करी कर गुमला होते हुए औरंगाबाद भेजा जा रहा था, एक पिकअप वाहन को किया गया जब्त

### गांजा लदे वाहन के गुमला के बेहराटोली के पास पलटने से खुला राज



जब्त गांजा व गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसडीपीओ, थाना प्रभारी व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गुमला पुलिस ने 433 किलो गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अभियुक्तों में 21 वर्षीय अक्षय कुमार उर्फ नन्हे कुमार व 34 वर्षीय ब्लास्टर चमार का नाम शामिल है। दोनों उत्तर प्रदेश के भदोही जिला के रहने वाले हैं। गांजे की अनुमानित कीमत 26 लाख रुपया का आका जा रहा है। इस संबंध में सोमवार को गुमला थाना परिसर में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल व थाना प्रभारी विनोद कुमार प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि एक पिकअप वाहन में प्याज के बोरों के नीचे गांजा छुपाकर तस्करी के लिए उड़ीसा के संबलपुर से औरंगाबाद गुमला होते हुए तस्करी किया जा रहा था। इसी क्रम में गुमला थाना क्षेत्र के बेहराटोली के समीप तेज रफ्तार से आ रही पिकअप वाहन पलट गई। तत्काल पुलिस की गश्ती वाहन वहां पहुंची। जहां दुर्घटना में घायल वाहन चालक व सह चालक को पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं प्याज के बोरों को हटाकर देखा गया तो उसमें दूसरा बोरा भी नजर आया। जिसका जांच करने पर उसमें गांजा भरा हुआ पाया गया। लगभग 13 बोरों में गांजा पाया गया। जिसके बाद पुलिस ने गांजा व पिकअप वाहन को जब्त कर थाने ले आयी। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि गांजा को उड़ीसा से औरंगाबाद ले जाया जा रहा था। इस अभियान में एसडीपीओ मनीष चंद्र लाल, थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुअनि सुदामा राम, पुअनि दिलीप टुडू, पुअनि मो. मोज्जमील ने अहम भूमिका निभायी।

# एक नजर में

## लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन समारोह सम्पन्न

**लोहरदगा।** स्थानीय कुंजलाल भवन में लोहरदगा चैंबर ऑफ कॉमर्स का होली मिलन समारोह सह रंगारंग कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसका विधिवत उद्धघाटन चैंबर के पूर्वाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार अग्रवाल, कमल प्रसाद केशरी, अभय अग्रवाल, पूर्व सचिव विवेक कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष अनूप दास क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश कुमार महतो, वर्तमान अध्यक्ष रितेश कुमार, सचिव रकेश कुमार सिन्हा वरीय उपाध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, उपाध्यक्ष धनन्जय कांस्यकार, वरिष्ठ व्यापारी दीपक जायसवाल समेत कार्यकरिणी सदस्यों के साथ संयुक्त द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित व्यापारियों को रंग गुलाल लगाकर तथा रिंकू अग्रवाल द्वारा टोपी पहनाकर रंगारंग कार्यक्रम का श्री गणेश किया गया। रंगारंग कार्यक्रम में रांची से आये कलाकारों ने होली से सम्बंधित हिन्दी, भोजपुरी व नागपुरी गीतों की प्रस्तुति कर होली मिलन समारोह में शानदार शमा बिखेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

## कॉलेज में छात्राओं ने मनायी होली

**लोहरदगा।** एमएलए महिला महाविद्यालय में सोमवार को छात्राओं ने होली मनाई। गुलाल उड़ाए और सहपाठियों को होली की शुभकामनाएं दीं। गुलाल लगाकर शिक्षकों का आशीर्वाद लिया। कैंपस का परिवेश होलियाना हो गया और इसमें सभी छात्राएं रंगों में सराबोर हो गईं। समाज और देश को भेदभाव की भावना से मुक्त बनाने की भावना प्रबल होती नजर आई। प्रिंसिपल प्रो स्नेह कुमार ने कहा कि प्यार भरे रंगों से भरपूर यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोलकर भाईचारे का संदेश देता है। इस दिन सारे लोग अपने पुराने गिले-शिकवे भूल कर मिलते हैं।

## डालसा ने महिलाओं के बीच किया विधि सशक्तिकरण का कार्यक्रम

**लोहरदगा।** डालसा अध्यक्ष राजेंद्र बहादुर पाल के मार्गदर्शन में डालसा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है।इसे लेकर महिलाओं के बीच महिलाओं से संबंधित विविध विषयों पर जागरूकता आयोजन करा रही है ' इसी कड़ी में सोमवार को मुख्य कार्यक्रम एल जी एस सभागार में आयोजित किया गया। लोहरदगा जिले के सुदूरर्ती क्षेत्रों से पहुंचे लगभग 60 महिलाओं के बीच सिविल कोर्ट की महिला अधिवक्ता मो मोमिना खातून ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, दहेज उत्पीड़न, जन्म पूर्ण लिंग परीक्षण, संपत्ति में महिलाओं के हक, महिलाओं के विवाह एवं हक संबंधित अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यक्रम का आरंभ करते हुए डालसा सचिव राजेश कुमार ने उपस्थित महिलाओं को राष्ट्रीय महिला आयोग के स्थापना एवं उनके कार्यों के विषय में बतलाया । उन्होंने किसी भी आपात स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 181 का सहयोग लेने की अपील की जो चौबीस घंटे कार्य करता है। जागरूकता कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी सी पी यादव एवं रामलाल प्रसाद ने भी अपने विचार रखते हुए अनुभव साझा किए। धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समापन किया गया।

## श्री महावीर मंडल समिति तथा भारतीय नवयुवक संघ का होली मिलन समारोह संपन्न

**गुमला।** श्री महावीर मंडल समिति तथा भारतीय नवयुवक संघ गुमला के संयुक्त तत्वाधान में महावीर चौक स्थित पुजा प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दोनों संघो के सभी पदाधिकारियों, संरक्षक व सदस्यों के साथ साथ मुहल्ले के सभी गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। उक्त समारोह में कीर्तन मंडली के द्वारा होली के गीतों का रसपान करते हुए उपस्थित लोग पारम्परिक स्वादिष्ट व्यंजनों धुस्का, बर्रा, दहीबड़ा, मिठाई आदि का भी लुत्फ उठाएं तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम व भाईचारगी तथा एकजुटता का परिचय दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महावीर मंडल के अध्यक्ष सुधांशु केशरी, सचिव गौरव केशरी, नवयुवक संघ के अध्यक्ष आदित्य गुप्ता, सचिव बबलु वर्मा सहित कई लोगों ने अपनी अहम भूमिका निभायी। वहीं कार्यक्रम में आचार्य विनोद पाठक, अभिभावक तुल्य संरक्षक दामोदर कसेरा, बृजकिशोर फोगला, दुर्गा गुप्ता, मनोज केशरी, शिव गुप्ता, अध्यक्ष सुधांशु केशरी, सचिव गौरव केशरी, कोषाध्यक्ष हर्ष केशरी, उपाध्यक्ष राहुल केशरी, कौशल मंत्री, आदर्श कसेरा, नवयुवक संघ के अध्यक्ष आदित्य गुप्ता, सचिव बबलू वर्मा, सहित प्रदीप कसेरा, रंजीत रॉय, अंकित केशरी, प्रभात केशरी, विकास गुप्ता, अजय गुप्ता, राज जायसवाल, सुमित गुप्ता, विवेक केशरी, सोनल केशरी, दिनेश गुप्ता, अनिल साहु, अनिकेत कुमार, बिट्टू केशरी, दीपू कोमल, केतन, सक्षम केशरी, विकास छोटू, मनीष गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, विकास गुप्ता बिक्कु, रुपेश साहु, रवि गुप्ता, ओम गुप्ता, सहित दोनों संघ के अन्य सदस्य, मोहल्ले के सदस्य, तथा कीर्तन मंडली के सदस्य भी उपस्थित थे।

## होली रंगों और उत्साह का त्योहार: नितेश

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के देवी मंडप रोड स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों और छात्रों ने एक-दूसरे को चंदन का टीका और अबीर गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। शिक्षको ने सभी स्टूडेंट्स की मंगल कामना किया और जीवन मे सफलता का मूल मंत्र दिया। होली मिलन समारोह में विद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि जिस प्रकार के होली के रंग वातावरण को उल्लास और उत्साह से भरने के साथ खुशियां फैलाती है। उसी प्रकार हमें भी दूसरों के जीवन में खुशी के रंग भरने चाहिए। प्राचार्य ने होली की सभी स्टूडेंट्स और शिक्षकों को बधाई दिया और आने वाले नववर्ष की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवम मिश्रा, सोनी कुमारी, संध्या भास्कर, रीता साहू, नेहा प्रजापती,सपना कुमारी, फुलेश्वरी सिंह,निशा कुमारी, सिद्धार्थ कुमार का सहयोग सराहनीय रहा।

## शैलपुत्री फाउंडेशन भरनो में विदाई सह होली मिलन समारोह आयोजित

**भरनो।** शैलपुत्री फाउंडेशन ललित उरांव मेमोरियल स्कूल भरनों में सोमवार को दसवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। छात्र छात्राओं के द्वारा बच्चों को उपहार दिया गया। जूनियर बच्चों द्वारा मंगल तिलक लगाकर उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की गई। स्कूल के संचालक विनय केशरी ने कहा कि विदाई समारोह एक ऐसा घड़ी है। जिसमें आंखें नम हो जाती है। आप सभी 10 वी और 12 वीं के बच्चे हमेशा याद आते रहेंगे। इस अवसर पर अनीता बारला, विकास गुप्ता, रंजीत धान,दीपशिखा गुप्ता, शुभम कुमार, श्वेता तिर्की, सुमन कुमारी, सारंगी सर, नेहा कुमारी, नेहा सहित अन्य मौजूद थे। इधर बाद में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे होली के गीत पर स्कूली छात्र छात्रा खूब डांस किये। अबीर गुलाल लगाकर सबने एक दूसरे की बधाई दी।

## उत्कल ब्रह्मण परिषद के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

**गुमला।** उत्कल ब्राह्मण परिषद गुमला शाखा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह सह सांस्कृतिक कार्यक्रम उल्लास पूर्वक उत्कल पोईंट के प्रागंण में संपन्न हुआ। शाखाध्यक्ष चितरंजन मिश्र ने कहा कि होली मिलन का कार्यक्रम समाज के अंदर सद्भाव बढ़ाने तथा मिलने जुलने का एक माध्यम है। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मंचीय प्रस्तुति में समाज के बच्चे बच्चियों तथा युवाओं ने नृत्य गीत गाकर शमा बांधा।आखिर में सबों ने लजीज व्यजनों का लुत्फ उठाया।

## होली मन की कुटता को मिटाने वाला पर्व है: राज लक्ष्मी

**गुमला।** पंजाबी परिवार के महिलाओं के द्वारा रविवार को आनंद नगर गुमला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सनातन धर्म की महिलाएं भारी संख्या में शामिल हुई। कार्यक्रम में महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। मौके पर राज लक्ष्मी आनंद ने कहा कि होली मन की कुटता को मिटाने वाला पर्व है। होली के रंग में समाज में समरस्ता बढ़ती है क्योंकि रंगों में भिंगकर सभी एक समान नजर आते हैं। होली का पर्व मन में नयी उमंग व चेतना जागृत करती है। इस अवसर पर राज लक्ष्मी आनंद, रविंद्र कौर, रिका भगत, करमजीत कौर, इंद्रजीत कौर, राज रानी आदि उपस्थित थे।

# होली मिलन समारोह सह सम्मान समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** तेली उत्थान समिति घाघरा के द्वारा तेली भवन घाघरा में रविवार की देर शाम होली मिलन समारोह सह सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। इस क्रम में तेली उत्थान समिति के सदस्यों ने एक दूसरे को अबीर व गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वहीं बड़े बुजुर्गों ने युवाओं को अबीर गुलाल लगाया और आशीर्वाद दी। इस क्रम में समाज की बेटी विगत दिनों हिमालय पर्वत के सेकेंड बेस केदारकंठा में माइनस 19 डिग्री पर 19500 फीट की दूरी पर पहाड़ पर चढ़कर योगा कर व तिरंगा फहराकर रिकॉर्ड बनाये संतोषी कुमारी को मोमेंटो और शाल ओढ़ाकर सदस्यों ने सम्मानित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप नीलेश साहू ने कहा कि होली पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है।

हम सभी को आपस में मिलजुल कर इस पर्व को मनाने की जरूरत है। होली मिलन समारोह का मुख्य उद्देश्य एक दूसरे की खुशी को बांटना दुख को बांटना है। कार्यक्रम में समाज की बेटी ने जो रिकॉर्ड बनाया है। उससे हमारे समाज का नाम आगे बढ़ा है। सभी अभिभावक संतोषी कुमारी से प्रेरणा ले और अपने बच्चियों को भी बेहतर प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए सहयोग करें ताकि वह अपने परिवार समाज गांव राज्य व देश का नाम रोशन करें। संतोषी कुमारी ने कहा कि समाज के बड़े बुजुर्गों और माता पिता का आशीर्वाद और छोटे भाई बड़े भाइयों के प्रेम के बदौलत ही मैं यह रिकॉर्ड बना पाई हूं। आज के समय में बच्चियां बच्चों से कम नहीं समान शिक्षा बच्चियों को भी दें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए सहयोग करें ताकि वह भी नाम रोशन कर सकें।योग हमारी संस्कृति सभ्यता में लाने की जरूरत है। इसके पूर्व गुमला से आये समाज के लोगो और घाघरा के पदाधिकारियों और संतोषी के माता पिता को अंग वस्त्र देकर समानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगो मे दिलीप नीलेश साहू, संजय कुमार साहू, बिनोद साहू, मनोज साहू, शुसिल साहू, लालधर साहू, आजाद साहू, धनकुंवर साहू, ज्ञानचंद साहू, प्रवीण कुमार, सिंटू साहू, नीरज साहू, बिपिन साहू, दीपक कुमार, नवीन साहू, गणेश साहू, सोनू साहू, सोनू साहू, शैलेश साहू सहित समाज के कई सदस्य उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल समाज के पदाधिकारी

## मां दुधेश्वरी धाम में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**गुमला।** सोसो मोड के भलदम चट्टी स्थित मां दुधेश्वरी स्वयंभू धाम के प्रांगण में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नागपुरी गायक राम उचित सिंह एंड पार्टी के द्वारा एक से बढ़कर एक नागपुरी होली गीतों से लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में शिबु गोप, धर्मु गोप, रमेश गोप, डॉ राजकुमार सिंह, राकेश सिंह, आलोक कुमार, आनंद किशोर पंडा, अशोक साहू, भोला दास, यशराज सिंह, संतोष कुमार, मृत्युंजय कुमार सहित भारी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए। लोग एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया और सौहार्द्रपुर्ण वातावरण में प्रेम व भाईचारे का यह होली रंगोत्सव का पर्व मनाने का प्रण लिया।

## राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने वाले पार्टी के साथ रहेगा भोगता समाज : दर्शन



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने कहा है कि भोगता समाज अब जाग चुका है। समाज के विकास के लिए राजनीतिक भागीदारी चाहिए। हमारा समाज उसी राजनीतिक पार्टी के साथ रहेगा जो पार्टी भोगता समाज को राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करेगा। पालकोट प्रखंड के तपकारा डैम में आयोजित खरवार भोगता समाज के सामाजिक सम्मेलन सह होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू ने कही। जिला अध्यक्ष जीतू प्रधान की अध्यक्षता में आयोजित सामाजिक सम्मेलन सह होली मिलन समारोह में रांची, खूंटी, लोहरदगा, चतरा, पलामू, हजारीबाग, रामगढ़ सिमडेगा सहित छत्तीसगढ़ और उड़ीसा से लगभग पांच हजार सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर फगुआ गीत संगीत के बीच रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# पुस्तक के साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी : शशि

## महिला दिवस के अवसर पर विद्यालय की सभी महिला आचार्य की गई सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर प्लस टू विद्यालय में सोमवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विदाई के पारंपरिक कार्यक्रम स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही होलिकोत्सव और महिला दिवस भी मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि बी एस कॉलेज के रसायन विभागाध्यक्ष और विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति सदस्य डॉ शशि कुमार गुप्ता एवं अन्य अतिथियों ने किया। कार्यक्रम का आयोजन तरुण एवं कन्या भारती के मंच से कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने किया' जिसमें कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्वागत और विदाई गीत के साथ पारंपरिक गीत एवं नृत्य तथा होली उत्सव को समर्पित गीत एवं नृत्य ने सबका मन मोहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए पुस्तक के ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी जरूरी है और इस दृष्टि से विद्या भारती का यह विद्यालय विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने में सफल भूमिका निभा रहा है। उपाध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारण और उसके प्रति समर्पण महत्वपूर्ण है' प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने भी बीते संस्मरण को याद करते हुए कहा कि जीवन में सकारात्मक सोच के साथ मेहनत करें तो निश्चित ही सफलता प्राप्त होती है।अंत में सभी ने अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।



कार्यक्रम में पुरस्कृत करते अतिथि

**सुमित उरांव सर्वश्रेष्ठ छात्र और निकिता कुमारी सर्वश्रेष्ठ छात्रा :** कार्यक्रम में वर्ष 2022-23 के लिए सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार सुमित उरांव तथा सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार निकिता कुमारी को दिया गया। दोनों के माता-पिता को भी उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ सदन का पुरस्कार ऋषि कश्यप सदन को दिया गया। इसके अलावा साहस सम्मान सतीश टोप्पो, सांस्कृतिक पुरस्कार अर्शिता कुमारी, अनुशासन का पुरस्कार चंद्रमणि कुमारी को दिया गया। कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित पारंपरिक वेशभूषा प्रतियोगिता में 50 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें बालक समूह से अंकित लकड़ा एवं आयुष राज तथा बालिका समूह से प्रेरणा आइंद एवं लवलीन कच्छप को श्रेष्ठ घोषित करते हुए पुरस्कृत किया गया। शेष प्रतिभागियों को भी उपहार दिए गए। कार्यक्रम में महिला दिवस की पूर्व संध्या को देखते हुए विद्यालय की सभी महिला आचार्य को सम्मानित किया गया। प्रबंध कारिणी समिति की ओर से सदस्य शोभा देवी ने सभी को उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

# जनता के पैसों का लूट बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस: निशीथ जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडों में कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में भाजपा और मोदी सरकार के गलत नीतियों के विरोध पूंजीपति अदानी के पक्ष में मोदी सरकार की घोर पूंजीवादी नीति के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।सदर प्रखंड में आयोजित विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि वर्तमान समय में देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है और ऐसे समय में भाजपा और मोदी सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अदानी समूह को बेच रही है और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के करोड़ों भारतीयों की बचत जोखिम में है। विश्वस्तरीय हिंडेनबर्ग की जांच रिपोर्ट में मोदी के पूंजीपति दोस्त अदानी ग्रुप को फर्जी करार देने के पश्चात हमारे नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेसियों के द्वारा संसद से लेकर सड़क तक संयुक्त संसदीय जांच समिति की मांग मजबूती से किया गया है। उन्होंने कहा कि मोदी जी को हम सभी ने रेलवे प्लेटफार्म पर चाय बेचते तो नहीं देखा है परंतु रेलवे को बेचते हुए देख रहे हैं मोदी जी जिस तरह से देश की सार्वजनिक उपक्रमों को गौतम अदानी को सौंपने पर आमादा है यह खतरनाक है और देश धीरे-धीरे आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा है जहां आज देश में महंगाई सातवें आसमान पर है वही देश में बेरोजगारी 45 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है आज अमीरों और गरीबों के बीच बड़ी खाई हो गई है गरीब गरीब होता जा रहा है और देश के चंद मुट्ठी भर लोग अमीर होते जा रहे हैं जो केंद्र की मोदी सरकार के गलत आर्थिक नीति और कुप्रबंधन का नतीजा है। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र की मोदी सरकार इस प्रकरण में संयुक्त संसदीय जांच समिति नहीं कराते हैं तब तक हम सभी कांग्रेसियों का संघर्ष जारी रहेगा। इधर किस्को प्रखंड में आयोजित धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से नेसार अहमद प्रदेश प्रतिनिधि,कुडू प्रखण्ड में अशोक कुमार यादव, प्रदेश प्रतिनिधि, सेन्हा प्रखण्ड में डॉक्टर अजय शहदेव प्रदेश प्रतिनिधि,कैरो प्रखंड में जगदीप भगत,प्रदेश सचिव ,पेशरार प्रखंड रीना भगत, अध्यक्ष जिला परिषद ,लोहरदगा प्रखंड , शकिल अहमद कार्यकारी अध्यक्ष,भंडरा प्रखण्ड में जिला अध्यक्ष सुखैर भगत के उपस्थिति में धरना प्रदर्शन किया गया।




धरना देते कांग्रेसी

## उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया निरीक्षण

**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुशांत गौरव ने सोमवार को ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस के छत पर पड़े सीलन को ठीक करने का निर्देश दिया। इस दौरान ईवीएम नोडल पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग,उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम सामदानी, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के सभी कर्मी उपस्थित थे।

# महिलाएं किसी भी कार्य में अब किसी से पीछे नहीं: डीडीसी

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2023 को लेकर कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2023 को लेकर नगर भवन में समाज कल्याण कार्यालय, लोहरदगा की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित कर की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त समीरा एस ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को हम विशेष रूप में याद करते हैं क्योंकि यह दिन महिलाओं के लिए खास है।

बेहतर के लिए हमें लगातार प्रयास करते रहना है। सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सभी को प्रेरित करें। सरकार ने महिलाओं की बेहतरी के लिए कई प्रयास किये हैं। महिलाओं को कई जगहों पर आरक्षण प्राप्त है। कानूनी रूप से कई अधिकार महिलाओं को दिये गये हैं।



कार्यक्रम का उद्घाटन करते अतिथि

कार्यक्रम में वन प्रमण्डल पदाधिकारी ने कहा कि महिलाएं पुरूष के बराबर नहीं बल्कि पुरूषों से भी आगे हैं। कानून ने भी महिलाओं को कई अधिकार दिये हैं जिससे वे खुद को कमजोर ना आंके, बल्कि उन अधिकारों की मदद से खुद को स्थापित कर सकें। अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल ने कहा कि पुरूष और नारी आज सभी जगह समान हैं। हिंदू धर्म व कई जनजातीय समाज में देवी की पूजा की जाती है जो सर्वोच्च नारी शक्ति का द्योतक है। डालसा सचिव राजेश कुमार ने कहा कि अब अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नहीं बल्कि सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। डालसा द्वारा महिलाओं के लिए कई विधिक सेवाएं निःशुल्क दी जाती हैं। कानून महिलाओं को समानता का अधिकार देता है।विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल ने कहा कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नहीं हैं। आज झारखण्ड राज्य में 11 विधायक महिलाएं हैं।

यह बहुत ही अच्छी बात है कि महिलाएं जनप्रतिनिधि के रूप में अपना परचम लहरा रही हैं। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, जिला शिक्षा पदाधिकारी दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, सभी महिला जिला परिषद सदस्य, प्रखण्ड प्रमुख, सभी महिला पर्यवेक्षिका, आंगनवाड़ी सेविका समेत अन्य उपस्थित थे।

## अज्ञात चोरों ने दो भैंसों की चोरी की

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र के कोटामाटी टंगरा टोली निवासी किसान सुरेश भगत के दो भैंसों को रविवार की रात घर से अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। जिसको लेकर घाघरा थाना में सुरेश भगत ने लिखित शिकायत दर्ज करायी है। सुरेश भगत ने बताया कि रविवार को एक शादी समारोह में वह नवनी गांव गया हुआ था। वहीं देर रात 9:00 बजे वह अपने घर लौटा और भैंसों को हर दिन की भांति घर के बगल में बाहर में बांधकर सो गया। सोमवार की सुबह जब 5:30 बजे उठा और भैंस को खोलने के लिए गया तो देखा कि उसके दोनों भैंस गायब है। काफी खोजबीन किया जिसके बाद उसका पता नहीं चल पाया। कई गांव में जाकर पता लगाया फिर भी उसका पता नहीं चल सका। घाघरा थाना पहुंच घटना की लिखित शिकायत किया है।

स्पीड न्यूज

### होली मिलन समारोह आयोजित

**भवनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान भवनाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो, प्रखंड प्रमुख शोभा देवी एवं भवनाथपुर पंचायत के सभी मुखिया ने प्रखंड कर्मी एवं जनप्रतिनिाियों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर बेबी देवी, सरिता देवी, अनीता देवी, रीता देवी, चंदन ठाकुर, शकील अहमद, परमानंद ठाकुर, तहमिद अंसारी, विष्णु कुमार उरांव, अशोक कुमार, गनपत राम, अनिल चौबे, जयप्रकाश यादव, धनंजय साव, निरंजन पाठक आदि मौजूद थे।

### जायंट्स ने किया होली मिलन समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट 10+2 स्कूल के सभागार में ग्रुप अध्यक्ष ध्रुव केशरी की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जायन्ट्स सदस्यो ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### नहाने के दौरान तालाब में डूबने से बच्चे की मौत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड नवलशाही थाना क्षेत्र के धरगांव पंचायत अंतर्गत के सुदूरवर्ती क्षेत्र बेलपहाड़ी स्थित तालाब में नहाने के दौरान डूबने से एक बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान छोटू हांसदा के चार वर्षीय पुत्र सीमान हांसदा के रूप में की गयी है। घटना शनिवार की बताई जा रही है। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### मोटरसाइकिल में टक्कर मार कर भाग रहा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा कोवाड मुख्य मार्ग स्थित दशारो खुर्द पुल के समीप मोटरसाइकिल में टक्कर मार कर भाग रहे 12 चक्का ट्रक जेएच12जी 8865 अनियंत्रित होकर पलट गई। ज्ञात हो कि 12 चक्का ट्रक जेएच12जी/8865 मरकच्चो की ओर से कोडरमा मुख्य मार्ग होते हुए कोडरमा की ओर जा रहा था। इसी क्रम में दशारो खुर्द में हीरो मोटरसाइकिल में टक्कर हो गई। मोटरसाइकिल चालक सड़क पर गिरकर जख्मी हो गया। जिसे देखते हुए ट्रक चालक तेज रफ्तार से ट्रक लेकर भागने का प्रयास किया। वहीं ट्रक तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित होकर आधा किलो मीटर आगे पुल के पास पलट गया एवं ट्रक में लदा सर्फ एक्सेल कम्पनी का सर्फ का पैकेट बिखर गया। वहीं मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक का इलाज निजी क्लीनिक परसाबाद में किया गया। वहीं घटना की जानकारी मरकच्चो थाना को दी गई। तत्पश्चात सूचना मिलते ही थाना प्रभारी लव कुमार एवं एएसआई शंभू नाथ मिश्रा घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक की सुरक्षा में लग गए। वहीं ट्रक चालक भागने में सफल रहा।

### स्वालंबन गांव बनने हेतु रात्रि चौपाल का आयोजन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तरी पंचायत के स्वालम्बी गांव अरकोसा पुनर्वास में उपायुक्त के पहल से गांव को स्वालंबन बनने हेतु प्रतिदिन रात्रि चौपाल और सप्ताह में एक दिन ग्राम सभा का आयोजन किया जाता है।

### तीन ऑटो पर लदा एक टन ढिबरा जब्त

**कोडरमा।** सोमवार की सुबह वन विभाग की टीम रेंजर रविंद्र कुमार के नेतृत्व में तीन ऑटो को जब्त किया, जिसपर एक टन ढिबरा लदा हुआ पाया गया। मिली गुप्त सूचना के आधार पर डोमचांच लंगरापराश जंगल के पास से उक्त तीनों वाहनों को जब्त किया गया, हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। इस बाबत रेंजर रविंद्र कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी लंगरापराश जंगल से ढिबरा लोड कर तीन अटो डोमचांच की ओर जा रहा है। सूचना पर तीनों अटो वाहन को रुकने को कहा गया पर गश्ती दल को देखकर लंगरापराश जंगल के समीप गाड़ी छोड़कर कर चालक भागने में सफल रहा।

आलोचना और आरोप से नहीं, जनता का सेवक हूं, जनता से डरता हूं

# विरोधी जितना भी अड़ंगा लगायेंगे विकास कार्य उतना ही तेजी से आगे बढ़ेगा : मिथिलेश





शिलापट्ट का अनावरण करते मंत्री, दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते मिथिलेश ठाकुर व उपस्थित लोग

## मंत्री ने किया 595 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने करीब साढ़े 59 करोड़ की लागत से बनने वाली हुर मोड़ से डाल्टनगंज सिवाना तक पथ का भूमि पूजन और शिलान्यास किया। सोमवार को मंत्री श्री ठाकुर ने गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर हुर मोड़ पर पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। जबकि गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया परिसर में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री ने दीप जलाकर किया। 19 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर हुर मोड़ से डुमरिया एवं डंडा होते हुए डाल्टनगंज तक इस पथ का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण के साथ पुनर्निर्माण कार्य किया जाएगा। गोवावल उवि डुमरिया के मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यह सड़क गोवावल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। काफी लंबे समय से गोवावल एवं डंडा के लोग इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे। जो अब पूरा हो गया है। मंत्री ने कहा कि वे उद्घाटन और शिलान्यास में विश्वास नहीं करते बल्कि कार्य पूर्ण होने में विश्वास करते हैं। जितनी योजनाएं उन्होंने गढ़वा में लाया है यदि सभी का शिलान्यास और उद्घाटन करने लगें तो पूरा दो साल लग जाएगा। इस सड़क का निर्माण कार्य काफी तेज गति से चल रहा है। उन्होंने कहा कि आज गढ़वा में चारो तरफ विकास ही विकास दिखाई दे रहा है। वे जो वादा किये थे उसे पूरा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि राजनीति मेरा व्यवसाय एवं पेशा नहीं है बल्कि राजनीति मेरा सेवा है। यदि सेवा नहीं होता तो दो बार चुनाव हारा हुआ व्यक्ति तीसरी बार चुनाव नहीं लड़ता। उन्होंने कहा कि आज क्षेत्र में चारो ओर काफी तेजी से विकास हो रहा है। जिससे विरोधियों के कलेजे पर सांप लोट रहा है। वे लोग लगातार विकास कार्यों को बाधित कर रोकने का प्रयास कर रहे हैं। परंतु विरोधियों को बताना चाहुंगा कि वे जितना भी कार्य रोकेंगे, विकास कार्य और तेजी से आगे बढ़ेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे आलोचना और आरोप से नहीं डरते हैं। वे जनता के सेवक हैं और जनता के बीच रहते हैं। सिर्फ जनता से ही डरते हैं। चाहे कोई कितना भी साजिश कर ले उन्हें सुई के नोक भर भी फर्क नहीं पड़ता है। मंत्री ने कहा कि वे किसी की शिकायत नहीं करते फिर भी सही बात कहनी पड़ती है। पूर्व के जनप्रतिनिधि कहते थे कि जनता का काम करने की जरूरत नहीं है। चुनाव के समय सब देख लेंगे। साथ ही यहां तक भी कहते थे कि भगवान भी सामने आ जाएं तो उनको भी ठग देंगे। मंत्री ने कहा कि गढ़वा की जनता ने अग्निपरीक्षा लेकर मुझे सेवा का मौका दिया है। जिन्होंने वोट दिया है और जिन्होंने नहीं दिया है, सभी के लिए वे समान भाव से काम करते हैं। जिला परिषद सदस्य अमृतांजली देवी ने कहा कि गढ़वा में मंत्री श्री ठाकुर के नेतृत्व में ऐतिहासिक विकास हो रहा है। आज गढ़वा की राजनीति की स्थिति बदल गई है। एक तरफ विकास की राजनीति तो दूसरी तरफ बकवास की राजनीति हो रही है। मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, पूर्व जिप उपाध्यक्ष रेखा चौबे, ताहिर अंसारी, विनोद चंद्रवंशी, डा. रमेश चंचल, पारस तिवारी, दुर्योधन तिवारी, कपिलदेव तिवारी आदि ने विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने किया। मौके पर मुख्य रूप से डीडीसी राजेष राय, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, परेश तिवारी, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, अरूण दुबे, मुखिया बसंत चौबे, नारद तिवारी, बुद्धिनारायण तिवारी, धीरेंद्र चौबे, अजय उपाध्याय, फुजैल अहमद, अनु दुबे, चुनमुन दुबे, दिलीप गुप्ता, संवेदक गुरू पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**मंत्री ने मंच से हटवाया वीवीआईपी कुर्सी :** गोवावल उवि डुमरिया परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के लिए एक वीवीआईपी कुर्सी लगाया गया था। शेष मंचासीन लोगों के लिए सामान्य कुर्सी लगाया गया था। मंच पर पहुंचने के बाद मंत्री श्री ठाकुर ने अपने लिए लगे वीवीआईपी कुर्सी को मंच से हटवा दिया। उसके बाद वे भी सामान्य कुर्सी पर ही बैठे। मंत्री ने कहा कि मेरे लिए वीवीआईपी कुर्सी की कोई आवष्यकता नहीं है। मैं जनता का सेवक हूं। सभी के साथ मैं बराबरी में ही बैठना पसंद करता हूं। मंत्री के इस निर्णय की उपस्थित लोग ने खूब सराहना की। लोगों ने ताली बजाकर मंत्री का अभिनंदन किया।

## कैपिटल विश्वविद्यालय में होली मिलन समारोह

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैपिटल विश्वविद्यालय चित्रगुप्त नगर स्थित विश्वविद्यालय परिसर में होली की पूर्व संध्या पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाएं, शिक्षेकत्तर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने अबीर-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को बधाई दी। विश्वविद्यालय के चांसलर मदन कुमार सैनी, चेयरमैन एडवोकेट पवन कुमार सैनी, कुलपति डॉ. एम. के वाजपेई, कुलसचिव डॉ ओम प्रकाश मेहता, निदेशक डॉ प्रमोद कुमार, परीक्षा नियंत्रक श्री टीएन, एचआर. प्रदीप भारद्वाज ने सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों को होली की बधाई दी।




### जीएस. पब्लिक स्कूल में मनाया गया होली मिलन समारोह

**कोडरमा।** जिले में डोमचांच स्थित जीएस. पब्लिक स्कूल के विद्यालय प्रांगण में सोमवार को पूरे हर्षोल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। साथ ही स्कूली बच्चे प्रांगण में बड़े ही उत्साह के साथ एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते हुए शिक्षकगण से आशीर्वाद प्राप्त किए। मौके पर गुलाब चंद सहा, राघवेंद्र सिन्हा समेत सभी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद थे।

### होली मिलन समारोह का आयोजन

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत अध्यक्ष राजकुमार मेहता के नेतृत्व मे सांसतिक भवन डोमचांच में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में नगर पंचायत के नागरिकगण शामिल हुए। इस दौरान कीर्तन मंडली का भव्य समागम देखने को मिला।

### बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है होली : ओपी राय

**कोडरमा।** बीआर इंटरनेशनल स्कूल में होली मिलन का आयोजन किया गया। जहां बच्चों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों ने आपसी प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हुए एक दूसरे को गुलाल लगाया एवं होली की शुभकामनाएं दी। वहीं होली के गीतों पर बच्चों ने खूब मस्ती किए। वहीं प्राचार्या ड राखी राय ने होली पर्व का महत्व बताते हुए होली खुशियों का त्योहार है।

## विधायक आवास एवं मुख्यालय में मना होली मिलन समारोह



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा(चतरा)।** सिमरिया विधानसभा विधायक किशुन कुमार दास के आवास कार्यलय एवं पहली बार प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में होली मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की खुशियां मनाई। वही विधायक आवास में पूरे सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के कई प्रखण्डों से भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण पहुंचे, जहां होली मिलन समारोह में रंग गुलाल एवं एक दूसरे से गले मिलकर होली गीतों में जमकर थिरके एवं आनंद उठाया, एवं होली पकवान की लुफ्त उठाया।

जबकी प्रखण्ड मुख्यालय में एसडीओ सुधीर दास प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रँथु महतो एवं अंचलाधिकारी विजय कुमार दास बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव समेत मुखिया प्रतिनिधि व अन्य ने धूम धाम से होली मिलन समारोह मनाया।

## प्रशिक्षुओं ने सीटेट परीक्षा परिणाम में लहराया परचम



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कलेज ऑफ एजुकेशन वर्तमान सत्र के प्रशिक्षुओं ने केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में सफलता अर्जित कर एक बार फिर जिले में महाविद्यालय का नाम रोशन किया। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दिसंबर 2022 में आयोजित परीक्षा में महाविद्यालय के बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षु मो अंसारी, पंकज कुमार दास, वंदना कुमारी, श्रुति प्रिया, दयानंद कुशवाहा, गौरव कात्यायन, चंदन कुमार, धर्मेंद्र राणा, श्वेता कुमारी, पूजा कुमारी सिंह, मोनिका सिंह, राहुल राज, स्वाति सिन्हा, वसीम आलम, श्रुति प्रिया, सुमन कुमार झा, राखी कुमारी, श्रुति कुमारी, आनंद कुमार, रोहित राज भाटिया, मनसिका जैन, अनिता कुमारी, नौशीन परवीन, सौरभ केसरी, चंचल अभिषेक, संजू कुमारी, गुड़िया चौधरी, महेश कुमार झा, विशाल कुमार, कल्पना सिंह, श्वेता सिंह, सुहानी राय, नीरज कुमार सिन्हा, अभिमन्यु कुमार, आरती कुमारी, अमित कुमार, सोनम कुमारी, इंपी कुमारी, अंजर इलाही, शाहीन परवीन, रंजीत कुमार, प्रीति कुमारी, विकास कुमार यादव, विक्रम प्रसाद, अब्दुल मोहैमिन, रिंकी कुमारी, सुहानी राय, रेखा कुमारी ने शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर महाविद्यालय के द्वय निदेशकों मनीष कपसिमे व अविनाश कुमार सेठ, उपनिदेशिका ड.संजीता कुमारी एवं प्राचार्य प्रो ड.बी.सी.स्वेन ने उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें अपने शुभ आशीर्वाद से अनुग्रहित किया। सीटेट कक्षा के समन्वयक मनीष कुमार पासवान ने भी उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं की उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा ने मनाया 24वां स्थापना दिवस



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा (चतरा)।** एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा ने अपना 24वां एनटीपीसी स्थापना दिवस बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया। मुख्य महाप्रबंधक, श्री ताजेंद्र गुप्ता ने महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों, परिवारों और वसुंधरा लेडीज क्लब के सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति में एनटीपीसी का झंडा फहराया। इस अवसर पर ताजेंद्र गुप्ता ने कहा कि ह्णभारत के सबसे बड़े ऊर्जा समूह का हिस्सा होना गर्व की बात है, जिसने विकासोन्मुखी और ऊर्जा की भूख वाले देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपके समर्पण के साथ, हमने 1 मार्च, 2023 को उत्तरी करणपुरा में 660 मेगावाट की पहली इकाई का व्यावसायिक संचालन सफलतापूर्वक शुरू कर दिया है, जिसमें भारत की पहली एयर-कूल्ड कंडेनसर तकनीक है जो जल संरक्षण में मदद करेगी। संयंत्र की अब कुल क्षमता 1,980 मेगावाट, प्रत्येक 660 मेगावाट की 3 इकाइयां होंगी। करणपुरा परियोजना, जो सबसे प्रभावी सुपरक्रिटिकल तकनीकों में से एक पर आधारित है, शीघ्र ही झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा को वाणिज्यिक बिजली प्रदान करेगी। जल्द ही यूनिट 2 और यूनिट 3 एनटीपीसी के जनरेटिंग स्टेशनों के बेड़े में शामिल हो जाएगी और खुद को कमाई करने वाले स्टेशन में बदल लेगी। नॉर्थ करणपुरा प्लांट सबसे कुशल सुपरक्रिटिकल तकनीकों में से एक पर आधारित है और जल्द ही हम झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा को आर्थिक बिजली की आपूर्ति करेंगे। जल्द ही यूनिट 2 और यूनिट 3 जनरेटिंग स्टेशनों के बेड़े में शामिल हो जाएगा और अर्निंग स्टेशन में बदल जायगा। उन्होंने क्रॉस-फंक्शनल प्रक्रियाओं में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया; हमारी उत्पादन प्रक्रियाओं की मात्रा और गुणवत्ता में सुधार और विभिन्न गतिविधियों में बच्चों और परिवारों को शामिल करने के साथ टाउनशिप परिसर की जीवंतता में सुधार लाने पर अधिक जोर दिया जाएगा। ये बिल्डिंग ब्लॉक्स हमें अधिक लचीलेपन, क्षमता और आत्मविश्वास के साथ टाउनशिप स्तर के भीतर और व्यावसायिक स्तर पर नए रास्ते तलाशने के लिए सशक्त बनाएंगे। इस अवसर पर सीजीएम ने कर्मचारियों को बधाई दी और लेडीज क्लब, स्पोर्ट्स काउंसिल, नॉर्थ करनपुरा कर्मचारी कल्याण संघ, आसपास के गांवों के लोगों, सीआईएसएफ कर्मियों सहित हमारे सभी हितधारकों का आभार व्यक्त किया। हमारे भागीदार विक्रेताओं, जनप्रतिनिधियों, जिला एवं पुलिस प्रशासन, मीडिया और अन्य सभी विभागों को उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए धनयवाद दिया।

एक नजर में

### विवाहिता का शव कुएं से बरामद

**गिद्धौर।** थाना के अंतर्गत पंचायत बारिसाखी गांव निवासी नागेश्वर यादव के पुत्री रूपा कुमारी (23) की संदिग्ध अवस्था में शव कुएं से बरामद किया गया है। शव तिलैया गांव निवासी महादेव यादव के कुएं से बरामद हुई है। जानकारी के अनुसार मृतका का विवाह हिन्दू रीति से अप्रैल 2022 में सोनू कुमार यादव पिता नागेश्वर यादव इंदिरा गांव निवासी के साथ हुआ था। घटना की खबर पाकर गिद्धौर पुलिस कुएं से शव को निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया। मृतका के पिता नागेश्वर यादव ने थाना मे लिखित आवेदन देकर कांड संख्या 19/23 में प्राथमिक कराई है। जिसमे कहा गया है कि सोनू कुमार एवं उनके घर वालों ने पिछले कुछ दिन पहले हमलोग से एक बुलेट मोटरसाइकिल और सोने का चैन का मांग करते आ रहे थे। जिसे लेकर लड़की को प्रताड़ित भी करते थे। साथ ही हमलोगों को धमकाते रहता था।

### गोवावल में 50 से अधिक लोगों ने थामा झामुमो का दामन

**गढ़वा।** गढ़वा प्रखंड के गोवावल उच्च विद्यालय डुमरिया के मैदान में सोमवार को आयोजित शिलान्यास कार्यक्रम में 50 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थामा। मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर स्वागत करते हुए पार्टी में शामिल कराया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में हो रहे विकास कार्य एवं झारखंड की हेमंत सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। झामुमो परिवार बड़ा हो रहा है। पार्टी में सभी का दिल से स्वागत है।

### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**गढ़वा।** नालसा नई दिल्ली के दिशा निर्देश पर राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से झालसा रांची के आदेश पर जिला विाकि सेवा प्राािकार गढ़वा के तत्वावाान में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला सप्ताह दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नगर पंचायत अध्यक्ष पिंकी केशरी, गढ़वा मध्य के जिला परिषद सदस्य सुमन देवी, पीएलवी मुरली श्याम तिवारी, कृष्णानंद दुबे, उमाशंकर द्विवेदी, संगीता सिन्हा, समाजसेवी अरविंद दुबे आदि।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**गढ़वा।** शहर के ज्ञान निकेतन कन्वेंट (10+2) स्कूल में सभी टीचिंग और नन टीचिंग स्टफ ने भारतीय परंपरा के रंगोत्सव पर्व होली और शब-ए-बारात के अवसर पर एक दूसरे को शुभकामनाएं और बधाई दी। मौके पर निदेशक मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि इत्तेफाक है कि दोनों त्यौहार साथ-साथ है और दोनों पर्व खुशियों का सौगात लाता है, सारे गिल्वे शिकवे भूलकर आपसी भाईचारा के साथ त्यौहार का आनन्द लें। जहां एक ओर होली रंगों का त्यौहार है। वहीं शब-ए-बारात दीपों का पर्व है।

### केसरवानी वैश्य सभा ने किया होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन

**गढ़वा।** केसरवानी वैश्य सभा गढ़वा के तत्वावधान में शहर के गुपुत विद्या वाटिका के प्रांगण में होली मंगल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सभा के संस्थापक सदस्य विन्देश्वरी प्रसाद केशरी, सभा के अध्यक्ष संतोष कुमार केशरी, नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी, महिला सभा के अध्यक्ष मीरा देवी, पूर्व नप अध्यक्ष अनिता दत्त, विवाह परिचय समिति के संयोजक प्रदीप केशरी, भोजन व्यवस्था के आयोजक संजय केशरी आदि ने संयुक्त रूप से महर्षि कश्यप ऋषिजी की तस्वीर पर पुष्पांजलि, दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**मझिआंव।** प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर के निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर प्रखंड कार्यालय सभागार कक्ष में महिला जनप्रतिनिधियों को सम्मान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता ने की। मौके पर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख आरती दुबे ने कहा कि 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है।

### महिला सशक्तिकरण एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मना

**भवनाथपुर।** प्रखंड सभागार कक्ष में प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल कुमार महतो की अध्यक्षता में महिला सशक्तिकरण एवं अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रखंड प्रमुख शोभा देवी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो, उपप्रमुख पिंटू टोप्पो, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष, बीजेपी मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान बीडीओ ने प्रमुख शोभा देवी को शल एवं डायरी कलम देकर सम्मानित किया।

### डीईजीएस कम्प्यूटर बेसिक ट्रेनिंग को लेकर पूरे देश में कोडरमा जिला का हुआ चयन

**कोडरमा।** प्रशासनिक सुधार व लोक शिकायत विभाग भारत सरकार द्वारा मध्य प्रदेश, भोपाल में आयोजित रीजनल कन्फ्रेंस अन गवर्नेन्स प्रैक्टिसेज में डिजिटल इनिटीएटिव्स एट द ग्रासरूट्स लेवल विषय पर डीईजीएस कम्प्यूटर बेसिक ट्रेनिंग, झारखण्ड के संबंध में प्रस्तुति हेतु कोडरमा जिला का चयन हुआ है। जिसकी सभी प्रतिनिधियों एवं आये हुए प्रतिभागियों के द्वारा बहुत प्रशंसा की गयी।

### होली के गीतो पर जमकर थिरके बिरजू तिवारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखण्ड अंतर्गत दंतार पंचायत में स्थितश्री पंचदेवी मंदिर दंतार के प्रांगण में समस्त पंचायत वासियों द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।? कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद् उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी शामिल हुए। उनके आगमन पर सम्मानित अभिभावक एवं ऊजार्वान युवा साथियों द्वारा अंगवस्त्र दे कर जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया। वहीं तिलक लगाकर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर युवा साथियों के साथ बिरजू तिवारी ने ₹जोगीरा सा रा रा रा₹, रंग बरसे भीगे चुनर वाली₹गानों पर खूब झूमे नाचे। उन्होंने ने कहा कि होली सारे गिले शिकवे भूलकर खुशियां मनाने का त्योहार है। जो परस्पर मिलन व एकता का प्रतीक है। इस पर्व के अवसर पर लोग आपसी वैमनस्य को भुलाकर मित्र बन जाते हैं। होली का पर्व अमीर और गरीब के भेद को कम कर वातावरण में प्रेम की ज्योति प्रज्वलित करता है। मौके पर जिला परिषद सदस्य शांति देवी, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव,सत्येन्द्र यादव, मुखिया कोषण भारती, पंचायत समिति सदस्य संतोष भारती, रविन्द्र यादव, प्रमोद यादव समेत गणमान्य पंचायत वासीयों एवं सैकड़ों उजार्वान युवा साथी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### युवा यादव संघ महुआडांड़ ने मनाया होली मिलन समारोह



समारोह में उपस्थित लोग।

**महुआडांड़।** सोमवार को युवा यादव संघ महुआडांड़ के द्वारा दुर्गा बाड़ी परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां युवा यादव संघ के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव के द्वारा यादव समाज की एकता और समाज की मजबूती को लेकर विशेष रूप से जोर दिया गया। वहीं हर माह के एक तारीख को बैठक रखने की बात रखी गयी। उन्होंने कहा की त्यौहार खुशी का त्यौहार है। आगे प्रखंड अध्यक्ष मुकेश यादव के द्वारा आगामी होली में मटका फोड़ जो कि पिछले लगातार तीन सालों से हमेशा से ही यादव ग्रुप के द्वारा ही प्रखंड के मटका फोड़ पर विजयी रहे हैं। इसबार भी प्रखंड में मटका फोड़ जो कि नौ मार्च दिन गुरुवार को होना है। जिसमें सभी यादव भाई लोगों को बढ़ चढ़ कर भाग लेने को लेकर चर्चा किया गया। मौके पर सतोष यादव, रामजी यादव, बिटु राय, शंकर यादव, विनय यादव, कौशल यादव, उमेश यादव, वरुण यादव, विवेक यादव, रोहित यादव, अखिलेश यादव व अन्य युवा यादव लोग उपस्थित रहे।

### होली व सब ए बारात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**लातेहार।** सदर थाना परिसर में होली व सब ए बारात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमे प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहरा, नगर पंचायत उपाध्यक्ष नवीन कुमार सिन्हा, प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव, अंचलाधिकारी रूद्र प्रताप, थाना प्रभारी चंद्रशेखर चौधरी व एसटीएससी थाना प्रभारी फागुनी पासवान मुख्य रूप से मौजूद हुए। बैठक में सभी ने पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जायेगी। बैठक में समाजसेवी सरयू प्रसाद सिंह, राजन तिवारी व रामेश्वर सिंह समेत कई लोग मौजूद रहे।

### मध्य विद्यालय से साउंड की हुई चोरी

**बारियातू।** प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय रहेया मे रखे साउंड को अज्ञात चोरों ने बिते रात को चोरी कर लिया। प्रधानाध्यापक अशोक राम ने बारियातू थाना मे आवेदन के माध्यम से बताया है की छः मार्च को अहले सुबह कार्यालय का ताला तोड़कर रखे साउंड सिस्टम, ब्लुटूथ, स्पीकर, 12 वोल्ट अपडेटर व माइक की चोरी कर ली गई। विद्यालय मे चोरी होने की सुचना खाना बनाने वाली रसोईया आशा देवी ने दी। जब विद्यालय आए तो उपरोक्त सामान को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। उक्त सुचना बारियातू थाना व शिक्षा विभाग को दे दी गई।


### 23 वर्षीय युवा ने की आत्महत्या



रोते बिलखते परिजन।

**चंदवा।** थाना क्षेत्र के निर्मल ग्राम अलौदिया में सोमवार की सुबह 23 वर्षीय युवक कैलाश तुरी पिता जगदीश तुरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सोमवार की सुबह लगभग साढ़े 8 बजे परिजनों के द्वारा उसका शव घर के अंदर फांसी के फन्दे से झूलता हुआ देखा गया, जिसके बाद घर के ग्रिल में अंदर से लगे ताले को तोड़कर युवक को नीचे उतारा गया, लेकिन तबतक काफी देर हो चुकी थी व युवक दम तोड़ चुका था। परिजनों के द्वारा सूचना दिए जाने के बाद चंदवा पुलिस टीम घटना स्थल पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अन्त :परीक्षण के लिए सदर अस्पताल लातेहार भेज दिया। ग्रामीणों व परिजनों ने बताया कि मृतक की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व पिठौरिया रांची की प्रिया कुमारी के साथ हुई है। रविवार को वह अपनी पत्नी को मायके भेजा था, देर रात्रि हंसी खुशी के खाना खाकर अपने घर मे सोने चला गया, जिसके बाद सोमवार की सुबह काफी देर तक वह नही उठा तो परिजन उसे देखने गए तो वह फांसी के फंदे में झूलता दिखा। हालांकि खबर लिखे जाने तक युवक के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया था, घटना के बाद से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### भाजयुमो की होली मिलन समारोह आज



जानकारी देते मंडल अध्यक्ष विकास सिंह।

**बरवाडीह।** भारतीय जनता युवा मोर्चा बरवाडीह मंडल कमेटी के द्वारा मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत विजयनगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए भाजयुमो मंडल अध्यक्ष विकास सिंह राजपूत ने कहा कि होली मिलन समारोह में जिले और प्रखंड से लेकर प्रदेश स्तर तक के पार्टी के पदाधिकारी शामिल होंगे। बताया कि कार्यक्रम को लेकर भाजयुमो कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह हैं। होली के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से कार्यकर्ता दोहरी उमंग के साथ ऊर्जावान बने रहेंगे और आगामी चुनाव में इसका लाभ पार्टी को मिलेगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वह कार्यक्रम में शामिल होकर समारोह को सफल बनाने का काम करेंगे। वहीं भाजयुमो उपाध्यक्ष सह पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि होली मिलन समारोह का आयोजन समाज के लोगों को एकता के सूत्र में पिरोने का काम करता है। उन्होंने बताया कि भाजयुमो का होली मिलन समारोह ऐतिहासिक होगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, सुनील सिंह, पारस जयसवाल, पवन चौधरी, मनोज कुमार, मनीष सोनी, कुंदन कुमार और राजीव सिन्हा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपाईयों का भव्य होली मिलन समारोह सह होली सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# होली पर्व आपसी भाईचारा एवं सौहार्द का पर्व है: सुनील सिंह



सांसद को स्वागत करते हरेकृष्णा सिंह।



कार्यक्रम में उपस्थित मंचासिन अतिथि।



खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** सदर प्रखंड के मेन रोड स्थित बजरंग होटल के परिसर में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा होली मिलन समारोह सह होली सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनिका व लातेहार विधानसभा के सभी प्रखंडों से काफी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ता शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुनिल सिंह, मनिका के पूर्व विधायक सह लातेहार जिला अध्यक्ष हरेकृष्णा सिंह समेत अन्य अतिथियों को गुलाल-अबीर लगाकर कर स्वागत किया गया। मौके पर सांसद सुनील सिंह पूरे जिले भर से आए लोगों को होली की बधाई व शुभकामनाएं दी व कहा की रंगों का त्योहार होली पर्व आपसी भाईचारा एवं सौहार्द का पर्व है। इसे आपसी सद्भाव एवं सौहार्द पूर्वक ही मनाएं। वही इस अवसर पर मनिका के पूर्व विधायक हरेकृष्णा सिंह ने सांसद समेत अन्य लोगो को अबीर गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामना दी। कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक होली गीत गाकर लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। वहीं इसके उपरांत सामूहिक भोजन का कार्यक्रम भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजन किया गया था। जिसका लोगों ने भरपूर आनंद उठाया। वहीं इस मौके पर राजधानी यादव, सीतामणी तिकी, पुनम देवी, नरेश पाठक, पंकज सिंह, बंशी यादव, चेतलाल रामदास, पंकज कुमार, राजन तिवारी, रामदेव सिंह, विवेक चन्द्रवंशी, प्रमोद कुमार, रितेश कुमार, कुमार सागर, विनित मधुकर, राजीव रंजन, विष्णु देव गुप्ता, मुकेश सिंह, विनोद राणा, अमित कुमार गुप्ता, दीपक कुमार निषाद, गौरव कुमार, रामप्यारे प्रसाद, महेश सिंह, महताब आलम, छोटू राजा, पंकज यादव, रघुवीर यादव, राकेश दूबे, राजेन्द्र यादव, गौरव दूबे, अश्विनी मिश्रा, अमित कुमार, लक्ष्मण कुशवाहा, रिकी कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे।

## इटके जामिया इस्लामिया मे जिला स्तरीय इज्तेमा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड के टोंटी पंचायत अंतर्गत इटके ग्राम स्थित जामिया इस्लामिया अलिबिन अबीतालिब परिसर में आपसी भाईचारा व अमन कायम रहने की दुआ के साथ जिला स्तरीय दो दिवसीय इज्तेमा का समापन हो गया। इज्तेमा में हुई दुआ में शामिल अकीदतमंदो की संख्या डेढ़ हजार से भी अधिक रही जहां दो दिवसीय तब्लीगी इज्तेमा में खिताब करते हुए मौलाना नईम ने कहा कि वालदैन(माँ) की खिदमत किये बिना कोई भी इबादत पूरी नहीं है। पड़ोसियों से बेहतर सुलूक करें। बुराईयों से बचते हुए दीनी व दुनियावी तालीम हासिल करें। नमाज व रोजे की पाबंदी करें। दुनियावी तालीम के साथ-साथ दीन की तालीम जरूर हासिल करें। वहीं मौलाना रिजवान नदवी ने अपने तकरीर में कहा कि दुनिया एक ख्वाब (सपना) की तरह हैं, असल जिंदगी तो मौत के बाद शुरू होती है। मरने से पहले आखिरत की तैयारी कर लें। हर बुरे काम से बचें। किसी की बेईमानी न करें। झूठ व फरेब से बचें। हमेशा हक बात का साथ दें। तब्लीगी जमात में जाने से दुनियावी इल्म के साथ साथ दीन की तालीम हासिल होती है। मुसलमानों को अपने ईमान को बचाकर रखने की जरूरत है। मोहम्मद साहब के बताये गये रास्ते पर चलें। नमाज व रोजे की हर हालत में समय पर अदा करें। जात, बिरादरी को समाप्त कर सभी धर्म के लोगों के साथ आपस में भाईचारा के साथ एकजुट होकर रहें। इसके पश्चात मौलाना वसिम लोहरदगा, हाफिज सुफियान लातेहार, मौलाना इरफान बारियातु, मौलाना मजहर लातेहार सहित कई ओलेमाओं ने भी तब्लीगी इज्तेमा में तकरीर किये। इज्तेमा के आखिर में मौलाना नईम ने मुल्क में अमन, भाईचारा कायम रहने की दुआ के साथ इज्तेमा का समापन किया। इसमें भारी संख्या में लोगों का हुजूम उमड़ा। तब्लीगी इज्तेमा को सफल बनाने में मौलाना माअज, टोंटी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मो होजैफा,इज्तेमा कमेटी के अध्यक्ष मो. ऐनुल हक, सदस्य मो सालिम,हाजी खोबैब,मो शमिम, मो महफुज, मो शाकिर,मौलाना आजम, मो फहिम, मो कलिम,मो कय्यूम, मो जावेद, मो तौहिद, मो रिजवान, सहित कई लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

### कांग्रेसियों ने केंद्र किया विरोध प्रदर्शन



**बालूमाथ।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा बालूमाथ स्थित शहीद चौक के समीप केंद्र सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। मौके पर बोलते हुए कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद आमिर हयात ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एक-एक कर अपने पूंजीपति मित्रों को सरकारी संस्था बेच रही है। एसबीआई का 45 करोड़ और एलआईसी का 40 लोगों का पैसा डूबने के कगार पर है। जिला उपाध्यक्ष मोतिउर रहमान ने कहा कि जिस तरह मोदी सरकार द्वारा अडानी ग्रुप को हवाई अड्डा,रेलवे,पोर्ट,बिजली जैसी देश की संपत्ति को असंवैधानिक तरीके से दिया गया वह कहीं न कहीं देश की अर्थव्यवस्था को बिगाड़ने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है। वहीं पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो. जुबेर ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार कुछ पूजीपतियों की सरकार बन गई है। यह लोग देश की गरीब जनता के पैसों को हड़प रहे हैं। इसके पीछे केंद्र सरकार का पूरा समर्थन प्राप्त है। जब कांग्रेस की सरकार थी तो देश की अर्थव्यवस्था मजबूत थी। मौके पर युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद ,अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष मो वाशिम, मो,सब्बीर, बिनोद भुइयां, मो. असफाक, रहमुल, अजय, जितेंद्र उरांव, मुन्ना खान, अकीब, टिपू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बालूमाथ थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता




बैठक करते पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता लातेहार एसडीएम शेखर कुमार की। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीएम शेखर कुमार ने कहा कि होली एवं शबे-बरात पर्व सभी मिलकर मनाएं। आप लोगों ने सद्भावना कमिटी बनाया गया है यह एक अच्छा पहल है आप सभी सद्भावना कमिटी का निर्माण करने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं। बालूमाथ एसडीपीओ अजीत कुमार ने कहा पुलिस प्रशासन का ऐसा सोच था कि आप सभी समुदाय मिलकर सद्भावना कमेटी का गठन करें और पुलिस को सहयोग करें। आप लोगों ने इस कमेटी का निर्माण करा कर समाज के लिए अच्छा संदेश देने का कार्य किया है। अंचलाधिकारी आफताब आलम ने कहा कि यहां के लोग काफी अच्छे हैं। आप लोगों होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाये। इस प्रशासन हर संभव मदद करेगी। वहीं पुलिस इंस्पेक्टर शशि रंजन ने कहा कि किसी भी प्रकार का कोई अप्रिय सूचना मिलती है या कोई भी बात विवाद होता है तो उसे आप पुलिस को सूचना दे पुलिस त्वरित कार्रवाई करेगी। वहीं थाना प्रभारी प्रसाद प्रसाद ने कहा कि पुलिस सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखे हुए हैं। आप लोग किसी भी प्रकार का कोई भी विवादित पोस्ट ना करें जिससे किसी के धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे। वहीं लातेहार जिला परिषद के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष सह सद्भावना कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू नें कहा की मैं सद्भावना कमिटी की ओर से मैं पुलिस-प्रशासन यह विश्वास दिलाता हूँ की बालूमाथ में शबे-बरात और होली दोनों त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जायेगा। इसके अलावा राजद नेता श्याम सुंदर यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, संजीव सिन्हा, मोतिउर रहमान, मो० इमरान समेत कई लोगों ने भी सभा को संबोधित किया। मौके पर शैलेश सिंह, मनोहर प्रसाद, मनान कुरेशी, रवि रजक प्रदीप यादव, मो०सलीम जावेद अख्तर समेत कई लोग मौजूद थे।

## विधायक ने असाध्य रोग से पीड़ित व्यक्ति को इलाज के लिए एक लाख का दिया चेक

खबर मन्त्र संवाददाता



चेक प्रदान करते

➲ विधायक ने असाध्य रोग से पीड़ित व्यक्ति को इलाज के लिए एक लाख का दिया चेक

बरवाडीह। मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने सोमवार को बरवाडीह प्रखण्ड के सरईडीह ग्राम निवासी मो.हसीबुल्लाह अंसारी को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी चिकित्सा राहत कोष के तहत 100000/- (एक लाख रूपए) का चेक प्रदान किया और भविष्य में भी मदद करने की बात कही। विधायक श्री सिंह ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार जरूरतमंद व्यक्ति को बेहतर उपचार दिलाने के लिए लगातार कदम उठा रही है। इस योजना में गंभीर बीमारी के इलाज में होने वाले खर्च में सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के असाध्य रोग से पीड़ित गरीब व्यक्तियों को इस योजना का लाभ उठाने की अपील है। उन्होंने बताया कि सरकार गरीबों के कल्याण को लेकर कई योजनाएं संचालित कर रही है। इसमें हर तपके को ध्यान में रखकर उसकी मदद की जा रही है, यह काम उसमें से एक है। अंदरूनी इलाके में रहने वाले लोग सुविधाओं से वंचित ना रहे इसलिए हमारी सरकार जब से बनी है, हमनें यही प्रयास किया कि निचले स्तर से ही लोगों को लाभान्वित करेंगे और स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, रोजगार, हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करेंगे। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, सुजीत गुप्ता, वरिष्ट नेता अनिल सिंह, रविंद्र राम और अवधेश मेहरा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक संपन्न



बैठक में उपस्थित लोग।

**हेरहंज।** हेरहंज स्थित प्लस टू विद्यालय परिसर मे सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उत्तम कुमार ने की। छात्र नेता उज्जवल शुक्ला ने कहा की आज अखिल विद्यार्थी परिषद अपने कार्य के कारण विश्व की सबसे बड़ी संगठन है। अतिथि के रूप मे मौजूद सांसद प्रतिनिधि रूपेंद्र जायसवाल ने कहा की विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता हर परिस्थिति मे कार्य करना जानते है, छात्र की पहचान उनके अनुशाशन से होती है। उन्होंने बच्चो के बीच चार पंक्तिया कह कर उनका हौसला बढ़ाया। विद्यार्थी परिषद के नगर इंकाई का गठन किया गया। जिसमे अध्यक्ष शिक्षक उदय कुमार, उपाध्यक्ष राहुल सिंह, नगर मंत्री पियूष गुप्ता, सह नगर मंत्री नवीन कुमार, कार्यालय मंत्री शन्नी वर्मा, प्रियांशु वर्मा, कोष प्रमुख अंकुश गोस्वामी, सोशल मीडिया प्रभारी अंकित गुप्ता, जनजातीय छात्रा प्रमुख प्रमिला कुमारी, समेत कार्य कारणी समिति बनाई गई और सांसद प्रतिनिधि रुपेन्द्र जायसवाल, छात्र नेता उज्वल शुक्ला, उत्तम कुमार, विकास जायसवाल ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और एक, दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी।

### पंचायत के विकास के साथ महिलाओं पर होने वाले अत्यचार को रोकने में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम: मनीषा उरांव

# महिला जनप्रतिनिधियों के सम्मान और प्रशिक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित

➲ मनरेगा, पीएम आवास व 15 वे वित्त में बेहतर काम करने वाले पंचायत के प्रतिनिधि भी हुए सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर सोमवार को चंदवा प्रखण्ड कार्यालय सभागार में महिला जनप्रतिनिधि सम्मान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख मनीषा उरांव, बीडीओ सह सीओ विजय कुमार, मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव, समेत विभिन्न पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रमुख मनीषा उरांव ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। ग्राम पंचायतों में महिलाओं पर होने वाले अत्यचार रुके इसमें महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका बेहद अहम है। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ सह सीओ विजय कुमार ने महिला विषयक समस्याओं तथा उनके निराकरण पथा डायन बिसाही बालिकाओं का शत-प्रतिशत विद्यालय में नामांकन, आगनबाडी केन्द्र में लडकियों के पोषण, मानव तस्करी, अवैध प्रवासी मजदूरी, बन्धुआ मजदूरी, मनरेगा में असमानुपातिक पंजीकरण, असमान मजदूरी, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, शराबबंदी, परिवार नियोजन, बाल विवाह, बमेल विवाह, पैतृक सम्पति विवाद, पारिवारिक विवाद माहवारी एवं स्वच्छता जैसे मुद्दों पर महिला जन प्रतिनिधि की भूमिका को बताया।

**मनरेगा, पीएम आवास व 15 वे वित्त में बेहतर काम करने वाले पंचायत के प्रतिनिधि भी हुए सम्मानित**

समारोह के दौरान महिला पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया साथ हीं मनरेगा, पीएम आवास व 15 वें वित्त की योजनाओं में बेहतर कार्य करने वाले 5 पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में मुखिया संगीता लकड़ा, दुर्गावती देवी, मालो देवी, फुलजेन्सिया टोप्पो, रंजीता एक्का, पुष्पा देवी, अनिता भगत, ललिता देवी, सुष्मिता कुमारी, शाकुन्तला देवी, सुनीता खलखो, प्रखण्ड कर्मी रितेश कुमार, पर्यवेक्षिका मीरू झा समेत कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

## एक नजर में

### टोरी-शिवपुर थर्डलाइन निर्माण कार्य में लगे कंपनी के साइट पर हुए फायरिंग मामले में अमन साहू के दो गुर्गे गिरफ्तार



प्रेस वार्ता कर जानकारी देते एसपी।

**लातेहार।** टोरी-शिवपुर थर्ड लाइन निर्माण कार्य में लगी कंपनी साईं कृपा टेलकम एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के साइट पर बीते 18 फरवरी को अज्ञात हथियारबंद अपराधियों के द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किए जाने के मामले में लातेहार पुलिस ने सफलता अर्जित कर ली है। लातेहार एसपी अंजनी अंजनी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर बालूमाथ एसडीपीओ अजित कुमार की अगुवाई में गठित टीम ने तकनीकी साक्ष्य की मदद से घटना में संलिप्त दो अपराधी अमरेश कुमार यादव उर्फ छोटू (पतकी लातेहार) व शिपक उरांव (इंचाबार लातेहार) को बालूमाथ साइडिंग के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने धमकी देने व रंगदारी मांगने में प्रयुक्त मोबाईल बरामद कर लिया। ये दोनों अपराधी अमन साहू गिरोह के सदस्य थे। गिरफ्तार अभियुक्तों को अग्रतर कार्रवाई के बाद सोमवार को मंडल कारा लातेहार भेज दिया गया। छापामारी अभियान में इंस्पेक्टर शशी रंजन, थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद, पुअनि प्रेम कुमार निषाद, कुबेर साव समेत दल बल के जवान शामिल थे। वहीं बता दें कि पुलिस ने मात्र 15 दिनों में अपराधी को पकड़ने में सफलता पाई है। बतादें कि ये सभी टोरी से शिवपुर तक थर्ड रेल लाइन में कार्य कर रहे पोकलेन पर गोली चलाई थी और काम को बंद कराया था जिससे लोग भयभीत थे। इसमें अमन साहू द्वारा 15 जनवरी को अमन साहू गिरोह के मयंक सिंह द्वारा वॉटसएप्प पर मैसेज भेज कर धमकी दी गई जिसमें कहा गया था कि हमलोगों को इग्नोर करके काम नहीं किया जा सकता मेरे बारे में पता कर लो। जैसे लिखित मैसेज देकर रंगदारी की मांग की गई थी।

### पासवान समाज के द्वारा होली मिलन समारोह व दुगोला कार्यक्रम का किया गया आयोजन



कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

**मनिका।** मनिका प्रखंड अंतर्गत ग्राम मनिका के भदईबथान रोड के समीप स्थित टांड़टोला में दिन सोमवार को युवा पासवान समाज प्रखंड कमेटी के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम भी आयोजित की गई। जहां पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पासवान समाज के जिला अध्यक्ष कन्हाई पासवान,पासवान समाज के वरिष्ठ नेता व कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान,विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव,बीस सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान,पूर्व बीईईओ जयशंकर राम, समाजसेवी बल्ली यादव, शिक्षक द्वारिका राम, पंचायत के मुखिया सत्येंद्र कुमार सिंह,राजदेव मांझी, समेत अन्यों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर कार्यक्रम आयोजक कमेटी के द्वारा सभी अतिथियों को फूल माला व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पंचायत समिति सदस्य सह शिक्षक गोविंद पासवान ने किया। वहीं सांस्कृतिक दुगोला कार्यक्रम में बाहर से आए हुए कलाकार व्यास राम भोला पासवान एवं व्यास गुड्डू दुबे के बीच जबरदस्त महा मुकाबला हुआ दोनों ही कलाकारों ने अपने गीत संगीत के माध्यम से लोगों का भरपूर मनोरंजन किया,कार्यक्रम में महिला नृत्य कलाकारों ने भी अपना नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। कार्यक्रम देखने के लिए काफी संख्या में दर्शकों की भीड़ लगी हुई थी। मौके पर पासवान समाज के प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश पासवान,पासवान समाज के कमलेश पासवान, पप्पू पासवान, मनोज पासवान, बागेंद्र पासवान, अखिलेश पासवान, शुखराज पासवान, विशाल पासवान, चंदन पासवान, अमरदीप पासवान, शंभू पासवान नितेश पासवान, हुसैनी ठाकुर, भाजपा नेता शंकर दुबे,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### लाईटहाउस नामक प्रतिष्ठान का हुआ उद्‌घाटन

**बालूमाथ।** बालूमाथ सेंट्रल बैंक के समीप सोमवार को लाइटहाउस नामक प्रतिष्ठान का उद्घाटन कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अमीर हयात व भाजपा नेता प्रेम प्रसाद गुप्ता ने फीता काटकर किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रेम प्रसाद गुप्ता ने कहा कि लाइटहाउस नामक दुकान खोलने से बालूमाथ के लोगों को बिजली से संबंधित सभी दुकाने यही सामान्य ही उपलब्ध हो जाएगी। अब यहां के लोगों को बिजली से संबंधित सामग्री लेने के लिए रांची नहीं जाना पड़ेगा। वही दुकान के संचालक मोहम्मद मोदी ने बताया कि हमारे यहां बिजली से संबंधित सभी तरह की सामग्री उचित मूल्य पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बिजली सामग्री के साथ साथ बिजली का कार्य करने वाले कुशल मजदूर भी मेरे पास मौजूद है। इस मौके पर मोइन कुरैशी, मोहम्मद रिंकू, मोहम्मद अफाक, मोहम्मद मुख्तार, बादल कुमार, संतोष कुमार, सत्यम कुमार, मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद आकिब, मोहम्मद जीशान, गोकुल सिंह, अमन सिन्हा, मोहम्मद शमीम, मुकेश साहू समेत कई लोग मौजूद थे।

### अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इस्तेहर



इश्तेहार चिपकाती पुलिस।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के रहेया ग्राम निवासी बब्लु लोहरा पिता ढेबर लोहरा उर्फ मनराज लोहरा के घर में न्यायलय द्वारा निर्गत इस्तीहर को घर मे चिपका कर तीस दिनों के अंदर आत्म समर्पण करने को कहा, अन्यथा नियम संगत कुर्की जप्ती की जाएगी। लातेहार जिला के बालूमाथ (वर्तमान बारियातू) थाना कांड संख्या 33/22 के प्राथमिकी अभियुक्त बबलू लोहरा, पिता ढेबर लोहरा उर्फ मनराज लोहरा के घर मे बारियातू पुलिस द्वारा इश्तिहार चिपकाया गया। थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि 5 मार्च 2023 को पुअनि रवि कुमार, दीपक नारायण सिंह ने पुलिस बल के सहयोग से अभियुक्त के घर न्यायालय के द्वारा उक्त अभियुक्त का इश्तिहार निर्गत किया गया है। जिसके आलोक में उक्त अभियुक्त के घर में बारियातु पुलिस द्वारा विधिवत इश्तिहार चिपकाया गया है यदि 30 दिनों के अंदर आत्मसमर्पण नहीं करते हैं तो कुर्की जप्ति की कारवाई की जाएगी।

## कमिंस या स्मिथ टेस्ट में कप्तान कौन?

**अहमदाबाद।** ऑस्ट्रेलिया के नियमित कप्तान पैट कमिंस अपनी बीमार मां के पास ऑस्ट्रेलिया में ही हैं और उनकी गैर मौजूदगी में चौथे और आखिरी टेस्ट में स्टीव स्मिथ ही कप्तानी करेंगे। कमिंस की अनुपस्थिति में स्मिथ ने इंदौर टेस्ट में भी टीम की कमान संभाली थी। दिल्ली टेस्ट के बाद कमिंस अपनी मां के बीमार होने के कारण स्वदेश रवाना हो गए थे। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट की ओर से बताया गया कि कमिंस अभी भी सिडनी में ही हैं। दूसरी ओर, आखिरी टेस्ट के बाद तीन वनडे मैच खेले जाने हैं और कमिंस के खेलने को लेकर फैसला बाद में होगा।

## यौन उत्पीड़न करने वाले से मांगे जाएं सबूत: विनेश फोगट

**कोलकाता।** भारतीय पहलवानों और कुश्ती महासंघ के बीच लड़ाई और बढ़ती जा रही है।दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगट ने आरोप लगाया कि उन्हें और अन्य महिला पहलवानों को पहले से ही बहुत पीड़ित होने के बाद यौन उत्पीड़न का प्रमाण दिखाने के लिए कहा जा रहा है, जबकि सबूत उत्पीड़न करने वाले से मांगे जाने चाहिए। विनेश फोगट ने कहा,हमें यौन उत्पीड़न का प्रमाण प्रस्तुत करने के लिए कहा जा रहा है। क्या यह पर्याप्त नहीं है कि हम महिलाओं के रूप में पीड़ित होने के वर्षों के बाद बोल रहे हैं? क्या वे मुझसे उम्मीद करते हैं कि उत्पीड़न करने वाला हमें फिर से परेशान करे ताकि हम फिल्म बना सकें और सबूत प्रस्तुत कर सकें? सबूत हमसे नहीं बल्कि उनसे मांगा जाना चाहिए।

## एलएलसी का प्रायोजक बना स्काईएक्सच. नेट

**नयी दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने इस साल के एलएलसी मास्टर्स के टाइटल प्रायोजक के रूप में स्काईएक्सच.नेट के साथ करार किया है। अब इस संस्करण के टूनार्मेंट को स्काईएक्सच.नेट एलएलसी मास्टर्स के नाम से जाना जाएगा। एलएलसी मास्टर्स 10 से 20 मार्च के बीच दोहा के एशियन टाउन क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।

# मुंबई की शानदार दूसरी जीत आरसीबी को नौ विकेट से रौंदा

**सेंचुरी से चूकीं हेली मैथ्यूज प्लेयर ऑफ द मैच बनीं**

एजेंसी

**मुंबई।** ऑलराउंडर हेली मैथ्यूज (77 रन और 3 विकेट) के दोहरे प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस ने पहली विमेंस प्रीमियर लीग में लगातार दूसरी जीत हासिल कर ली है। टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 9 विकेट से हराया। ब्रेबोर्न स्टेडियम में सोमवार को बेंगलुरु ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.4 ओवर में 155 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में मुंबई इंडियंस ने हेली-नैटली की (56 बॉल पर 114 नाबाद) शतकीय साझेदारी के सहारे 14.2 ओवर में एक विकेट पर हासिल कर लिया। ब्रंट ने भी अर्धशतक 55 रन बनाए। हेली और ब्रंट ने दूसरे विकेट के लिए 114 रन जोड़े। प्रीति बोस ने बेंगलुरु को इकलौती सफलता दिलाई।टॉस जीतकर खेलने उतरी बेंगलुरु की टीम 18.4 ओवर में 155 रन पर ऑल आउट हो गई। विकेटकीपर बल्लेबाज




रिचा घोष ने संकट की स्थिति में सबसे ज्यादा 28 रनों की अहम पारी खेली। जबकि कनिका आहूजा (22 रन) ने उनका साथ दिया। इससे पहले, कप्तान स्मृति मंधाना (23 रन) और सोफी डिवाइन (16 रन) ने तेज शुरूआत दिलाई। मुंबई की ओर से हेली मैथ्यूज ने तीन विकेट चटकाए, जबकि साइका इशाक को दो सफलताएं मिलीं। पूजा वस्त्राकर और नेटली सीवर को एक-एक विकेट मिला।

### तेज शुरूआत के बाद बिखरी आरसीबी

ओपनर स्मृति मंधाना और सोफी डिवाइन ने बेंगलुरु को तेज शुरूआत दिलाई। एक समय टीम ने चार ओवर में बगैर नुकसान के 35 रन बना लिए। लेकिन 39 रन पर सोफी डिवाइन का विकेट गंवाने के बाद टीम के विकेट गिरने लग गए। बेंगलुरु ने अगले चार रन बनाने में चार विकेट गंवा दिए। स्मृति मंधाना 23, सोफी डिवाइन 16 रन, दिशा कसत शून्य और हीदर नाइट शून्य के स्कोर पर आउट हुईं। साइका इशाक और हेली मैथ्यूज को दो-दो विकेट मिले।

## एक्ट्रेस से विवाद के बाद पृथ्वी शॉ ने दिया बयान

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया में 537 दिन बाद कमबैक करने वाले पृथ्वी शॉ को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 टीम के लिए प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया था। दूसरी ओर, अंडर-19 वर्ल्ड कप विनिंग टीम में साथी रहे शुभमन गिल पर टीम इंडिया ने भरोसा जताया था। इस सीरीज के बाद पृथ्वी शॉ का एक एक्ट्रेस सपना गिल और उसके दोस्तों के साथ होटल में विवाद हुआ था। सड़क पर मारपीट को लेकर वह विवादों में आ गए थे, जबकि सपना और उसके दोस्तों की इस मामले में गिरफ्तारी हुई थी। इस पूरे मामले के बाद पृथ्वी शॉ पहली बार सामने आए और टीम इंडिया की प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किए जाने को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा- खिलाड़ियों से मिलने और उनके साथ ट्रेनिंग करने के लिए मुझे टी20 टीम में वापस आकर बहुत अच्छा लगा। मैंने उस साथ को एंजॉय किया। हां, मुझे मौका नहीं मिला, लेकिन टीम में मौका मिलना मेरे लिए मायने रखता है। उन्होंने आगे कहा- यह सब टीम के कप्तान और मैनेजमेंट पर निर्भर करता है, लेकिन मैंने इसका सम्मान किया।

# रिकी पोंटिंग बोले- कोहली चैंपियन खिलाड़ी, जल्द बड़ी पारी खेलेंगे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि भारत में खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बल्लेबाजों के लिए बुरे सपने की तरह है। पूरी सीरीज में स्पिनर्स हावी रहे, बैटर्स के बल्ले से रन ही नहीं निकले हैं। यहां विराट कोहली की तरह बाकी बैटर्स ने भी स्ट्रगल किया। लेकिन, कोहली एक चैंपियन खिलाड़ी हैं और टेस्ट में भी जल्द ही बड़ी पारी खेलते नजर आएंगे। पोंटिंग बोले- कोहली के लिए मैंने हमेशा से कहा है कि वह एक



चैंपियन खिलाड़ी हैं, जो हमेशा मुश्किलों से आगे बढ़ने का रास्ता निकाल लेते हैं। उनके बैट से अभी रन नहीं निकल रहे। हम सभी उनसे बड़ी पारी की उम्मीद भी कर रहे हैं, लेकिन कोहली खुद भी इस सच्चाई को जानते हैं। जब आप एक बैटर हों और आपके बैट से रन न निकलें तो आपको खुद में यह अहसास होने लग जाता है कि कुछ गलत हो रहा है। लेकिन, मैं इस बारे में थोड़ा भी चिंतित नहीं हूं, मुझे विश्वास है कि कोहली बाउंस बैक करेंगे और बड़ी पारी खेलेंगे। पोंटिंग तो विराट के फॉर्म में वापसी को लेकर कॉन्फिडेंट हैं, लेकिन टेस्ट में कोहली पिछली 14 पारियों से फिफ्टी नहीं बना सके हैं। उन्होंने 11 जनवरी 2022 को आखिरी बार साउथ अफ्रीका में 79 रन की पारी खेली थी। इस पारी के बाद से उनका बेस्ट स्कोर 45 रन रहा। वे 2 ही बार 25 रन का आंकड़ा पार सके यानी कि 12 पारियों में उन्होंने 25 से कम के स्कोर बनाए।

# अहमदाबाद में किंग कोहली जड़ेंगे 'तिहरा शतक', कोच द्रविड़ की कर लेंगे बराबरी

एजेंसी

**अहमदाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी और स्टार दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही चार मैचों की रोमांचक बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में पूरी तरह से खामोश रहा। वह लगातार अधिक घुमाव वाली पिचों पर अन्य बल्लेबाजों की तरह संघर्ष करते हुए नजर आ रहे हैं। कोहली ने नवंबर 2019 के बाद से टेस्ट क्रिकेट में एक भी शतक नहीं जड़ा। लेकिन वह अब 09 मार्च से अहमदाबाद में शुरू हो रहे बीजीटी के चौथे टेस्ट में तिहरा शतक जड़ने वाले हैं।

### राहुल द्रविड़ के बाद 300 कैच लपकने वाले बनेंगे दूसरे भारतीय

टीम इंडिया के मौजूदा हेड कोच और दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ जबरदस्त बल्लेबाज होने के साथ-साथ एक शानदार फील्डर भी थे। उन्होंने अपने करियर में खेले गए 509 इंटरनेशनल मैचों में 334 कैच पकड़े हैं। वह भारतीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ी हैं। इसके अलावा वह 300 कैच लपकने वाले भी पहले भारतीय हैं। बहरहाल अब अगर कोहली अहमदाबाद में एक कैच लपकने में सफल रहते हैं तो वह द्रविड़ के साथ इस एलीट क्लब में शामिल हो जाएंगे। इसके अलावा बात करें बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की तो भारत इस समय सीरीज में 2-1 से आगे चल रहा है। अहमदाबाद में खेले जाने वाला चौथा टेस्ट दोनों टीमों के लिहाज से महत्वपूर्ण रहने वाला है।

### कोहली लगाएंगे एक अनोखा तिहरा शतक



दरअसल, स्टार क्रिकेटर विराट कोहली अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले अंतिम और चौथे टेस्ट में एक अनोखा तिहरा शतक पूरा करने वाले हैं। इस बात से हर कोई वाकिफ है कि विराट कोहली गजब के फील्डर हैं और जबरदस्त कैच लेने के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में कोहली ने अब तक तीनों प्रारूप मिलाकर इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 493 मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 299 कैच लपके हैं। ऐसे में वह अब अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगर एक भी कैच पकड़ते हैं तो वह अपने करियर में कैचों का तिहरा शतक पूरा कर लेंगे।

## साउथ अफ्रीका टी-20 कप्तान होंगे मारक्रम

**नयी दिल्ली।** साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज ऐडन मारक्रम को टीम में नई जिम्मेदारी मिली है। मारक्रम को टी-20 टीम का कप्तान चुना गया है। जबकि, साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने जेपी डुमिनी को बल्लेबाजी कोच और रोरी क्लेनवेल्ट को टी-20 और वनडे के गेंदबाजी कोच के रूप में नियुक्त किया है। डुमिनी वनडे और टी-20 टीम के कोच बने रहेंगे। वहीं, रोरी क्लेनवेल्ट को वेस्टइंडीज दौरे के लिए ही टीम में शामिल होंगे। साउथ अफ्रीका दो टेस्ट खेलने के बाद 16, 18 और 21 मार्च को 3 वनडे भी खेलेगा। इसके बाद 25, 26 और 28 मार्च को 3 टी-20 मैच भी होंगे। मार्कराम ने तेंबा बावुमा की जगह टी-20 की कप्तानी संभाली है। बावुमा को टी-20 सीरीज से बाहर कर दिया गया है।

## वखरा स्वैग... इंस्टाग्राम के किंग बने हार्दिक गोद में पपी लेकर शेयर की बड़ी खुशखबरी

**मुंबई।** भारत के तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या इंस्टाग्राम पर 2.5 करोड़ फॉलोअर्स वाले दुनिया के सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। दिलचस्प बात यह है कि हार्दिक के राफेल नडाल, रोजर फेडरर, मैक्स वेरस्टापेन और एर्लिंग हैलैंड जैसे ग्लोबल स्टार्स से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। हार्दिक ने अपने फैंस को शुक्रिया अदा करते हुए कहा, 'मेरे सभी प्रशंसकों को प्यार के लिए धन्यवाद। मेरे सभी प्रशंसक मेरे लिए खास हैं और मैं उनके प्यार और सपोर्ट के लिए शुक्रिया करना चाहूंगा। 2016 में अपने इंटरनेशनल करियर की शुरूआत करने वाले हार्दिक पंड्या ने टीम इंडिया में डेब्यू के बाद कभी पीछे पलटकर नहीं देखा। 29 साल की उम्र में वह भारतीय टीम के साथ-साथ आईपीएल में भी एक सीनियर मेंबर हैं। नई फ्रैंचाइजी गुजरात टाइटंस को पहली ही बार में अपनी अगुवाई में चैंपियन बनाया था। 2018 से टेस्ट टीम से बाहर चल रहे हार्दिक बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम का भी हिस्सा नहीं हैं।



## बेटी की शादी की थी तैयारी...करंट से मौत

**जमुई।** जमुई के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के रूप पोखर गांव में एक पिता अपने बेटी की शादी की तैयारी में जुटा था। लेकिन उसे क्या पता कि जिस बेटी को वह डोली पर विदाई की तैयारी कर रहे हैं, उसे अर्थी पर विदा करना पड़ेगा। पूरा मामला जमुई जिले के चंद्रदीप थाना अंतर्गत रूप पोखर गांव की है। रूप पोखर निवासी केदार यादव की 18 वर्षीय पुत्री प्रियांशु कुमारी भिंगा कपड़ा सुखाने के लिए अपने घर की छत पर चढ़ी थी। वहां से गुजर रहे 440 वोल्ट का तार पहले से गिरा था, जिसकी चपेट में आने से प्रियांशु बुरी तरह से झुलस गई। परिजनों द्वारा इलाज के लिए प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र अलीगंज लाया गया। जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी के बाद चंद्रदीप थानाध्यक्ष मोहम्मद हलीम अपने दल बल के साथ अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों के बयान पर प्राथमिकी दर्जकर उसके शव को सोमवार की सुबह पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मृतक युवती के पिता केदार यादव ने बताया कि वह अपनी बेटी प्रियांशु की शादी के लिए लड़का भी देख लिया था और लगभग शादी तय हो चुकी थी।

## पांचवे दिन बरामद हुआ नवविवाहिता का शव

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर जिले के बड़हरा थाना क्षेत्र के सिन्हा ओपी अंतर्गत सिन्हा गांव स्थित गंगा नदी से एक नवविवाहिता का हत्या कर फेंका गया शव बरामद हुआ है। आरोप है कि ससुराल वालों ने दहेज में बुलेट बाइक की मांग को लेकर नवविवाहिता को पहले जमकर पीटा उसके बाद उसके हाथ,पैर,कमर बांधने के बाद उसकी नृशंस हत्या दी। उसके शव को प्लास्टिक की बोरे में डालकर गंगा नदी में पत्थर से बांधकर डाल दिया। वहीं मछुआरों के जाल में फसी डेड बॉडी से भरी बोरे को देख उन लोगों ने सिन्हा ओपी पुलिस को दी। शव के मिलने से गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। घटना की सूचना मिलते ही सिन्हा ओपन चार्ज अपने दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को स्थानीय लोगों के मदद से निकाला उसके बाद अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

## बाइक पर बैठे-बैठे जिंदा जला युवक,

**बेगूसराय।** बेगूसराय में एक युवक बाइक के साथ जिंदा जल गया। युवक की बाइक पहले मिनी ट्रक से टकराई, इसके बाद मोटरसाइकिल में आग लग गई। आग ने युवक को भी अपनी चपेट में ले लिया। युवक बाइक पर बैठे-बैठे ही जिंदा जल गया। हादसा बीती रात 10 बजे के करीब एनएच 28 पर हुआ। इस हादसे का वीडियो सामने आया है। जिसकी तस्वीरें विचलित करने वाली हैं। युवक पूरी तरह से जल गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बरौनी थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। पहले आग को बुझाया गया। फिर देर रात युवक के जले शव को सदर अस्पताल लाया गया। आज सुबह उसकी पहचान हुई है।

## बिहारियों पर अत्याचार का दावा, पटना हाईकोर्ट में पीआइएल दायर

**पटना।** तमिलनाडु में बिहार की श्रमिकों के साथ कथित दुर्व्यवहार को लेकर जहां बिहार सरकार ने 4 लोगों की एक टीम वहां भेजी है। वहीं पटना उच्च न्यायालय में 4 मार्च 2023 को एक जनहित याचिका दायर की गई है। इस याचिका में बिहार के बाहर राज्यों में बिहारियों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के मुद्दे को जोड़ कर कोर्ट में पीआईएल दायर किया गया है। जिसकी टोकन संख्या 5422/2023 है।इस जनहित याचिका को इंजीनियर विजय प्रभात ने पटना हाई कोर्ट में दायर किया है। इंजीनियर विजय प्रभात ने अपने द्वारा दायर याचिका को लेकर बताया कि बिहार के लोगों के साथ राज्य के बाहर लगभग कई राज्य में दुर्व्यवहार होता आ रहा है। बिहारियों के साथ पिछले कई सालों में दुर्व्यवहार और अत्याचार के मामले सामने आए हैं। अब इनके साथ तमिलनाडु में हो रहे अत्याचार का मामला सामने आ रहा है। जिसे लेकर मैंने पटना हाई कोर्ट में पीआईएल दायर किया है। दायर पीआईएल में मैंने बिहार सरकार से एक ऐसी व्यवस्था विकसित करने की मांग की है जिसमें बिहार के बाहर गए लोगों को बिहार में ही स्वास्थ्य व्यवस्था, रोजगार और शिक्षा जैसी चीजें उपलब्ध हो सके, क्योंकि बिहार के बाहर गए लोगों को बिहारी गाली के रूप में दी जाती है।

# मुजफ्फरपुर में बनी 'मछली' डिजनी हॉटस्टार पर रिलीज, चार दोस्तों की आंख मिचौली की है कहानी

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर में शूट हुई वेब सीरीज 'मछली' डिजनी हॉट स्टार पर रिलीज हो गई है। इस वेब सीरीज की कहानी मुजफ्फरपुर की पृष्ठभूमि पर लिखी गई है। वेब सीरीज में बेरोजगारी की चपेट में आए युवाओं को कहानी है। वेब सीरीज में दिखाया गया है कि कैसे चार दोस्त दिशाहीन होकर कुछ गलत कर जाते हैं। मुजफ्फरपुर में बनी वेब सीरीज लोगों को खूब पसंद आ रही है। हाल ही में 'मछली' को राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल 2023 में बेस्ट वेब शो से सम्मानित भी किया गया है और डिज्नी प्लस हॉट स्टार पर रिलीज




हो चुकी है। बता दें कि मछली वेब सीरीज पुलिस और चार दोस्तों की आंख मिचौली की कहानी है।इस वेब सीरीज के मुख्य भूमिका में मुजफ्फरपुर शहर के नया टोला मोहल्ला के निवासी अमित जैक हैं, जो मुंबई में अपने फिल्मी करियर के लिए संघर्षरत है। अमित ने अपने करियर की शुरूआत साल 2013 से यासिन खान के थियेटर कंपनी द इंदू आर्ट से की और इसके साथ नाटक के साथ साथ फिल्मों में स्ट्रगल का सिलसिला चलता रहा। अमित डॉक्यूमेंट्री, शॉर्ट फिल्म और सिरीयल में काम कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि कुछ बड़ा ब्रेक हाथ नहीं लगने की वजह से कभी निराश नहीं हुआ।

### अमित पेशे से हैं इंजीनियर

बता दें कि अमित जैक पेशे से एक इंजीनियर थे। एक्टिंग में रूचि होने की वजह से उन्होंने इन्फोसिस जैसी बड़ी मल्टी नैशनल कंपनी की नौकरी छोड़ दी और सिनेमा का रुख किया। अमित पहली वेब सरीरीज 'मछली' से धूम मचा रहे हैं। अमित जैक अपनी सफलता का श्रेय मछली वेब सीरीज के डायरेक्टर अनिमेष वर्मा को देते हैं, जिन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचाना।

# फेक वीडियो वायरल करनेवाला 4 लोगों पर नामजद

एजेंसी

**पटना।** तमिलनाडु में बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हमले का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर डालने के मामले में जमुई से अमन नाम के युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पटना में ADG जेएस गंगवार ने इसकी जानकारी दी है। ADG ने कहा कि अमन ने जो वीडियो पोस्ट किए थे, वो पूरी तरह से फेक थे। उनमें से एक वीडियो सुसाइड का था, जिसे हमले में हत्या का बताया गया था। ADG जेएस गंगवार ने कहा कि तमिलनाडु मामले में जो वीडियो सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे थे, इसे लेकर आर्थिक अपराध इकाई ने कार्रवाई की है। मामले में जांच के लिए 10 अधिकारियों की टीम बनाई गई है। टीम ने बहुत सारे वीडियो का सत्यापन किया है।

### अपलोड किया गया वीडियो फेक और पहले की घटनाओं का था

ADG ने बताया कि इस मामले में अब तक कुल 30 वीडियो पोस्ट और लिंक मिले हैं। इसमें से चार वीडियो और चार न्यूज भ्रामक हैं। पुलिस की ओर से नामजद की गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। अमन नाम का एक व्यक्ति है, जो जमुई जिले के रहने वाला है। इसके द्वारा जो वीडियो अपलोड किया गया था वह पूरी तरह से गलत और पहले की घटनाओं पर आधारित था।

### सुसाइड को बताया था हत्या

अमन ने एक-दो दिन पहले हुई घटनाओं से पुराने वीडियो को जोड़कर बनाया था। एक वीडियो उसमें ऐसा था, जिसमें दिखाया जा रहा था कि युवक की हत्या कर दी गई है। उसे मार कर लटका दिया गया है, जबकि यह सुसाइड की घटना थी और इसे हत्या दशार्या गया। वह तमिलनाडु की ही पुरानी घटना थी, जिसे बिहार के प्रवासी मजदूरों पर हुई घटना के तौर पर बताया गया।

### 4 लोगों के खिलाफ एफआइआर

इसके अलावा भी तमाम भड़काने वाले पोस्ट किए गए हैं। इस मामले में भी पुलिस ने 4 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। अमन के पास जो मोबाइल मिला है, उसमें तमाम ऐसे पोस्ट और वीडियो मिले हैं, जिससे पता चलता है कि उसके द्वारा ही काफी संख्या में यह वीडियो शेयर किया जा रहा था। 26 अन्य वीडियो लिंक की जांच की जा रही है। इसमें एक और अभियुक्त है जिसके खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई कार्रवाई कर रही है। वह फिलहाल फरार चल रहा है।

### जारी किया गया है प्रिजर्वेशन नोटिस

कुल मिलाकर फेसबुक पर 9 पोस्ट, ट्विटर पर 15 पोस्ट, यूट्यूब पर 15 पोस्ट मिले हैं। हम लोगों के द्वारा जी-मेल पर तीन ऐसे वीडियो मिले हैं, जिसको लेकर प्रिजर्वेशन नोटिस जारी किया गया है। इसमें सर्विस प्रोवाइडर से यह कहा जाता है कि जो भी लिंक आपके प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए हैं, उसे आप 3 महीने तक प्रिजर्व करके रखें। जिससे कि पुलिस को साक्ष्य मिल सकें। ऐसा ना हो कि कोई डिलीट कर दे। इस तरीके से यह पता चलता है कि इस वीडियो को जानबूझकर इन लोगों के द्वारा वायरल किया गया है। इधर, तमिलनाडु के डीजीपी ने कहा हमारे सोशल मीडिया सेल ने फेक वीडियो का काउंटर किया है। हमने चैनलों से इस सामग्री को हटाने का अनुरोध किया। उन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए जिन्होंने वीडियो नहीं हटाए।

## बेतिया में रेलवे कान्ट्रैक्टर को मारी गोली

**बेतिया।** बेतिया में अपराधियों ने दिनदहाड़े एक रेलवे कांट्रैक्टर को गोली मार दी है। घटना नरकटियागंज रेलवे स्टेशन का है। जहां सोमवार दोपहर एक रेलवे कांट्रैक्टर को अपराधियों ने गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रेलवे कांट्रैक्टर की पहचान नरकटियागंज नगर के पुरानी बाजार निवासी सुनील कुमार आर्य (43) के रूप में की गई है।

### क्या है पूरा मामला

रेलवे स्टेशन पर मौजूद लोगों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कांट्रैक्टर सकुर्लेटिंग एरिया में किसी काम से गया था। उसी दौरान अपराधियों ने उसे गोली मार दी। गोली कांट्रैक्टर के सीने में दाहिने तरफ लगी है। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना को अंजाम देने वाले युवक नगर के ब्लॉक रोड निवासी सुधीर कुमार मिश्र उर्फ पिन्टु मिश्र को रेल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं गोली लगने से गंभीर रूप से जख़्मी सुनील को रेल पुलिस ने अनुमंडलीय अस्पताल पहुचाया।

## पेज एक का शेष

### क्लीनचिट देने का था दबाव...

एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले में हुई थी जांच : दरअसल, संताल में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में ईडी इसी बड़हरवा टोल प्लाजा विवाद से संबंधित केस को आधार बनाकर जांच शुरू की थी। ईडी का मूल केस यही है। इसमें ईडी ने अवैध खनन के बड़े-बड़े खुलासे कियेऔर बरामदगी भी की। पूर्व में ईडी ने इस मामले में जब कांड के शिकायतकर्ता मोहम्मद सरफुद्दीन खान से क्लीन चिट देने के मामले पूछताछ की तो उन्होंने कह दिया था कि एसडीपीओ बड़हरवा प्रमोद कुमार मिश्रा ने क्लीन चिट दी थी। इसके बाद ही ईडी ने पहले 12 दिसंबर 2022 के लिए एसडीपीओ प्रमोद कुमार मिश्रा को समन किया था। जब वे पहले समन पर उपस्थित नहीं हुए तो उन्हें फिर 15 दिसंबर को पूछताछ के लिए ईडी ने समन किया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए थे।

### अक्टूबर तक ट्रायल पूरी करें...

रांची पुलिस के अलावा सीआइडी भी इस हत्याकांड की जांच कर चुकी है लेकिन ये हत्यारे तक नहीं पहुंच सके थे। घटना के 9 साल बाद एनआईए ने मामले को टेकओवर किया था। इसमें राजा पीटर के अंगरक्षक शेषनाथ सिंह खरवार को 7 अक्टूबर 2017 को गिरफ्तार किया गया था। इसी मामले में संलिप्त रहे नक्सली कुंदन पहन ने राज्य पुलिस के सामने 27 मई 2017 को आत्मसमर्पण किया था, उक्त मामले में एक दर्जन आरोपी जेल में है।

### लैंड फॉर जॉब स्कैम में...

लैंड फॉर जॉब स्कैम में सीबीआइ की चार्जशीट पर कोर्ट ने समन जारी किया था। चार्जशीट में लालू प्रसाद के अलावा राबड़ी देवी और 14 अन्य को आरोपी बनाया है। 15 मार्च को कोर्ट में राबड़ी, लालू और मीसा को पेश होने के आदेश दिये गये हैं। इस पूछताछ के बाद राबड़ी देवी विधान परिषद की कार्यवाही में शामिल होने पहुंचीं। छोटे बेटे और डिप्टी उट तेजस्वी यादव आये और उन्हें ले गये। सीबीआइ की पूछताछ के सवाल पर राबड़ी देवी ने कहा कि कुछ नहीं हुआ है। यह सब चलता रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 12 अफसरों की टीम 2 से 3 गाड़ियों में उनके पटना स्थित 10 सर्कुलर रोड आवास पर पहुंची थी। इसके विरोध में राजद नेता और कार्यकर्ता आवास के बाहर धरने पर बैठ गये थे। इस कारण आवास के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गयी थी। पहले ये पूछताछ सीबीइआइ दफ्तर में होनी थी, लेकिन बाद में उन्हें राहत देते हुए उनके घर पर करने के लिए तैयार हो गयी। डिप्टी सीएम तेजस्वी ने कहा कि तथाकथित जमीन के बदले नौकरी के मामले में सीबीआइ आयी है। जिस दिन से सरकार बनी है, उस दिन से यह हो रहा है। हर महीने हो रहा है। मैं तो कहता हूं कि सीबीआइ ही आवास पर ही अपना एक दफ्तर खोल दे। पहले भी इस केस की कई बार जांच करके बंद कर चुकी है। रेलवे ने इसे घोटाला नहीं माना है।

#### क्या लैंड फॉर जॉब स्कैम :

लालू के रेलमंत्री (2004 से 2009) रहते हुए लैंड फॉर जॉब स्कैम हुआ था। नौकरी के बदले जमीन लेने के घोटाले में लालू और उनके परिवार वालों पर रेलवे में नौकरी दिलाने के बदले जमीन लेने का आरोप है। इस मामले में सीबीआइ ने मई 2022 में लालू और उनके परिवार के सदस्यों पर भ्रष्टाचार का नया केस दर्ज किया था। आरोप है कि लालू के परिवार ने बिहार में 1 लाख स्क्वायर फीट से ज्यादा जमीन महज 26 लाख रुपये में हासिल कर ली, जबकि उस समय के सर्कल रेट के अनुसार जमीन की कीमत करीब 4.39 करोड़ रुपये थी। खास बात ये है कि लैंड ट्रांसफर के ज्यादातर केस में जमीन मालिक को कैश में भुगतान किया गया। दर्ज मामले के मुताबिक रेलवे में जमीन के बदले नौकरी पाने वालों में धर्मेंद्र राय, रवींद्र राय, अभिषेक कुमार, राजकुमार, दिलचंद कुमार, मिथिलेश कुमार, अजय कुमार, संजय राय, प्रेमचंद्र कुमार, लालचंद कुमार, पिंटू कुमार और ह्रदयानंद हैं। इन सभी बारह लोगों पर गलत तरीके से सरकारी नौकरी पाने का आरोप है।

## स्पीड न्यूज

### सवा लाख दीपों से जगमगाये पुष्कर के 52 घाट

**अजमेर।** पुष्कर में अंतरराष्ट्रीय होली महोत्सव के तीसरे दिन सोमवार को 52 घाटों को सवा लाख दीपों से सजाया गया। इससे पहले शाम 4 से 6.30 बजे तक ब्रह्म चौक, होली का चौक और ब्रह्म वाटिका पर चंग, डफ, कच्छी घोड़ी और गैर नृत्य किया गया। प्रसिद्ध नाथूलाल सोलंकी सरोवर के जयपुर घाट पर शाम को नगाड़ा वादन किया। इस दौरान हेलीकॉप्टर जॉय राइड की शुरुआत भी की गयी।

### नागरिकों को सशक्त बना रही है प्रौद्योगिकी : पीएम

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाल रही है और नागरिकों को सशक्त बना रही है। मोदी राज्यसभा सदस्य नबाम रेबिया के उस ट्वीट का जवाब दे रहे थे, जिसमें रेबिया ने बताया था कि अरुणाचल प्रदेश के शेरगांव ग्राम में डिजिटल इंडिया की शुरुआत से पहले केवल एक मोबाइल सेवा प्रदाता था। उन्होंने आगे बताया कि अब यहां 3 मोबाइल सेवा प्रदाता हैं।

### पटाखों में विस्फोट चार की मौत

**भुवनेश्वर।** खोर्धा जिले के टांगी थाना क्षेत्र के भूषंडपुर गांव में दोल उत्सव के लिए तैयारी करते समय पटाखों में विस्फोट होने के कारण चार लोगों की मौत हो गयी है। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक इस संबंध में सूचना मिलने के बाद अग्निशमन विभाग की टीम ने वहां पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटनास्थल पर खोर्धा के आरक्षी अधीक्षक व टांगी थाना के अधिकारी पहुंचे हैं। अस्पताल में भर्ती घायलों की हालत नाजुक होने के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। पुलिस ने इस इलाके की घेराबंदी कर रखी है। मृत लोगों की शिनाख्त नहीं हो पायी है।

### कॉनराड और अन्य विधायकों ने शपथ ली

**शिलांग।** एनपीपी सुप्रीमो कॉनराड संगमा ने अन्य नवनिर्वाचित विधायकों के साथ सोमवार को मेघालय विधानसभा में विधायक पद की शपथ ली। प्रोटेम स्पीकर टिमोथी डी. शिरा ने नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलायी। कॉनराड संगमा 60 सदस्यीय विधानसभा में 45 विधायकों के समर्थन वाली एनपीपी के नेतृत्व वाली गठबंधन की अगली एनडीए-संबद्ध मेघालय डेमोक्रेटिक एलायंस (एमडीए)-02 सरकार के मुख्यमंत्री होंगे।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को आइएनएस विक्रांत पर तैनात नौसैनिकों को गुलाल लगाकर उनके साथ होली की खुशियां साझा कीं।

# इंग्लैंड में पुरातत्व विभाग को खुदाई में मिला चार हजार साल पुराना मंदिर

**लंदन (हि.स.)।** इंग्लैंड के नॉर्थम्प्टन के पास पुरातत्व विभाग को खुदाई में चार हजार साल पुराना मंदिर मिला है। खुदाई में पवित्र कलशों सहित कई पुरातात्विक अवशेष भी मिले हैं।

जानकारी के मुताबिक नार्थम्प्टन के उत्तर में चार मील दूर गांव ओवरस्टोन में लंदन पुरातत्व संग्रहालय की टीम खुदाई कर रही थी। खुदाई के दौरान पुरातत्वविदों की टीम को चौंकाने वाली सामग्री मिलने लगी। बाद में पता चला कि इस टीम ने चार हजार साल पुराना मंदिर खोज निकाला है। यह जानकारी भी सामने आयी कि जिस जगह मंदिर मिला है, वह स्थान दो हजार से अधिक वर्षों तक उपयोग में रहा है। खुदाई में कांस्य युग व रोमन सभ्यता के दौर की कई कलाकृतियां पायी गयी हैं। वहां कांस्य युग के पांच कलश दबे मिले हैं। खुदाई के दौरान पता चला कि यह मंदिर पवित्र स्थान पर बनाया गया है। दो अलग-अलग कमरे मिले हैं, जिनमें एक में सीढ़ियां हैं। दीवारों पर प्लास्टर के साथ कई चित्र बने मिले हैं। खुदाई स्थल पर कोई कब्र या किसी प्रकार के मानव अवशेष नहीं मिले हैं। हालांकि, चमड़े के जूते मिले होने से वहां मानवीय आवाजाही की पुष्टि हुई है। जूता दो हजार साल पुराने किसी जैविक अवशेष के बने हुए माने जा रहे हैं। पुरातत्वविदों को पानी के बड़े टैंक भी मिले हैं। विशेषज्ञों को एक रोमन संरचना के अवशेष भी मिले, जो 43 ईस्वी और 410 ईस्वी के बीच के माने जा रहे हैं। संरचना का कोई कार्यात्मक उद्देश्य नहीं था और यह पास के झरने से जुड़ा एक मंदिर माना जा रहा है।



# आसान भाषा में दें मौसम की जानकारी : मोदी

## प्रधानमंत्री ने बढ़ती गर्मी को लेकर तैयारियों की समीक्षा को उच्च स्तरीय बैठक की

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) को दैनिक मौसम पूवार्नुमान इस तरीके से तैयार करने का निर्देश दिया, जिसकी व्याख्या करना और उसका प्रचार-प्रसार करना आसान हो। प्रधानमंत्री ने सोमवार को अपने आवास पर आगामी गर्मियों के मद्देनजर मौसम की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। पीएम ने आइएमडी से दैनिक मौसम पूवार्नुमान इस तरीके से जारी करने को कहा, जिससे इसे आसानी से समझा जा सके।



बैठक में प्रधानमंत्री को अगले कुछ महीनों के लिए आइएमडी के मौसम पूवार्नुमान और सामान्य मानसून की संभावना के बारे में जानकारी दी गयी। उन्हें रबी फसलों पर मौसम के प्रभाव और प्रमुख फसलों की अनुमानित उपज के बारे में भी जानकारी दी गयी। सिंचाई जल आपूर्ति, चारा और पेयजल की निगरानी के लिए चल रहे प्रयासों की भी समीक्षा की गयी। इसके अलावा, प्रधानमंत्री को आवश्यक आपूर्ति की उपलब्धता और आपात स्थिति के लिए तैयारियों के संदर्भ में राज्यों की तैयारियों और अस्पताल के बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी दी गयी। उन्हें गर्मी से संबंधित आपदाओं की तैयारी के लिए देशभर में चल रहे विभिन्न प्रयासों और शमन उपायों के बारे में भी अपडेट किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों सहित विभिन्न हितधारकों जैसे मेडिकल पेशेवर, नगरपालिका और पंचायत प्राधिकरण, आपदा प्रतिक्रिया टीमों और अग्निशमन आदि के लिए अलग-अलग जागरूकता सामग्री तैयार की जानी चाहिए। अत्यधिक गर्मी की स्थिति से निपटने के लिए बच्चों को संवेदनशील बनाने के लिए स्कूलों में कुछ मल्टीमीडिया व्याख्यान सत्र शामिल करने का भी निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्म मौसम के लिए प्रोटोकॉल और क्या करें और क्या न करें, को सुलभ प्रारूप में तैयार किया जाना चाहिए। साथ ही, प्रचार के विभिन्न अन्य तरीके जैसे जिंगल्स, फिल्म, पैम्फलेट आदि भी तैयार और जारी किये जाने चाहिए।


प्रधानमंत्री ने आइएमडी से दैनिक मौसम पूवार्नुमान इस तरीके से जारी करने को कहा, जिसे आसानी से समझा और प्रसारित किया जा सके। इस बात पर भी चर्चा की गयी कि टीवी समाचार चैनल, एफएम रेडियो आदि दैनिक मौसम पूवार्नुमान को इस तरह से समझाने के लिए रोजाना कुछ मिनट खर्च कर सकते हैं, जिससे नागरिक आवश्यक सावधानी बरत सकें। प्रधानमंत्री ने सभी अस्पतालों के विस्तृत फायर ऑडिट की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि सभी अस्पतालों में अग्निशामकों द्वारा मॉक फायर ड्रिल की जानी चाहिए। जंगल की आग से निपटने के लिए समन्वित प्रयास की जरूरत भी बतायी गयी। इस बात पर चर्चा की गयी कि जंगल की आग को रोकने और उससे निपटने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रणालीगत बदलाव किये जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने निर्देश दिया कि जलाशयों में चारे और पानी की उपलब्धता पर नजर रखी जाये। भारतीय खाद्य निगम को प्रतिकूल मौसम की स्थिति में अनाज का इष्टतम भंडारण सुनिश्चित करने के लिए तैयार रहने को कहा गया। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, कैबिनेट सचिव, गृह सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सचिव और एनडीएमए के सदस्य सचिव ने बैठक में भाग लिया।

# डॉ माणिक साहा फिर से बनेंगे त्रिपुरा के मुख्यमंत्री



**अगरतला (हि.स.)।** डॉ. माणिक साहा फिर से त्रिपुरा के मुख्यमंत्री होंगे। त्रिपुरा विधानसभा में डॉ. साहा को विधायक दल का नेता चुना गया है। सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में विधायक प्रतिमा भौमिक ने मुख्यमंत्री पद के लिए डॉ. माणिक साहा के नाम का प्रस्तावित किया। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से उन्हें नेता चुन लिया गया। इस बीच, भाजपा सोमवार को राज्यपाल के सामने सरकार गठन का पत्र पेश किया। शाम सात बजे मुख्यमंत्री के रूप में विधायकों का समर्थन पत्र और सरकार गठन का पत्र राज्यपाल को डॉ. साहा ने सौंपा। जानकारी के अनुसार, 8 मार्च को डॉ. साहा मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। सोमवार की शाम पांच बजे से नवनिर्वाचित विधायकों का भाजपा के चुनाव कार्यालय में आना शुरू हो गया। उस बैठक में भाजपा के 32 विधायक शामिल हुए थे। इसके अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य, पार्टी नेता डॉ. महेश शर्मा, भाजपा पूर्वोत्तर प्रभारी संबित पात्रा, सांसद रेवती त्रिपुरा और असम के मंत्री परिमल शुक्लाबैद्य बैठक में मौजूद थे। दीप प्रज्वलित करने के बाद भाजपा की महिला विधायकों ने मंच पर उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। इसके बाद हुई बैठक में भाजपा विधायक दल के नेता के रूप में डॉ. माणिक साहा के नाम की घोषणा की गयी है।

## फिल्म 'प्रोजेक्ट के' के सेट पर घायल हुए अमिताभ बच्चन, शूटिंग रद्द



बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन फिल्म 'प्रोजेक्ट के' की शूटिंग के दौरान घायल हो गये हैं। इस बात की जानकारी खुद अमिताभ बच्चन ने दी है। अमिताभ बच्चन ने कहा कि हैदराबाद में 'प्रोजेक्ट के' की शूटिंग के दौरान एक एक्शन सीन शूट किया जा रहा था। इस दौरान उन्हें चोटें आयी हैं। हादसे में उनकी पसली में चोट लग गयी है। इस वजह से फिल्म की शूटिंग कैंसिल कर दी गयी है। इस बारे में बात करते हुए बच्चन ने कहा, हैदराबाद के एआइजी अस्पताल में भी स्कैन किया गया है। अब मैं घर वापस आ गया हूं... हालांकि, चलना बहुत मुश्किल है। हालात सामान्य होने में थोड़ा वक्त लगेगा। दर्द के लिए कुछ दवाएं भी दी जाती हैं। जो भी काम चल रहा था, उसे फिलहाल के लिए बंद कर दिया गया है। अब जब तक मैं बेहतर महसूस नहीं करूंगा तब तक कुछ नहीं करूंगा। 'प्रोजेक्ट के' इस समय मनोरंजन जगत की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। बताया जा रहा है कि फिल्म 'प्रोजेक्ट के' 2 पार्ट में रिलीज होगी। इस फिल्म के पहले भाग में कहानी में सस्पेंस देखने को मिलेगा। तो, इसके पीछे की कहानी दूसरे भाग में बतायी जायेगी। फिल्म 'प्रोजेक्ट के' को नाग अश्विन निर्देशित कर रहे हैं, जो एक साइंस फिक्शन फिल्म है। फिलहाल इस फिल्म का पहला पार्ट पूरी तरह से तैयार बताया जा रहा है।

### इमरान पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार, वारंट रद्द करने की याचिका खारिज

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सिर पर लटकती गिरफ्तारी की तलवार हटने का नाम नहीं ले रही है। अदालत ने उनके खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट रद्द करने की याचिका खारिज कर दी है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गत 28 फरवरी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने तोशखाना मामले में लगातार अदालत में पेश नहीं होने पर पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी के लिए गैर जमानती वारंट जारी किया था। अदालत के आदेश के अनुसार रविवार को इस्लामाबाद पुलिस की एक टीम इमरान खान को गिरफ्तार करने के लिए एक पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में लाहौर के जमान पार्क स्थित उनके आवास पहुंची थी, पर इमरान की गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

# पाकिस्तान में आतंकवादी हमला, 10 पुलिसकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान में राजनीतिक खींचतान के बीच आतंकी हमले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। सोमवार को बलूचिस्तान प्रांत में हुए एक आत्मघाती हमले में 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी। जबकि, 15 पुलिसकर्मी जख्मी हो गये, जिनमें से कइयों की हालत गंभीर है। बलूचिस्तान के सिबी और कच्छी सीमा पर स्थित बोलान इलाके में जोरदार धमाका हुआ। इसकी चपेट में आने से एक पुलिस वाहन पूरी तरह पलट गया। धमाका इतनी जोर का था कि उसे कई किलोमीटर दूर तक सुना गया। धमाके में 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गयी है, जबकि 15 पुलिसकर्मी जख्मी हो गये। जख्मी पुलिसकर्मियों में कइयों की हालत गंभीर बतायी गयी है। इससे मरने वालों की संख्या के बढ़ने की आशंका है। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। बताया गया कि बलूचिस्तान पुलिस के जवान ड्यूटी से वापस लौट रहे थे। उसी दौरान घात लगाकर आत्मघाती हमलावर ने पुलिस वाहन निशाना बनाया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और आत्मघाती हमला होने की बात कही है। हालांकि, इस बाबत विस्तृत जांच की प्रतीक्षा की जा रही है।

## जयशंकर ने भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की बैठक की सह-अध्यक्षता की

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने रूस के उपप्रधान मंत्री एवं व्यापार व उद्योग मंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ सोमवार को वर्चुअल बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग (आइआरआइजीसी-टीइसी) पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग की सह-अध्यक्षता की। दोनों पक्ष व्यापार घाटे और बाजार पहुंच के मुद्दों को संबोधित करने सहित भारत-रूस द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक संबंधों की पूरी क्षमता को अनलॉक करने के लिए मिलकर काम करने पर सहमत हुए।

विदेश मंत्रालय के अनुसार सह-अध्यक्षों ने नवंबर 2022 में मास्को में अपनी बैठक के बाद से ढांचे के तहत विभिन्न कार्य समूह और उप-समूह की बैठकों में प्राप्त प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने आइआरआइजीसी-टीइसी की अगली व्यक्तिगत बैठक के लिए मार्गदर्शन दिया। यह बैठक नयी दिल्ली में पारस्परिक रूप से सुविधाजनक तारीखों पर आयोजित की जायेगी। अंतर-सरकारी आयोग दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक सहयोग के क्षेत्रों में द्विपक्षीय प्रगति की नियमित निगरानी के लिए एक तंत्र है। यह मई 1992 में हस्ताक्षरित व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी सहयोग पर अंतर-सरकारी आयोग पर एक समझौते द्वारा स्थापित किया गया था। आइआरआइजीसी का पहला सत्र 13 और 14 सितंबर, 1994 को आयोजित किया गया था। अब तक इसकी 23 बैठकें हो चुकी हैं। आइआरआइजीसी का 23वां सत्र 14 सितंबर, 2018 को मास्को में आयोजित किया गया था। 24वीं आइआरआइजीसी-टीइसी बैठक की मेजबानी भारत द्वारा की जायेगी और आज की समीक्षा बैठक इसका मार्ग प्रशस्त करेगी।




# इंडस्ट्रीज और किसानों को मिलकर करना होगा काम : तोमर

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कृषि क्षेत्र के विकास के लिए इंडस्ट्रीज और किसानों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। तोमर ने सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में आयोजित 'उद्योग हितधारक परामर्श बैठक' को संबोधित करते हुए कहा कि आइसीएआर ने जो अनुसंधान किया है, उसका उपयोग इंडस्ट्रीज कैसे करें, एक-दूसरे से पूरक होकर इसे कैसे आगे बढ़ाएं, जमीनी स्तर पर काम करने वाली इंडस्ट्रीज क्या चाहती है, फीडबैक हो तो काम और बेहतर हो सकता है। कहा कि हमारे कृषि उत्पादों की अहमियत दुनिया में बढ़ी है। हमारे उत्पादों की गुणवत्ता अच्छी रहे, यह जिम्मेदारी सबकी है। अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करते हुए भारत कृषि क्षेत्र में श्रेष्ठता कैसे हासिल कर सकता है, उस दिशा में किसान से लेकर इंडस्ट्रीज, सभी को मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि दुनिया की भारत से अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में हमारी सोच होना चाहिए। दुनिया के राजनीतिक परिदृश्य पर भारत की बढ़ती हुई महत्ता को प्रतिपादित करने व इसे और मजबूत करने को व वर्ष 2047 (अमृत काल) तक भारत विकसित देश के रूप में खड़ा हो, इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए हमारे विमर्श की व्यापकता एवं सार्थकता होना अत्यंत आवश्यक है।

## फ्लिपकार्ट व अमेजन के पुतलों की व्यापारियों ने जलायी होली




**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सरकार की एफडीआइ नीति के निरंतर घोर उल्लंघन और अमेजन एवं फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों की मनमानी के खिलाफ अपना आक्रोश दर्ज कराने के लिए कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के झंडे तले व्यापारियों ने सोमवार को दिल्ली के घंटाघर, चांदनी चौक पर अमेजन और फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलायी। कैट के आह्वान पर देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक शहरों में व्यापारिक संगठनों ने इसी तरह के विरोध प्रदर्शन कर अमेजन एवं फ्लिपकार्ट के पुतलों की होली जलायी।

## वाणिज्य की खबरें

### सेंसेक्स में 689 और निफ्टी में 205 अंक तक की तेजी

**नयी दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार सोमवार को लगातार दूसरे और सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। होली के पहले बाजार में हुई इस खरीदारी के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। हालांकि, दिन के दूसरे सत्र के कारोबार में शेयर बाजार पर लिवाली की तुलना में बिकवाली का दबाव अधिक दिखायी दिया। इसके बावजूद, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों लगातार हरे निशान में बने रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.69 प्रतिशत और निफ्टी 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुए।

## कैट ने नेशनल ट्रेड पॉलिसी लाने की पहल का किया स्वागत

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (डीपीआइआइटी) की ओर से नेशनल ट्रेड पालिसी लाये जाने का कॉन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने स्वागत किया है। कैट ने एक बयान में कहा कि इस कदम से भारत के खुदरा व्यापार में निश्चित रूप से काफी बढ़ोतरी होगी। कैट लंबे समय से इस मांग को जोरदार तरीके से हर फोरम पर उठाता रहा है।

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने संयुक्त बयान में कहा है कि इस पॉलिसी में एक विशिष्ट प्रावधान होना चाहिए, जिसके अंतर्गत रिटेल व्यापार के केवल 20 प्रतिशत तक के हिस्से को ही ऑनलाइन बेचे जाने की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि इस पॉलिसी को लागू करने से पहले व्यापारियों को विश्वास में लिया जाना बेहद जरूरी है। कैट की ओर से कहा गया है कि भारतीय रिटेल बाजार का टर्नओवर सालाना 130 लाख करोड़ रुपये का है, जो हर साल 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। बयान में कहा गया है कि भारत में अर्थव्यवस्था के सभी वर्गों के लिए मंत्रालय भी है और पॉलिसी भी, किन्तु विशालकाय भारतीय रिटेल व्यापार के लिए न तो कोई मंत्रालय है एवं न कोई पॉलिसी। इसलिए राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति देश की अर्थव्यवस्था और व्यापार के लिए एक बूस्टर साबित होगी।

### सराफा बाजार

### सोना और चांदी में मामूली तेजी

**नयी दिल्ली।** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को सराफा बाजार में सोने की कीमत फ्लैट स्तर पर नजर आयी। दूसरी ओर, चांदी में मामूली तेजी का रुख नजर आया। लगातार दूसरे कारोबारी दिन भारतीय सराफा बाजार फ्लैट स्तर पर कारोबार करता नजर आया। माना जा रहा है कि सराफा बाजार में होली के बाद तेजी का रुख बनता हुआ नजर आ सकता है। आज सोने की कीमत में 5 रुपये प्रति 10 ग्राम की सांकेतिक तेजी दर्ज की गयी। इसी तरह, चांदी में भी आज मामूली तेजी दर्ज की गयी। इसकी कीमत में आज 154 रुपये प्रति किलोग्राम का मामूली उछाल आया।



स्पीड न्यूज

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह मना रही डालसा

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। महिला दिवस सप्ताह 4 से 11 मार्च तक आयोजित होगी। जिसके तहत सोमवार को रानेश्वर प्रखंड के सुदूर हरिपुर पंचायत के पाटूशाला गांव में महिलाओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत, रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता किरण तिवारी, नीलू रजक, लीगल ऐड डिफेंस काउंसिल, सहायक अंकित कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में सचिव श्री भगत ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने की परंपरा है। इस बार नालसा के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से यह कार्यक्रम 4 से 11 मार्च तक मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं को कानूनी रूप से जागरूक बनाना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। महिलाएं आज के दौर में किसी भी मामले में पुरुषों से कम नहीं है। देश के सर्वोच्च पद पर महिला आसीन है। संविधान भी लिंग आधारित भेदभाव को प्रतिबंधित करता है और इसके रोकथाम के लिए विभिन्न प्रकार के कानून बनाए गए हैं।

## धूमधाम के साथ मनाया गया बाहा पर्व

दुमका। दिसोम मांझी थान दुमका समिति के दिसोम मांझी बाबा बालेश्वर हेंब्रम के तत्वधान में दिसोम बाहा पर्व काफी हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर माझी बाबा ने कहा कि संतालों की सभ्यता संस्कृति परंपरा प्रकृति से जुड़ी हुई है। यह पर्व संतालो का सर्वप्रथम पर्व है। दिसोम जाहेर थान में दिसोम नायकी बाबा के द्वारा देवी देवताओं को आराधना कर पूजा अनुष्ठान की जाती है। इसके उपरांत प्रकृति के द्वारा प्रदत्त मंजर को इष्ट देव मरांग बुरु को समर्पित किया जाता है। यह पर्व परंपरागत रूप से होली के पूर्व ही संपन्न होता है और यह काफी पवित्र पर्व है। जिसमें संताल समाज में जल छिड़काव के द्वारा ही बाहा पर्व को मनाते हैं। संताल समाज में प्रकृति से जुड़ी हुई हर पर्व प्रकृति से संबंधित है।

## शांति समिति की हुई बैठक निकाली गई फ्लैग मार्च

**दुमका।** सौहादर्यपूर्ण महौल में होली पर्व मनाने को लेकर नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक की अध्यक्षता एसडीपीओ सदर मो नूर मुस्तफा ने किया। बैठक में सीओ, सदर यमुना रविदास एवं थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर नवल किशोर सिंह समेत शहर के तमाम गणमान्य उपस्थित हुए। बैठक में शांतिपूर्ण महौल में होली और शबे बारात मनाने को लेकर सभी प्रकार के भेदभाव को भुल भाईचारागी से पर्व मनाने का अपील स्थानीय प्रशासन ने समिति सदस्यों से की। एसडीपीओ, सदर मो मुस्तफा ने चेतावनी देते हुए कहा कि पुलिस शासन की सोशल मीडिया पर पैनी नजर होगी। थाना प्रभारी श्री सिंह ने होली पर्व में असमाजिक तत्वों की हरकतों की सूचना देने का अपील किया।

# बाबा नगरी में होली का आनंदोत्सव शुरू

## डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने अधिकारियों को दिये दिशा-

खबर मन्त्र संवाददाता



**देवघर।** बाबा नगरी देवघर में सोमवार से होली का आनंदोत्सव शुरू हो गया है। बाबा मंदिर इस्टेट की ओर से इस्टेट पुरोहित श्रीनाथ पंडित ने बताया कि सोमवार को पूरी रात बाबा का पट खुला रहेगा। बाबा की श्रृंगार पूजा नहीं होगी। इधर, भक्तों की भीड़ को देखते हुए देवघर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़ी तमाम तैयारियों को लेकर डीसी मंजूनाथ भजंत्री खुद मोर्चा संभाले हुए हैं। श्रीनाथ पंडित के मुताबिक होली की परंपरा को देखते सोमवार को पट बंद नहीं होंगे। दिनभर के जलार्पण के बाद शाम चार बजे 20 मिनट के लिए पट बंद कर फिर से खोला जायेगा। मंदिर महंत श्रीश्री गुलाबनंद ओझा बाबा बाबा पर गुलाल अर्पित करेंगे। शाम को भगवान कृष्ण व राधा को पालकी पर बैठा कर दोल मंच ले जाया जायेगा। इस दौरान रास्ते में पड़ने वाले सभी चौराहे पर पालकी को रोक कर मालपुआ का भोग लगाया जाएगा। दोल मंच पर पूरी रात भगवान कृष्ण को झूले पर झुलाया जाएगा। मंगलवार सुबह विशेष पूजा के बाद होलिका दहन होगा। फिर भगवान कृष्ण को मंदिर लाया जाएगा। सुबह 5:10 बजे हरिहर मिलन और बाबा बैद्यनाथ का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। होली को लेकर मंजूनाथ भजंत्री सोमवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था व विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान मंदिर प्रांगण का निरीक्षण कर होली के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर किए जाने वाले कार्यों, शीघ्र दर्शनम की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मंदिर प्रांगण में भीड़ व्यवस्थापन, क्राउड मैनेजमेंट व अतिक्रमण को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। इसके अलावा होली के अवसर पर विधि व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत चर्चा करते हुए मंदिर प्रशासन, बाबा मंदिर थाना को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाबा मंदिर में श्रद्धालुओं को मिलने वाली व्यवस्थाओं व सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने की बात कही। साथ ही थमाकोल और प्लास्टिक मुक्त बाबा मंदिर व आसपास के क्षेत्रों में दिन प्रतिदिन इसे और बेहतर करते हुए वैकल्पिक सामानों के उपयोग को बढ़ाने की बात की।

एक नजर में

## मारवाड़ी समाज में होलिका दहन का है विशेष महत्व

**दुमका।** रंगों का त्योहार होली को लेकर दुमका में लोगों के बीच गजब का उत्साह है। होली त्योहार की शुरूआत होलिका दहन से होती है। होली के एक दिन पूर्व होलिका दहन के लिए शहर के बच्चों एवं युवाओं के द्वारा चैक-चैराहों पर लकड़ी और गोयठा का ढेर जमा किया जाता है। परन्तु इस वर्ष मारवाड़ी समुदाय के लोग सोमवार की रात 12 बजे के बाद होलिका करेगें। उसे जला कर होलिका दहन की रश्म को पूरा किया जाता है। वहीं मारवाड़ी समाज में होलिका दहन का विशेष महत्त्व है। यहां पूरे विधि विधान के साथ होलिका दहन किया जाता है। मारवाड़ी समाज द्वारा यहां के अग्रसेन भवन चैक पर होलिका दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसके लिए महिलाएं गोबर की बड़कुला और होलिका तैयार करती हैं। महिलाओं द्वारा तैयार बड़कुला व होलिका को शहर के अग्रसेन भवन चैक पर जमा किया जाता है और पूरे विधि विधान के साथ होलिका दहन किया जाता है। मारवाड़ी समाज में होलिका दहन को नव विवाहित महिलाओं के लिए शुभ माना जाता है। मारवाड़ी समाज के सामाजिक कार्यकर्त्ता पिंटु अग्रवाल ने बताया कि होलिका दहन के दिन महिलाएं और नव विवाहिता होलिका पूजन के लिए जाती है। नव विवाहिता होलिका की परिक्रमा कर अपने सुखमय जीवन की कामना करती हैं। होलिका दहन के दिन महिलाएं अरंडी के पेड़ को भक्त प्रहलाद का रुप मान कर उसकी पूजा करती हैं। मारवाड़ी समाज में होलिका दहन के बाद गणगोर उत्सव का आयोजन होता है। महिलाएं माता गणगोर की पूजा के लिए होलिका की राख अपने घर लाती हैं। दुमका में मारवाड़ी समाज की ओर से पूरे धूमधाम से होलिका दहन किया जाता है। इस बार भी पूरे विधि-विधान के साथ होलिका दहन की तैयारी की गई है।

## जहर खिला पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

**दुमका।** जहर खिलाकर पत्नी की हत्या के आरोप में मुफस्सिल थाना पुलिस आरोपी पति को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी पति थाना क्षेत्र के लखीकुंडी निवासी विमल मोहली है। जानकारी के अनुसार पति विमल मोहली पर 26 वर्षीय पत्नी बसंती देवी को कीटनाशक खिला हत्या का आरोप उसके ससुराल वाला ने लगाया। पुलिस को जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के डांडो गांव निवासी शनिचरिया देवी, पति गोपाल मोहली ने पुलिस को लिखित शिकायत कर दामाद पर बेटी का हत्या का आरोप लगाया। आवेदन में बताया कि उसकी बेटी को उसका दामाद अक्सर शराब के नशे में घर आकर मारपीट करता था। विवाद सुलझाने को लेकर महिला थाना में काउंसेलिंग पर किया गया। इसके बावजूद दामाद ने जहर खिला बेटी की हत्या कर दी। बसंती को एक ढ़ाई साल की बेटी भी है। पुलिस मामले में शनिचरिया देवी के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। मामले में थाना प्रभारी नितीश कुमार ने बताया कि विवाहिता के मां के बयान पर पुलिस हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पूर्व में भी आरोपी पति अक्सर पत्नी को प्रताड़ित किया करता था। प्रथम दृष्टया में जहर खाने से मौत प्रतित होती है। पुलिस मामले में जांच में जुट गई है।

## धारदार हथियार से अज्ञात अपराधियों ने सोए हुए व्यक्ति की गला रेत कर दी हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**काठीकुंड।** तेज धारदार हथियार से थाना क्षेत्र के केंदपहाड़ी गांव के पहाड़िया टोला के 44 वर्षीय मुना देहरी की हत्या अज्ञात अपराधियों ने कर दी। घटना बीते रात करीब 11.30 बजे की बतायी जा रही है। अज्ञात अपराधियों ने तेजधार हथियार से गला रेत हत्या कर दिया गया। परिजनों ने बताया की मुन्ना देहरी रात में परिवार के साथ खाना खा कर अपने घर में पत्नी के संग सोया था। जब वह जोर से आवाज दिया तो पत्नी देखी की उनकी गला से रक्त की धार बह रही थी और एक व्यक्ति मुंह पर कपड़ा लपेट कर हाथ में हथियार से दुबारा गले में वार कर भाग निकला। पत्नी ने चिल्लाकर आस-पास के लोगों को आवाज लगाई तो गांव के लोग घटना स्थल पर एकत्रित हुए, तो देखा की मुन्ना देहरी तड़प रहा है। कुछ देर बाद मुन्ना देहरी तड़प कर दम तोड़ दिया। जिसके बाद ग्रामीणों ने बताया की रात को करीब दो बजे काठीकुंड पुलिस को सूचना दिया गया था। लेकिन

# सीएसपी संचालक से दो लाख की लूट

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासुकिनाथ।** दिनदहाड़े सीएसपी केंद्र में लूटपाट की घटना को अंजाम देने आये चार हथियारबंद अपराधियों में एक अपराधी स्थानीय ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गये। घटना जरमुंडी थाना क्षेत्र के पालोजोरी में दोपहर 12:30 बजे घटी। हथियारबंद अपराधियों को देख लोगों में दहशत फैल गया। इस घटना में बाइक सवार चार हथियारबंद अपराधियों ने सीएसपी संचालक प्रकाश मंडल से लगभग 2 लाख रुपए लूट लिये। घटना के दौरान अपराधियों की गोली मार रूशन राय नामक एक ग्रामीण घायल कर दिया। अपराधियों की गोली रूशन के कनपटी को छूते हुए निकल गई। जानकारी के अनुसार बीच-बचाव के लिए पहुंचे रूशन राय के ऊपर अपराधियों ने गोली चला दी। इसके बाद ग्रामीणों ने साहस का परिचय देते हुए एक अपराधी को खदेड़ कर पकड़ लिया। जिसकी ग्रामीणों ने धुनाई कर दिया। उधर मामले की जानकारी मिलते ही जरमुंडी पुलिस मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के चुंगल से छुड़ा अपराधी को हिरासत में लिया। बाद में घायल ग्रामीण एवं अपराधी को इलाज के लिए जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां अपराधियों की गोली से घायल रूशन राय का प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायल अपराधी को पुलिस अभिरक्षा में बेहतर इलाज के लिए फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। घटना में प्रयुक्त अपराधियों से अमेरिकी निर्मित रिवाल्वर बरामद की है। मामले को लेकर थाना प्रभारी दयानंद साह ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी देवघर जिला के मोहनपुर थाना क्षेत्र के बुढ़ीकुरूवा गांव निवासी लक्ष्मण कुमार है। पुलिस विभिन्न बिन्दुओं पर अनुसंधान में जुट गई है।

### ग्रामीणों के अदम्य साहस से पकड़ाया अपराधी

# खेल में बेहतर कर भी बनाया जा सकता है करियर : सांसद

खबर मन्त्र संवाददाता



सांसद खेल महोत्सव में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते सांसद व अन्य

**दुमका।** पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, खेलोगे कूदोगे होगे खराब। अब यह बातें अप्रासंगिक हो चुकी हैं। आज खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर भी बेहतर से बेहतर करियर बनाया जा सकता है। झारखंड सहित देश में अनेक ऐसे खिलाड़ी है, जो खेल के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर दौलत और शोहरत दोनों कमा रहे हैं। दुमका लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुनील सोरेन ने दुमका के इंडोर स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय सांसद खेल महोत्सव के समापन के अवसर पर अपने संबोधन में उक्त बातें कहीं। कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में कई सारे प्रतिभावान खिलाड़ी मौजूद है, परंतु उन्हें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का उचित मंच नहीं मिल पाता। उन्हीं प्रतिभाओं को उचित मंच देने के उद्देश्य से ही सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया था। अवसर पर मौजूद सारठ विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्व कृषि मंत्री रणधीर सिंह ने खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश का सर्वांगीण विकास करना चाहते हैं। ग्रामीण युवाओं की शक्ति को पहचानते हुए उन्होंने सभी संसदीय क्षेत्रों में खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर दिया है। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले खिलाड़ी भी खेल के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बना सकते हैं। अपने शुभकामना संदेश में देवघर के विधायक नारायण दास ने कहा कि खेल में हार और जीत की बजाय खेल भावना ज्यादा महत्वपूर्ण होता है। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी सोच के अनुसार ही युवा शक्ति को एक नई दिशा देने हेतु खेलो इंडिया कार्यक्रम पूरे देश में चलाया जा रहा है। अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा,सांसद प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह मुन्ना, भाजपा के महामंत्री विवेक राय, दुमका भाजपा के जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन, पूर्व कृषि मंत्री बाटुल झा,भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जवाहर मिश्रा एवं बिट्टू सिंह, जिला परिषद सदस्य विमान सिंह, मुन्ना मिश्रा गायत्री जायसवाल,अंजुला मुर्मू, पंकज भदोरिया आदि मौजूद थे।

## मुखिया ने की लोदोडीह अस्पताल के खराब चापाकल मरम्मत की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** गोपीनाथपुर पंचायत के मुखिया सह झामुमो नेता सेलाय मुंडा पंचायत अन्तर्गत लोदोडीह कल्याण अस्पताल में पेयजल सुविधा बहाल करने की मांग की है। इसके लिए उन्होंने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को ग्रामीणों का एक हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपा है। पत्र में मुखिया ने कहा है कि लोदोडीह स्थित कल्याण अस्पताल का चापाकल पिछले एक महीने से खराब पड़ा हुआ है। इलाज के लिए आने वाले मरीजों को गर्मी के दिनों में पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। उन्होंने पीएचइडी विभाग के कार्यपालक अभियंता से खराब पड़ चापाकल को जल्द ठीक कर पेयजल सुविधा बहाल करने की मांग की है।

## 11 हजार केवी लाइन की चपेट में आने से मिस्त्री की मौत

**चक्रधरपुर।** 11 हजार केवी लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना सोमवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जंगीपुर निवासी 36 वर्षीय मिस्त्री नाजिबुल शेख अपने साथियों के साथ चक्रधरपुर शहरी क्षेत्र अंतर्गत बांग्लाटाड के एक मकान में प्लास्टर का काम कर रहा था। इसी दौरान मजदूर नाजिबुल शेख 11 हजार वोल्ट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद साथियों ने उसे आनन-फानन में अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने जांच करने के उपरांत नाजिबुल शेख को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर चक्रधरपुर थाना पुलिस अनुमंडल अस्पताल पहुंची। घटना को लेकर मृतक के साथी मजदूरों से पूछताछ की कार्रवाई की। इधर घटना की जानकारी मृतक के स्वजनों को भी दे दी गई है।

# आंसुओं से नहीं परिश्रम से मुकाम मिलता है : नरगिस

खबर मन्त्र संवाददाता

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष



**चक्रधरपुर।** 1967 में चक्रधरपुर में जन्मी सृजन महिला विकास मंच की सचिव नरगिस खातून आज किसी परिचय की मोहताज नहीं है। नरगिस खातून ने कठिन परिश्रम के बल पर न सिर्फ अपनी पहचान बनाई, बल्कि महिलाओं की प्रेरणास्त्रोत भी बन चुकी है। मात्र 13 वर्ष की उम्र में विवाह जैसे बंधन में बंधने के बादजूद समाज के लिए कुछ कर गुजरने की तमन्ना लिए नरगिस खातून ने घर की दहलीज जब लांघी, तो उनकी राह इतनी आसान नहीं थी। उस वक्त रूढ़िवादी समाज की नकारात्मक टिप्पणियों से उनका सामना हुआ था। लेकिन दृढ़निश्चय और कठिन परिश्रम की वजह से आज उन्होंने न केवल अपने उद्देश्य की प्राप्ति में खासी सफलता पाई, बल्कि समाज में सम्मान भी अर्जित किया। वे कहती हैं आंसूओं से नहीं कठिन परिश्रम से ही आपको मुकाम मिलता है। विवाह के 15-16 वर्षो बाद चाईबासा में विद्यालय के एक कार्यक्रम के दौरान सिस्टर अरूणा व फादर सिरिल फनार्डीस से प्रेरणा पाकर नरगिस के दिल में समाज के वंचित तबके के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा आया। इसके बाद उन्होंने फिर से पढ़ाई शुरू की और सिलाई-कढ़ाई जैसे कई प्रशिक्षण प्राप्त किए। इस दौरान कई मुश्किलें भी सामने आईं। उस वक्त सिस्टर अरूणा एलिस ही थीं, जिन्होंने मुश्किल घड़ी में उन्हें हौसला दिया। मदर टेरेसा को आदर्श मानने वाली नरगिस को बचपन की सहेली जोहरा खातून ने भी काफी मदद की। 1999-2000 में नरगिस ने सृजन महिला विकास मंच नामक संस्था का निबंधन कराने के बाद 2001 से 2005 तक बाल श्रमिक विशेष विद्यालय का चक्रधरपुर अनुमंडल में संचालन किया। 2002 से 2004 तक प्रौढ़ महिलाओं के लिए संक्षिप्त शिक्षा पाठ्यक्रम का सोनुवा एवं चक्रधरपुर में 2006 से 2008 तक संचालन किया। वर्ष 2005 में 50 मंदबुद्धि बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय का संचालन आरंभ किया, जो अब भी जारी है। इसके अलावा चाईबासा में भी आशा किरण नामक विद्यालय उन्होंने खोला है। कामकाजी महिलाओं के लिए कई गांवों में पालनाघर का भी संचालन किया। पारिवारिक विवादों के निपटारे के लिए परिवार परामर्श केन्द्र चलाया। महिलाओं को सशक्त बनाने को विभिन्न कार्यों का प्रशिक्षण देकर हजारों से अधिक को अपने पैरों पर खड़ा कर चुकी हैं। वे चार दर्जन से अधिक स्वयं सहायता समूह का गठन कर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ चुकी हैं। नरगिस का वर्तमान में इन कार्यों के अलावा गुमशुदा बच्चों व महिलाओं के पलायन पर ध्यान केंद्रित है। इसके लिए चाईबासा में छाया बालिका गृह संचालित कर रही हैं। मूक बधिर बच्चों के लिए आवासीय विद्यालय चला रही हैं, जिसमें वर्तमान में 83 बच्चे हैं। साथ ही मंदबुद्धि एवं दिव्यांग बच्चों का भी स्कूल खोला है, यहां 30 बच्चे हैं। वे महिलाओं का रोजगार के लिए पलायन को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के इरादे से कार्य कर रही हैं। चक्रधरपुर व खूंटपानी प्रखंड के दस गांवों में फिलहाल उन्होंने निगरानी समिति का गठन किया है, ताकि लड़कियां कहीं भी कार्य करने जाए, तो समिति को पूरी जानकारी देकर जाए। इन इलाकों में युवतियों को विभिन्न प्रशिक्षण भी दिए जा रहे हैं।

# प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक पलाश का फूल, झारखंड की आदि संस्कृति में रची बसी

खबर मन्त्र टीम



**जामताड़ा ।** वसंत ऋतु आने के साथ ही प्रकृति अंगड़ाई लेती है और पेड़ों, फूल पत्तियों में रौनक छाने लगती है. पेड़-पौधों में नयी-नयी कोपलें फूटने लगती हैं। फूलों के चटक रंगों के साथ प्रकृति एक नयी आभा में खुद को समाहित कर लेती है। इसी में सबसे खास है प्राकृतिक सुंदरता का प्रतीक पलाश का फूल, जिसने झारखंड की आदि संस्कृति को बांधे रखा है। जामताड़ा समेत पूरे संथाल परगना में पलाश के फूलों से वातावरण खिल रहा है। झारखंड का राजकीय फूल पलाश, यहां की आदि संस्कृति में रची बसी है। आदिवासी संस्कृति में पलाश फूल का महत्व काफी है। इसके अलावा धार्मिक अनुष्ठान में पलाश के पौधे और फूल का इस्तेमाल किया जाता है। बसंत के आगमन के साथ ही झारखंड के जंगली इलाकों में पलाश के फूल फूटने लगते हैं। होली में पलाश के फूल से रंगों का निर्माण कर उससे ये उत्सव मनाया जा है।

**सुगंध और सुंदरता में चार चांद :** पलाश के फूल अपनी महक और सुंदरता से प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगा रहे हैं। यहां स्थित जंगलों में चारों तरफ पलाश के फूल काफी आकर्षक बने हुए हैं। पलाश के फूल अपनी खुशबू और चटक लाल रंग से प्रकृति की सुंदरता को और निखार रहे हैं। वसंत ऋतु के आगमन के साथ ही पलाश के पौधे पर फूल उग आते हैं। पलाश के फूलों से होली का रंग बनाने की भी परंपरा है। आदि संस्कृति में इन्हों का इस्तेमाल कर होली खेली जाती है।

**आदिवासी संस्कृति में पलाश का फूल महत्व :** पलाश के फूल झारखंड और पौधे आदिवासी और झारखंड की संस्कृति से जुड़ा हुआ है और इसकी अलग पहचान है। आदिवासी परंपरा रीति रिवाज और धार्मिक दृष्टिकोण से पलाश के फूल और पौधे का काफी महत्व है। आदिवासी समाज में इसके फूल पत्ते पारंपरिक रीति रिवाज धार्मिक अनुष्ठान में उपयोग किया जाता है। पलाश के फूल और पौधे आदिवासी और धार्मिक संस्कृति से जुड़ा हुआ है और पर्यावरण के लिए भी काफी महत्वपूर्ण है।

**भारतीय संस्कृति में पलाश का महत्व :** एक निर्जन भूखंड को चमक से जोड़ते हुए, पलाश के फूल सतपुड़ा के समृद्ध काल को चिह्नित करते हैं। यह फूलों की भाषा के सबसे शक्तिशाली रूपों में से एक है, जिसकी व्याख्या पलाश पुष्पक्रम के माध्यम से की जाती है, जो होली का प्रतीक होने के नाते, रंगों का त्योहार, खुशी और उत्सव से जुड़ा हुआ है। पलाश जिसे पलास, छूल, परसा, ढाक, टेसू, किंशुक, केसू भी कहा जाता है। इस वृक्ष के फूल काफी आकर्षक होते हैं। इसके आकर्षक रंगों में समाहित फूलों के लाल रंग की वजह से इसे जंगल की आग भी कहलाता है। ऐसा कहा जाता है कि वृक्ष, अग्नि और युद्ध के देवता अग्नि का यह एक रूप है। दक्षिण के राज्य तेलंगाना में शिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव की पूजा में इन फूलों का विशेष रूप से उपयोग किया जाता है।

**रंग और गुलाल तैयार कर खेलते हैं होली :** स्थानीय लोग पलाश के फूल से प्राकृतिक रंग और गुलाल तैयार करते हैं। इस प्राकृतिक रंग और गुलाल से ही ग्रामीण होली खेलते हैं। स्थानीय लोग बताते हैं कि पलाश के फूल कई तरह के होते हैं, इसमें लाल रंग वाले पलाश के फूल से रंग तैयार किया जाता है।

## आदिवासियों का बाहा पर्व

बसंत के आते ही पलाश के पेड़ों पर चटक नारंगी रंग के फूल खिलने लगे हैं। आदिवासी समाज फाल्गुन में ही होली खेलते हैं, जिसे बाहा पर्व कहा जाता है। इसकी खासियत है कि होली में बाजार के रंगों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। जनजातीय समुदाय के लोग बाहा में सादा पानी ही एक-दूसरे पर डाल कर होली मनाते हैं। इस पानी में रातभर पलाश के फूलों को डूबाकर रखा जाता है और पानी के इन्हीं रंगों से होली खेली जाती है। आदिवासी समाज की महिलाएं पलाश फूलों से श्रृंगार करती हैं। बसंत की शुरूआत में पलाश फूल खिलने के बाद जब तक उससे जाहेर थान में पूजा नहीं हो जाये तब तक महिलाओं को इस फूल को जूड़े में लगाने की मनाही होती है।

## औषधीय गुणों वाला पलाश

पलाश के फूल औषधीय गुणों से भरे हुए हैं, इसके अलावा इसकी पत्ती, छाल और बीज का इस्तेमाल भी विभिन्न दवाइयों के रूप में किया जाता है। औषधीय गुणों के कारण इससे त्रिदोष में वात और कफ के लिए दवाएं बनायी जाती है। आयुर्वेद में पलाश के बीज का काफी महत्व है, इसके बीज को पीसकर पेट के कीड़ों को नष्ट किया जाता है। पलाश के फूल एंटी इंफ्लेमेटरी गुणों से भरा है, इसका उपयोग शरीर में सूजन और मोच में भी किया जाता है। पलाश के फूलों का पेस्ट बनाकर लगाने से तेजी से रिकवर भी होता है। इसके अलावा पलाश के फूल शरीर की हाई ब्लड प्रेशर और शुगर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

## ग्रामीण इलाकों के लिए रोजगार का साधन

वन विभाग के अधिकारी के अनुसार पलाश के पौधे और फूल को झारखंड के लिए काफी महत्वपुर्ण और गुणकारी पौधा है। इसके पेड़ और पौधे में लाह की खेती होती है, जिससे ग्रामीण इलाकों के लिये रोजगार का साधन भी है। इसके अलावा इन पत्तों का इस्तेमाल पत्तल बनाने और कई इलाकों में बीड़ी पत्ते के रूप में भी इस्तेमाल किया जाता है, जिसकी वजह से पलाश के पेड़ ग्रामीणों को रोगजार भी प्रदान करता है।